सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 20.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,013.96 |
| निफ्टी | 25,423.60 |

सोना 1,13,200 चांदी 1,31,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 | 4 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 262, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### आतंकी दानिश के ठिकाने पर दिल्ली पुलिस की रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड में छापेमारी की। हाल ही में गिरफ्तार आतंकी दानिश की निशानदेही पर यह रेड की गई, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक, खासकर पोटेशियम नाइट्रेट बरामद हुआ। दानिश को 10 सितंबर को रांची से गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल पुलिस और एटीएस मिलकर दानिश के नेटवर्क और उसके सहयोगियों की जांच में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

### दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामला फरार 2 बदमाशों पर 1-1 लाख का इनाम

**एजेंसी, बरेली।** अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यूपी एसटीएफ ने 17 सितंबर को गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी में मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश रविंद्र और अरुण को मार गिराया। दोनों एनकाउंटर में घायल हुए थे और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अब भी फरार बदमाश नकुल और विजय तोमर की तलाश कर रही है, जिन पर एक-एक लाख का इनाम घोषित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### गायक हनी सिंह का 6 साल पुराना केस खत्म

**एजेंसी, मोहाली।** रैपर यो यो हनी सिंह (हरदेश सिंह औलख) को मोहाली की राष्ट्रीय लोक अदालत से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने 2018 के उनके चर्चित गाने मखना में महिलाओं के खिलाफ कथित अपमानजनक और अश्लील शब्दों के इस्तेमाल से जुड़े छह साल पुराने मामले में पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर एफआईआर रद्द कर दी। यह केस पंजाब महिला आयोग द्वारा दर्ज करवाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### विधायक संजय अवस्थी की शिकायत पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का मामला तूल पकड़ गया है। इस संबंध में विधायक ने थाना सदर शिमला में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला सोशल मीडिया के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश से जुड़ा बताया जा रहा है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दरकोटी में 3 घंटे बंद रहा एनएच निर्माण कंपनी पर फिर उठी अंगुलियां -पेज 2
- स्वारघाट में तेज बारिश ने मचाया कहर, खेत-खलिहान तबाह -पेज 6
- 423 ग्राम अफीम के साथ हरियाणा निवासी गिरफ्तार -पेज 9
- पंजाबी गायक और एक्टर रोशन प्रिंस ने चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी -पेज 10
- सायर उत्सव: अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली जोड़ी के नाम -पेज 12


# राहुल गांधी का दावा-डिलीट हुए वोटर्स के नाम चुनाव आयोग बोला-ऑनलाइन नहीं होते डिलीट

## प्रेजेंटेशन में लगाए वोट चोरी के आरोप, जिनके नाम कटे, उन्हें स्टेज पर बुलाया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वीरवार को 'वोट चोरी' पर दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इससे पहले उन्होंने 7 अगस्त को मीडिया से बात की थी। राहुल ने 31 मिनट के प्रेजेंटेशन में वोट चोरी के आरोप लगाए और सबूत दिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जान-बूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है।

राहुल इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे वोटर्स को भी लेकर आए, जिनके नाम वोटर्स लिस्ट से डिलीट किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने फिर कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है। राहुल ने कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की। इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है। हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए। इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया।

उन्होंने कहा कि हुआ यूं कि वहां की एक बूथ-लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट डिलीट हो गया है। उसने जांच की तो पाया पड़ोसी ने वोट डिलीट किया था। बीएलओ ने उससे बात की। जब उसने अपने पड़ोसी से पूछा तो उसने कहा कि मैंने कोई वोट डिलीट नहीं किया। यानी न तो जिस व्यक्ति ने वोट डिलीट किया और न ही जिसका वोट डिलीट हुआ दोनों को इस बारे में कुछ पता नहीं था। असल में किसी और ताकत ने सिस्टम को हाईजैक करके ये वोट डिलीट किए थे।

वहीं, भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोपों को निराधार और गलत बताते हुए उनका खंडन किया है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन वोट डिलीशन संभव नहीं है और किसी मतदाता को सुनवाई का मौका दिए बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता है। चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी आम नागरिक की तरफ से किसी भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता। (अनंत ज्ञान)

### राहुल के सवाल

- भाजपा पर एंटी-इनकंबेंसी का असर नहीं होता, जबकि बाकी दल प्रभावित होते हैं।
- पहले कम तकनीक में चुनाव जल्दी होते थे, अब महीनों तक चलते हैं।
- चुनाव आयोग सीसीटीवी फुटेज इसलिए नहीं देता ताकि कोई सबूत न बचे।
- न्यायपालिका को इंसाफ के लिए इस मामले में दखल देना चाहिए।

### मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को मिली मंजूरी

# हिमाचल में बढ़ेगा पर्यटन कारोबार युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को हरी झंडी दे दी है। इस योजना से न केवल पर्यटन कारोबार को नई दिशा मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, योजना के अंतर्गत नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना और मौजूदा होम-स्टे इकाइयों के विस्तार व अपग्रेडेशन के लिए सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होगा। शहरी क्षेत्रों में तीन प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में चार प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में पांच प्रतिशत तक ब्याज उपदान (सब्सिडी) दिया जाएगा। यह सुविधा अधिकतम तीन वर्षों तक और दो करोड़ रुपए तक के ऋण पर उपलब्ध होगी।

बताया गया कि होम-स्टे महंगे होटलों के स्थान पर किफायती विकल्प हैं। इनमें ठहरने वाले पर्यटक न केवल बेहतर सुविधाएं प्राप्त करेंगे, बल्कि स्थानीय परंपराओं, व्यंजनों और संस्कृति से भी रू-ब-रू होंगे। इससे पर्यटकों का ग्रामीण इलाकों में अधिक समय तक ठहराव बढ़ेगा और स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। योजना से पर्यटन उद्योग को औपचारिक रूप मिलेगा और स्टार्ट-अप्स के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

**पर्यावरण संग सतत विकास का लिया संकल्प**

प्रदेश अपने स्वच्छ पर्यावरण, नदियों, जंगलों, धार्मिक स्थलों और सुरम्य घाटियों के कारण हमेशा पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। वर्तमान में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र का राज्य की जीडीपी (आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25) में योगदान 7.78 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सतत पर्यटन को प्रोत्साहन और निजी उद्यमियों को मजबूत आधार देने की सोच शामिल है।

# हाईकोर्ट ने सनवारा टोल बैरियर 40 दिन बंद करने के दिए निर्देश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे पर स्थित सनवारा टोल बैरियर को 20 सितंबर से 30 अक्तूबर तक बंद करने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सड़क की खस्ता हालत और सामान्य सुविधाओं की कमी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए यह सख्त निर्देश जारी किए।




कोर्ट ने जिलाधीश सोलन को नेशनल हाईवे अथॉरिटी को हर संभव सहयोग देने और कानून-व्यवस्था का आकलन करने के आदेश दिए हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग को कैथली घाट से शिमला तक सड़क सुधारने और खासतौर पर शोघी औद्योगिक क्षेत्र की खराब हालत वाली सड़क को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

हाईकोर्ट ने एनएचएआई से पूछा है कि जगह-जगह अव्यवस्थित टोल बैरियर क्यों लगाए गए हैं और तीन सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। अदालत ने माना कि सनवारा और टिंबर ट्रेल के पास लगे बैरियर यातायात को बाधित कर रहे हैं, जिससे आम जनता, विशेषकर हिमाचल पंजीकृत वाहनों को लंबी कतारों में फंसना पड़ता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि साझा संग्रह केंद्र या वैकल्पिक स्थान पर शुल्क वसूला जा सकता है, ताकि यातायात बाधा मुक्त हो सके। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्तूबर को होगी।

# भारत पर 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ खत्म हो सकता है और 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ में भी कटौती हो सकती है। यह बात देश के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि मुझे लगता है कि 30 नवंबर के बाद ये टैरिफ नहीं रहेंगे। ये कोई पक्की जानकारी या सबूत पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में टैरिफ और जवाबी टैरिफ पर कोई हल निकल आएगा।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले- 30 नवंबर के बाद रह जाएगा टोटल टैरिफ 10-15 प्रतिशत

सीईए नागेश्वरन ने संकेत दिया कि अभी 25 प्रतिशत का जवाबी टैक्स 10-15 के दायरे में आ सकता है। उन्होंने कहा कि पूरी टैरिफ की समस्या अगले 8-10 हफ्तों में सुलझ सकती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और भारत के संबंध फिर से ट्रैक पर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### रहस्यमयी मौत मामले में सीबीआई का बड़ा खुलासा

# थाना सदर में ही फॉर्मेट की गई थी विमल नेगी की पेन ड्राइव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के मामले में अब बड़ा मोड़ सामने आया है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नेगी के शव से बरामद पेन ड्राइव को शिमला के थाना सदर में ही फॉर्मेट किया गया। यह वही पेन ड्राइव है जिसे केस का सबसे अहम सबूत माना जा रहा था।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**



जानकारी के अनुसार इस मामले में सीबीआई पहले ही थाना सदर में तैनात रहे एएसआई पंकज शर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। उन पर सबूत छिपाने और पेन ड्राइव मिटाने का आरोप है। अब यह साफ हो गया है कि पेन ड्राइव को थाने में लाकर ही फॉर्मेट किया गया, जिससे मामले ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया है। अदालत ने एएसआई को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

विमल नेगी के परिवार ने कहा है कि वे अब निष्पक्ष और तेज न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है कि पेन ड्राइव फॉर्मेट होने के बाद असली साजिश सामने लाना और भी जरूरी हो गया है। अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 26 सितंबर को करेगी।

# कोटला नाले ने मचाया कहर, झाड़माजरी के उद्योगों को करोड़ों का नुकसान

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**



कोटला और जसुआना नाले में आए जल सैलाब के बाद तबाही का मंजर।

**बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी के ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र जसुआना की पहाड़ियों में हुई तबाही बादल फटने की घटना से कम नहीं है। बुधवार रात तेज बारिश और आसमान में तेज गर्जना से सहमे लोग रातभर सो नहीं पाए।

कोटला से निकलने वाले 2 नालों ने औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी में ऐसी तबाही मचाई है जिसके जख्म भरना भी मुश्किल है। जसुआना नाले ने सबसे पहले बद्दी टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (बीटीटीआई) को अपना निशाना बनाया और फिर इससे नीचे उद्योगों को बर्बाद करके रख दिया। तबाही का यह मंजर करीबन 4.30 बजे ऊपरी क्षेत्र से शुरू हुआ और करीबन 5 बजे औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी में तबाही मच गई। बीटीटीआई का पीछे का डंगा टूटने की वजह से पूरे इंस्टीट्यूट के अंदर से पानी का सैलाब निकला, जो के 5 फुट के करीब था। इंस्टीट्यूट की मशीनरी, लैब समेत सारा हिस्सा जलमग्न हो गया। कैंटीन से 4 लोगों को रस्से डालकर बाहर निकाला गया। बीटीटीआई का करीब एक करोड़ से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है।

वहीं, कोटला व जसुआना नाले में आए उफान के चलते कोलबस शूज के 2 प्लांट समेत आधा दर्जन से अधिक उद्योगों में पानी घुसने से करोड़ों के नुकसान की आशंका है। कोटला नाले के साथ लगते लाइफ विजन उद्योग का पिछला हिस्सा और मशीनरी बह गई। वहीं, एक्सेल लैब उद्योग डंगा धंसने से उद्योग का पीछे का हिस्सा बर्बाद हो गया, जबकि साथ लगता एक अन्य उद्योग भी खतरे की जद में है। हिल टॉप इंडस्ट्री एरिया को जाने वाले रास्ते पर बने नाले ने बीती रात 2 उद्योगों को तो बर्बाद करके रख दिया। कोलबस शूज के दोनों यूनिट में पानी भर गया और एक उद्योग का पिछला क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं साथ लगते करीबन आधा दर्जन उद्योगों में पानी घुसने के चलते करोड़ों के नुकसान की आशंका है। सुबह करीबन 5 बजे हरिपुर पहाड़ी क्षेत्र की तरफ से आने वाले दोनों नाले उफान पर थे। इन नालों ने उद्योगों, सड़कों, बिजली के खंबों, पुलियों, सड़कों को तबाह करके रख दिया। वहीं, झाड़माजरी औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

### चमोली में बादल फटा; कई घर क्षतिग्रस्त, 20 लोग घायल, 14 लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली में बुधवार देर रात दो जगहों पर बादल फटने से भारी तबाही हुई है। यह आसमानी आफत देवभूमि में इस हफ्ते के अंदर हुई दूसरी घटना है। इस बार चमोली के नंदानगर में बादल फटने और भारी बारिश से नुकसान हुआ है। लोगों के घरों के अंदर मलबा और पानी भर गया है। वहीं, अब तक कुल 6 घरों को नुकसान हुआ है और 2 लापता लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया है। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हो गए हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में लग गई है। एनडीआरएफ की टीमें भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी हैं। नंदानगर के कुंतरी और लंगाफली को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। घटना के बाद बद्रीनाथ हाइवे को बंद कर दिया गया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के नंदनगर घाट क्षेत्र में भारी बारिश से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बात कर प्रभावित लोगों की सुरक्षित निकासी, घायलों को इलाज और राहत सामग्री की आपूर्ति तेज करने के निर्देश दिए हैं।

### 3500 करोड़ रुपए का शराब घोटाला

# ईडी ने आंध्र प्रदेश समेत 5 राज्यों में की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार आंध्र प्रदेश के कथित 3500 करोड़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में देश के कई राज्यों में छापेमारी की। यह कार्रवाई हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली-एनसीआर में करीब 20 ठिकानों पर की गई।

ईडी के अनुसार, जांच उन कंपनियों और व्यक्तियों पर केंद्रित है जिन पर फर्जी और बढ़े हुए बिलों के जरिए कमीशन और अवैध भुगतान कराने का आरोप है।

जिन ठिकानों पर छापेमारी हुई, उनमें एरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्री ज्वेलर्स एक्जिम, एनआर उद्योग एलएलपी, द इंडिया फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई), वेंकटेश्वर पैकेजिंग, सुवर्णा दुर्गा बॉटल्स, राव साहेब बुरुगु महादेव ज्वेलर्स, उषोदय एंटरप्राइजेज और मोहन लाल ज्वेलर्स (चेन्नई) शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष जांच दल (एसआईटी) की शुरुआती जांच के बाद हुई है, जिसमें शेल कंपनियों, बेनामी फर्मों और हवाला नेटवर्क के जरिए धन के लेन-देन का खुलासा हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की से की बात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की और हाल ही में हुई विरोध प्रदर्शनों में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना जताई। प्रधानमंत्री ने नेपाल के राष्ट्रीय दिवस पर भी शुभकामनाएं दीं, जो 19 सितंबर को है।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से गर्मजोशी से बातचीत की। हाल ही में हुए दुखद घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और नेपाल में शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत का अटूट समर्थन दोहराया।

उन्होंने आगे लिखा, 'साथ ही, मैंने उनको और नेपाल के लोगों को उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।'

### हिंसा में जान गंवाने वालों की प्रति जताया शोक

हाल ही में नेपाल में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, जिसमें कम से कम 59 प्रदर्शनकारियों, 10 कैदियों और तीन पुलिसकर्मियों की जान गई।

ये हिंसक प्रदर्शन सरकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब शामिल हैं, को बैन करने के फैसले के बाद शुरू हुए। बुधवार को काठमांडू में सामान्य स्थिति लौट आई, जहां राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर पैदल यात्रियों और गाड़ियों की आवाजाही सामान्य रूप से देखी गई। (अनंत ज्ञान)

### उपलब्धि 2035 तक 9 प्रतिशत पहुंच जाएगी ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में हिस्सेदारी

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा भारत का दबदबा

**एजेंसी, मुंबई**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा तेजी से बढ़ता जा रहा है और 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 9 प्रतिशत हो जाएगी, जो कि 2024 में 6.5 प्रतिशत थी। यह बयान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागराजू की ओर से वीरवार को दिया गया।

देश की आर्थिक राजधानी में नेशनल बैंक फॉर फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) की ओर से आयोजित किए गए एनुअल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2025 में लोगों को संबोधित करते हुए एम नागराजू ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि देश की



अर्थव्यवस्था बीते चार सालों से औसत 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी, जो कि पिछली पांच तिमाही में सबसे अधिक है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के मुताबिक, हमारा एक्सटर्नल सेक्टर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और पिछली तिमाही में चालू खाता घाटा जीडीपी का केवल 0.5 प्रतिशत रहा था। देश का शुद्ध सर्विसेज निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है और इन सभी मजबूत कारणों के चलते देश आजादी के 100 साल पूरे होने तक यानी 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है।

नागराजू के अनुसार, यह व्यापक आर्थिक सफलता की कहानी हमारी इंफ्रास्ट्रक्चर महत्वाकांक्षाओं के लिए एक ठोस आधार तैयार करती है। यह दुनिया को बताती है कि भारत का विकास न केवल मजबूत है, बल्कि सुधारों और विवेकपूर्ण नीतियों से भी प्रेरित है, जो हमें वैश्विक विकास का एक प्रमुख इंजन और महामारी के बाद की वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को आकार देने में एक संभावित नेता बनाता है। अर्थव्यवस्था की मजबूती के पूरक के रूप में, भारतीय बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र मजबूत स्तंभ के रूप में उभरे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी बैंकों ने निजी बैंकों को क्रेडिट ग्रोथ में छोड़ा पीछे

**वित्त** वर्ष 2024-25 में सरकारी बैंकों ने निजी बैंकों को क्रेडिट ग्रोथ में पीछे छोड़ दिया है। बीते एक दशक में पहले से अधिक समय में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है। नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) एक प्रतिशत के नीचे जा चुकी हैं और कैपिटल एडिक्वेसी रेश्यो भी नियामक द्वारा निर्धारित किए गए मानकों से अधिक है, जो दिखाता है कि भारत का बैंकिंग सेक्टर मजबूत स्थिति में है। इसके मिलकर, ये एक मजबूत, पर्याप्त पूंजीकृत वित्तीय प्रणाली की ओर इशारा करते हैं जो विकसित भारत के लिए ऋण को बढ़ावा प्रदान करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर व नादौन में अपहरण का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला पुलिस थाना हमीरपुर में प्रवासी लड़की के अपहरण का मामला दर्ज करवाया गया है। शिकायतकर्ता महिला बिहार राज्य व वर्तमान में अस्थायी निवासी हमीरपुर की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार एक लड़का इनकी बेटी को अपहरण करके अपने साथ ले गया है। वहीं, थाना नादौन के तहत भी एक मामला थाना नादौन क्षेत्र निवासी हमीरपुर की शिकायत पर पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति इनकी बेटी को अपहरण करके ले गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### मां की हत्या मामले में बेटे को 5 दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत 16 सितंबर को महिला की हत्या का मामला दर्ज किया गया था, इस मामले में महिला के बेटे से पूछताछ में सारी घटना उजागर हुई। बेटे ने ही मां के सिर पर प्रेस से वार किया था, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस मृतका के बेटे अभय ठाकुर को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया था, जिसे वीरवार को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से अभय ठाकुर को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय भोरंज ने आरोपी को 5 दिन का रिमांड मिला है।

### मन्दी में 23 को लगेगा मल्टी स्पेशियलिटी कैंप

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर अस्पताल मन्दी में मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन पहली बार 23 सितंबर को किया जा रहा है। इससे पहले राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धनवंतरी जयंती पर मनाया जाता था। चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल ने बताया कि कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच करेंगे, साथ में निशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि कैंप में बीपी, ब्लड शुगर, कानों की जांच व अन्य कई टेस्ट बिल्कुल निशुल्क होंगे। इस कैंप में डॉ. कमल कौशल मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. पंकज वर्मा कान विशेषज्ञ और डॉ. सुरेंद्र सामान्य चिकित्सक विशेष रूप से कैंप में उपस्थित रहेंगे।

### डॉ. निपुण व डॉ. कृष्ण दिम्मी अस्पताल में देंगे सेवाएं

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** पार्वती अस्पताल दशमलव (दिम्मी) में 19 तथा 20 सितंबर को सुबह 10 से सायं 4 बजे तक डॉ. निपुण राणा वरिष्ठ सलाहकार हड्डी रोग विशेषज्ञ और डॉ. कृष्ण दास हड्डी रोगियों के लिए जिनके घुटनों में दर्द, पीठ दर्द और किसी भी प्रकार के हड्डी रोगों से जो पीड़ित हैं, वे परामर्श ले सकते हैं।

### बदारण स्कूल में स्वच्छता अपनाने की ली शपथ

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** प्रदेश में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारण में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर के नेतृत्व में स्वच्छता को अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नेऔपी ले कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का ध्यान रखें। इस अवसर पर ईको क्लब प्रभारी मैडम नीना और मैडम अंजली ने अन्य अध्यापकों के साथ मिलकर विद्यालय के नजदीक आसपास के गांवों में भी एक रैली निकाली और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### कृषि विज्ञान केंद्र में चारा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित धनपुर ( बड़ा ) में नादौन ब्लॉक के किसानों के लिए रबी मौसम की चारा प्रबंधन तथा जंगलों में लगने वाली आग के नियंत्रण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हंस फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें नादौन ब्लॉक के 115 किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला में सुजानपुर ब्लॉक के विषयवाद विशेषज्ञ (कृषि) डॉ. अरविंद चहल ने रबी मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख चारा फसलों की उत्पादन तकनीकों पर जानकारी दी। केंद्र प्रभारी डॉ. विशाल डोगरा ने किसानों को रबी फसलों और सब्जियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान बताए। मृदा विशेषज्ञ डॉ. नवनीत जरियाल ने चारागाहों के प्रबंधन के साथ लैंटाना, गाजर घास और जंगली पुदीना जैसे हानिकारक खरपतवारों की चुनौतियों और उनके नियंत्रण उपायों पर प्रकाश डाला।

### नादौन व अमलैहड़ आदि क्षेत्रों में कल बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के 132 केवी/ 33/11 केवी सब स्टेशन गगाल के अंतर्गत कोहला,सेरा 11 केवी नादौन फीडर की विद्युत लाइनों की मुरम्मत व उचित रख रखाव 20 सितंबर को सुबह 9 से सांय 6 बजे तक किया जाएगा। इसके चलते नादौन बस स्टैंड, कुठार,जैन मोहल्ला, नगरड़ा, कोट, भरमोटी,कोहला, मानपुल, कलूर, गौना, मवालघाट, अमलैहड़, मझियार, बंटेरा, भवड़ां और इसके आसपास के क्षेत्रों की बिजली बाधित रहेगी। एसडीओ अक्षय कुमार ने बताया कि यदि 20 सितंबर को बारिश होती तो कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### 21 को भूंपल व बटराण क्षेत्र की बिजली बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के 132 केवी/ 33/11 केवी सब स्टेशन गगाल के अंतर्गत भूंपल फीडर की विद्युत लाइनों की मुरम्मत व उचित रख रखाव 21 सितंबर को सुबह 9 से सांय 6 बजे तक किया जाएगा। इसके चलते गगाल,भूंपल, लाहड़ कोटलू पंचवटी, जलाड़ी, भड़ा,मण ,तरेटी,साई पुखर,बटराण, बढेड़ा, फतेहपुर और इसके आस पास के क्षेत्रों की बिजली बाधित रहेगी। एसडीओ अक्षय कुमार ने बताया कि यदि 21 सितंबर को बारिश होगी तो कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता आपदा में भी राजनीति में व्यस्त : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया कि वे हमीरपुर में आपदा प्रभावितों की मदद करने के बजाए भाजपा के राहत कार्यों का विश्लेषण करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने आपदा पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव सहायता दी, जबकि कांग्रेस अपने ही क्षेत्रों में समस्याएं हल नहीं कर पाई। राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पर गुटबाजी और चाटुकारिता की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भाजपा के योजनाबद्ध राहत कार्यों की सराहना की।

### आपदा में जनता को छोड़ सीएम विदेश भागे : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के आपदा के बीच लंदन दौरे पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश तबाही से जूझ रहा है, तब सीएम का चुपचाप विदेश जाना असंवेदनशीलता दर्शाता है। राणा ने इसे राहुल गांधी के 'फॉर्मूले' से जोड़ते हुए तंज कसा कि क्या सीएम जांच एजेंसियों और घोटालों से भाग रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता को बेसहारा छोड़ना प्रदेश के इतिहास में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में दर्ज होगा।

### तिरपाल की राजनीति कर रहे अनुराग : भारती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांग्रेस नेता सुमन भारती ने सांसद अनुराग ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि वे आपदा राहत के नाम पर तिरपालों की राजनीति कर रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू पीड़ितों को 7 लाख रुपए तक की सहायता देकर उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने अनुराग से धर्मपुर के लिए विशेष पैकेज की मांग करने की अपेक्षा जताई। साथ ही कहा कि 15,000 करोड़ के नुकसान पर PM द्वारा मात्र 1,500 करोड़ की घोषणा और भाजपा की गुटबाजी जनता के सामने उजागर हो चुकी है।

### शिपाली और अभिषेक प्रदेशभर में अव्वल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हमीरपुर के प्रशिक्षणार्थियों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान व जिला का नाम रोशन किया है। संस्थान की सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्निक्स (कढ़ाई) ट्रेड की प्रशिक्षणार्थी शिपाली शर्मा ने राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक ट्रेड के अभिषेक ठाकुर ने एनसीवीटी सत्र 2022-24 में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। गत दिवस राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और तकनीकी शिक्षा निदेशक ने इन दोनों प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया। शिपाली शर्मा को 5100 रुपए की नकद एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अभिषेक ठाकुर को 21 हजार रुपए की नकद राशि, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने दोनों प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत एवं समर्पण की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा अन्य को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी कड़ी मेहनत कर संस्थान एवं जिले का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य ने संबंधित ट्रेड की अनुदेशिका सुनीता देवी, मंजू लता शर्मा सहित संस्थान के अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को भी इस सफलता पर बधाई दी।

# विकास योजना की बुनियाद बनाना सबसे बड़ी चुनौती : राकेश शर्मा

**हमीरपुर** शहर को नगर निगम का दर्जा मिले हुए तकरीबन 8 महीने बीत चुके हैं। यहां के तमाम पार्षद अब इसका हिस्सा नहीं रहे हैं। विकास कैसे होगा? इसके लिए उनके साथ कोई मीटिंग नहीं होती। इसलिए इस म्युनिसिपल कॉरपोरेशन का काम चलाना, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना नए सिस्टम के लिए इतना आसान नहीं है। वह भी तब, जब इसके चुनाव कब होंगे, इसका कोई पता नहीं है। लोगों की समस्याएं सीधे तौर पर कौन हल करेगा? इन्हीं तमाम मुद्दों को लेकर '**अनंत ज्ञान**' ने नगर निगम के पहले रेगुलर कमिश्नर वरिष्ठ एचएएस अधिकारी **राकेश शर्मा** से लंबी बात की। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

*सवाल : 15 वार्ड 40000 की आबादी, क्या है सर योजना?*
**जवाब** : नगर निगम के तहत विकास को लेकर लोगों की नई उम्मीदें भी बहुत हैं। इसके लिए योजना का रूप स्वरूप कैसा हो, यह बहुत बड़ी चुनौती है। मुख्य काम भी यही है, यदि पहले दौर में ही योजना को बेहतर अंजाम दे दिया गया, तो फिर चरणबद्ध तरीके से यह शहर विकास के मामले को लेकर और ज्यादा आगे बढ़ेगा। जो आवासहीन लोग हैं, उन्हें घर मुहैया करवाए जाएंगे। सैनिटेशन का काम बेहतर होगा, सॉलिड लिक्विड पर भी ध्यान दिया जाएगा।

*सवाल : सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों की कई क्षेत्रों से शिकायतें हैं। कैसे, वे अपनी शिकायत आप तक पहुंचाएं?*
**जवाब** : सीधे तौर पर एप्रोच कर सकते हैं, वैसे बहुत जल्दी सैनिटेशन को लेकर बैठक हो रही है, जिसमें तमाम तरह की चर्चाएं होंगी। कोशिश रहेगी कि ऐसी शिकायतों के निवारण के लिए वेबसाइट या पोर्टल बनाने पर भी चर्चा होगी।

*सवाल : हाउस टैक्स वसूली और ड्रोन सर्वे की क्या स्थिति है?*



**जवाब** : हाउस टैक्स का भार नए जोड़े गए क्षेत्रों पर नहीं पड़ेगा। नगर परिषद का जो क्षेत्र पहले से हिस्सा रहे हैं, उन्हीं पर सबसे पहले यह ड्रोन सर्वे हो रहा है। 60 फीसदी काम मुकम्मल हो गया है और इस पर प्रोग्रेस रिव्यू बैठक भी होगी। उसमें सारी स्थिति क्लियर हो जाएगी।

*सवाल : नगर परिषद के समय की बहुत सारी देनदारियां करोड़ों में हैं, कब तक उम्मीद है चुकता करने की?*
**जवाब** : अभी इसकी ज्यादा जानकारी नहीं है, क्योंकि दो दिन पहले ही तो ज्वाइन किया है, लेकिन इसका लेखा-जोखा और बैठक में सारे मामलों को जब रिव्यू किया जाएगा, उसी में पता चल पाएगा, लेकिन जो भी होगा, पैसे की उपलब्धता के बीच में इनका सारा हल निकाला जाएगा।

*कौन-कौन सी योजनाएं शुरू होंगी? आपका कार्यकाल ही मुख्य आधार बनेगा?*
**जवाब** : दायित्व काफी ज्यादा है, लेकिन एक बात साफ है यहां जो भी होगा गुणवत्ता पर फोकस किया जाएगा। यही, हमीरपुर शहर के लोगों के साथ विकास को लेकर न्याय की शुरुआत की जाएगी। उनकी उम्मीदों पर खड़ा उतरना बड़ी चुनौती रहेगी, लेकिन योजनाएं ऐसी बनाएंगे जिसमें लोगों की भागीदारी भी प्रमुख रहेगी। तभी इस शहर की सुंदरता बढ़ाने और सुविधाओं को निखारने में मौका मिलेगा।

नगर निगम हमीरपुर के कमिश्नर राकेश शर्मा से अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत

*सवाल : नए नगर निगम के क्षेत्र में विकास कैसे होगा?*
*सवाल : मौजूदा दफ्तर तो छोटा है, नगर निगम का बड़ा परिवार होता है, कैसे होगा यह सब?*
*जवाब : बिलकुल सही कहा। 5 दर्जन के करीब अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों की यहां मौजूदगी होगी। इसके लिए कोई बेहतर ठिकाना ढूंढा जाएगा। जहां परिस्थितियां काम करने के लिए ज्यादा अनुकूल हों, ढूंढना पड़ेगा या फिर तैयार करना पड़ेगा। यहां स्पेस तो कम है। आने वाले समय में यह समस्या भी हल होगी। फिलहाल कुछ नया अधिकारी सेक्शन ऑफिसर प्लानिंग ऑफिसर और अन्य लोगों की यहां मौजूदगी हो गई है, लेकिन यहां नगर निगम जब बड़े आकार में होगा तो यहां एक्सईएन, एसडीओ और कई अधिकारी भी शामिल होंगे।*

## दरकोटी में तीन घंटे बंद रहा एनएच निर्माण कंपनी पर फिर उठी अंगुलियां

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** विवादों से घिरा नेशनल हाइवे नंबर 3 दरकोटी के पास वीरवार सुबह 3 घंटे बंद रहने से टीचर्स, स्टूडेंट्स, पब्लिक को परेशान होना पड़ा। वीरवार सुबह साढ़े सात बजे बंद हुआ नेशनल हाइवे करीब साढ़े दस बजे खुला। इस दौरान स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स परेशान हुए तथा अध्यापकों को कई किलोमीटर पैदल चल ड्यूटी पर पहुंचना पड़ा।

वास्तव में ठाणा और दरकोटी के बीच बरसात में हो रही बेतरतीब खुदाई से नेशनल हाईवे पर वाहन निकालना मुश्किल हो गया है। करीब दो किलोमीटर का यह स्ट्रेच कीचड़ से सना हुआ है, जहां लगातार गाड़ियां फंस रही हैं। वीरवार सुबह भी एक लोडेड ट्रक यहां कीचड़ में धंस गया जिस कारण सारा ट्रैफिक जाम हो गया। निर्माण कंपनी की मशीनरी मौके पर होने के बावजूद नेशनल हाईवे को खोलने में तीन घंटे लग गए। इस दौरान आवाहदेवी और हमीरपुर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिनमें अधिकांश स्कूली बसें फंसी हुई थीं।

आवाहदेवी की ओर से हमीरपुर जाने वाली गाड़ियों को वाया काले अम्ब डायवर्ट करना पड़ा। यात्रियों सुनीता, विमला, शारदा, गोपालदास, सुरजीत, शेरसिंह, संजीव, पवन इत्यादि ने बताया कि निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण नेशनल हाइवे का हाल खराब है। इस बारे हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि निर्माण कंपनी की मशीनरी से ट्रक को हटा रोड चालू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ठाणा और दरकोटी के बीच बदहाल स्थिति को शीघ्र सामान्य कर दिया जाएगा।

## लखनपाल प्रभावितों को अनुराग की सहायता से तिरपाल कर रहे वितरित

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



आपदा प्रभावितों को तिरपाल वितरित करते बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।

**बड़सर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने 16 सितंबर की देर शाम को पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा सहायता प्राप्त 200 तिरपालों में से लगभग 20 तिरपाल 10 आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित किए। यह समयोचित और महत्वपूर्ण कदम अनुराग ठाकुर द्वारा बड़सर विधानसभा के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और विधायक को 200 तिरपालों की तात्कालिक सहायता जारी करने के ठीक एक दिन बाद उठाया गया, ताकि भारी बरसात के मौसम में मिट्टी के कटाव से होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

अपने इस दौरे के दौरान लखनपाल ने रैली और जजरी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले जजरी, मझेड़, करनेडा और फगोटी गांवों में प्रभावित परिवारों को स्वयं घर-घर जाकर 2-2 तिरपाल वितरित किए। अनुराग ठाकुर द्वारा प्रदान की गई राहत सामग्री के वितरण के अलावा, इंद्रदत्त ने आपदा प्रभावित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और वे स्वयं प्रतिदिन राहत सामग्री वितरण प्रक्रिया तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक उचित सहायता नहीं पहुंच जाती। उन्होंने बताया कि अनुराग ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि यदि किसी और सहायता की आवश्यकता हो, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मांगी जा सकती है।

**प्रशासन को जगाने के लिए अनुराग का हस्तक्षेप करने के लिए किया धन्यवाद**

पिछले कुछ दिनों के प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अनुराग ठाकुर के कड़े हस्तक्षेप के बाद ही स्थानीय एसडीएम और सरकार के अधिकारी मौके पर पहुंचना शुरू हो गए हैं।

इससे पहले, विभिन्न मंचों पर बार-बार अपील और अनुरोध के बावजूद, किसी भी सरकारी अधिकारी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात नहीं की और न ही कोई राहत प्रदान की। अनुराग ठाकुर द्वारा प्रशासन को कड़े निर्देश देने के बाद ही अब तक सोई हुई व्यवस्था हरकत में आई। इंद्रदत्त लखनपाल ने सुक्खू सरकार पर प्रभावित लोगों को बुनियादी और तत्काल राहत प्रदान करने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया।

वहीं, दूसरी ओर अनुराग सिंह ठाकुर अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के कल्याण के प्रति अपनी गहरी चिंता का उदाहरण देते हुए, बड़सर दौरे के पहले ही दिन व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने के लिए आगे आए। राहत वितरण के दौरान मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, जिला महामंत्री राजेश सहगल, मंडल महामंत्री रवि कांगो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजिंदर ढटवालिया, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर, निर्मल सिंह और रमेश राणा भी उपस्थित थे। विधायक लखनपाल ने अनुराग ठाकुर के त्वरित और जन-केंद्रित हस्तक्षेप के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिससे न केवल प्रभावितों को तत्काल राहत मिली, बल्कि प्रशासन और सरकारी अमला भी गहरी नींद से जागा है।

## गौना करौर में बनेगा हॉकी ऐस्ट्रो टर्फ ग्राउंड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**

गौना करौर में प्रस्तावित हॉकी एस्ट्रो टर्फ मैदान के निर्माण कार्य हेतु उच्च शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर मोही राम, एडीपीओ राजेंद्र, डीआईईटी हमीरपुर के प्राचार्य मदन बन्याल, जीएसएसएस गौना करौर के प्राचार्य जोगिन्दर सिंह, हॉकी कोच कुणाल तथा अन्य अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया।



राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होंगे तैयार, समिति ने किया स्थल का निरीक्षण।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा इस ऐस्ट्रो टर्फ मैदान के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। समिति ने निरीक्षण के दौरान भूमि संबंधी कागजातों की भी गहनता से जांच की। अधिकारियों ने बताया कि मैदान के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुविधा के लिए छात्रावास (होस्टल) का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि ग्रामीण व दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों को रहने-ठहरने की सुविधा मिल सके।

इससे हॉकी जैसे खेल को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखरने का अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय लोगों और विद्यालय प्रबंधन ने सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार जताया और कहा कि इस मैदान के निर्माण से क्षेत्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां से तैयार हो सकेंगे।

## नगर निगम की मतदाता सूचियों का 26 तक कर सकते हैं निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नगर निगम हमीरपुर ने आगामी नगर पालिका चुनावों के मद्देनजर निर्वाचन नामावली का सत्यापन एवं मानचित्रण (मैपिंग) का कार्य पूर्ण कर लिया है।

नगर निगम हमीरपुर के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद ने बताया कि निगम क्षेत्र की मतदाता सूचियों का निरीक्षण 20 से 26 सितंबर तक किया जा सकता है। ये मतदाता सूचियां आम जनता के निरीक्षण के लिए नगर निगम के कार्यालय और एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर निगम हमीरपुर के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगी। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि मतदाता सूचियों के निरीक्षण के लिए नगर निगम द्वारा विशेष बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

**आज टाउन हाल में दी जाएगी व्यापक जानकारी**

इसी क्रम में 19 सितंबर को सुबह 10 बजे हमीरपुर के टाउन हाल में विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदाताओं, हितधारकों, राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों एवं कार्यकर्ताओं से इस बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि मतदाता सूचियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके।

## व्यक्ति से 3 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर की एक टीम द्वारा गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जा से 3 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। जिला पुलिस हमीरपुर के थाना सदर हमीरपुर की टीम ने आरोपी व्यक्ति राजेश कुमार पुत्र स्व. प्रताप सिंह निवासी गांव बौनखड़ डाकखाना व तहसील गलोड़ जिला हमीरपुर को गिरफ्तार करके एनडीपीएस अधिनियम की धारा के अधीन अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। डीएसपी लालमण शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## एडीसी अभिषेक गर्ग ने किया बाल आश्रम सुजानपुर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

एडीसी अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने वीरवार को बाल आश्रम सुजानपुर का निरीक्षण किया और आश्रम में बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान एडीसी ने आश्रम के संचालकों से बच्चों के आवास, भोजन, खेलकूद एवं मनोरंजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली तथा इनमें सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



एडीसी अभिषेक गर्ग बाल आश्रम सुजानपुर में सुविधाओं का जायजा लेते हुए।

उन्होंने आश्रम के परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया। अभिषेक गर्ग ने कहा कि बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और सरकार की अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

**बोले-बच्चों को सभी सरकारी योजनाओं का मिले पूरा लाभ**

उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों और आश्रम के संचालकों को निर्देश दिए कि आश्रम का कोई भी बच्चा इन योजनाओं से छूटना नहीं चाहिए तथा उन्हें किसी भी सुविधा की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्हें आश्रम में पढ़ाई, खेलकूद और मनोरंजन का अच्छा माहौल मिलना चाहिए। एडीसी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ-साथ बच्चों के कौशल विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आश्रम के एक बच्चे को होटल प्रबंधन संस्थान में एडमिशन दिलाई गई है। बच्चों के लिए खेल, मनोरंजन और कंप्यूटर इत्यादि सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है।

इस अवसर पर एसडीएम विकास शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चैधरी, डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल हमीरपुर के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. देसराज शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चैहान, बीडीओ किशोरी लाल, तहसीलदार प्रवीण ठाकुर, समिति के अन्य सदस्य और आश्रम के अधीक्षक भी उपस्थित थे।

## प्रशासन ने दाड़ला में आपदा प्रभावित परिवार को दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



दाड़ला में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते गणमान्य।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने वीरवार को सुजानपुर के दौरे के दौरान भलेठ क्षेत्र के गांव दाड़ला में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने दाड़ला गांव की रेखा देवी के क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण भी किया और प्रभावित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवार को फौरी राहत प्रदान की गई है और राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने नुक्सान की रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी है। एडीसी ने आपदा प्रभावित रेखा देवी को हौसला देते हुए कहा कि उन्हें नियमानुसार अधिक से अधिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम विकास शुक्ला, तहसीलदार प्रवीण ठाकुर, बीडीओ किशोरी लाल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

**कठिनाई** सदर विधायक ने आशीष शर्मा ने नए पुल बनाने से पहले दो पुलों को डिस्मेंटल न करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# पुलों के डिस्मेंटल से पहले उसके साथ भूमि का किया जाए अधिग्रहण

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा ने वीरवार को उपायुक्त हमीरपुर और मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग हमीरपुर को एक ज्ञापन सौंपा। विधायक ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत दो पुलों के निर्माण से पहले पुराने पुलों को डिस्मेंटल करने का विरोध किया है।

विधायक ने उपायुक्त को बताया कि विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो नए पुलों क्रमशः 19.0 मीटर सिंगल स्पैम आरसीसी टी बीम ब्रिज ओवर जमली खड्ड एट आरडी 0,960 का निर्माण और 19.0 मीटर लॉन्ग स्पैम ब्रिज ओवर गुधवीं खड्ड एट आरडी - 4,785 का निर्माण पुराने पुलों के स्थान पर करने के लिए 722.44 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है।



विधायक आशीष शर्मा ने उपायुक्त हमीरपुर और मुख्य अभियंता लोनिवि को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने उपायुक्त से कहा कि यह हमीरपुर से जाहू वाया लंबलू रूट के लिए एकमात्र सड़क है, जिसमें से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। यदि यह पुल डिस्मेंटल कर दिए जाते हैं तो इस सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना भाग-3 के तहत हमीरपुर से जाहू वाया लंबलू सड़क के विस्तारीकरण का कार्य धीमा चला हुआ है और इस कार्य के लिए बार बार सड़क को यातायात के लिए बंद किया जा रहा है, जबकि निर्धारित अवधि में इस सड़क के विस्तारीकरण का कार्य नहीं हुआ है।

इस सड़क के बार बार बंद होने से क्षेत्र के लोगों को आवाजाही के लिए परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकारी है कि विभाग स्वीकृत नए दो पुलों के निर्माण से पहले यहां पर मौजूद पुराने पुलों को डिस्मेंटल करने का विचार कर उनके स्थान पर नए पुलों का निर्माण करने का विचार कर रहा है। यदि पुराने पुलों को डिस्मेंटल करने के बाद नए पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा तो इस सड़क से गुजरने वाले हजारों वाहनों के लिए यातायात बाधित हो जाएगा।

इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को अन्य वैकल्पिक सड़कों से जाना पड़ेगा, इससे दूरी के साथ खर्च भी बढ़ जाएगा, क्योंकि इस सड़क से हमीरपुर मुख्यालय के लिए निजी एवं सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी और मेडिकल कॉलेज हमीरपुर, स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों सहित अन्य विभागीय कार्यालयों के लिए लोग रोजाना जाते हैं, ऐसे में पुराने पुलों के डिस्मेंटल हो जाने से उन्हें आवाजाही में परेशानी होगी।

उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि इन नए दो पुलों के निर्माण के लिए पहले साथ लगती भूमि का अधिग्रहण किया जाए, तत्पश्चात इस भूमि पर नए पुल बनाए जाएं, ताकि पुराने पुलों पर से आवाजाही सुचारु रहे और लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपायुक्त से निवेदन किया कि विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार को इस सड़क के विस्तारीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए जाएं और साथ ही सड़क के एक भाग को तुरंत यातायात के लिए खोलने के निर्देश दिए जाएं। ताकि इस सड़क से एम्बुलेंस, स्कूल बसें और अन्य वाहन आवाजाही कर सकें। ताकि लोगों को आवाजाही में आ रही समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनहित में इन मुद्दों पर स्वयं गौर कर प्राथमिकता के आधार पर इन पेश आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर उचित कार्रवाई करें।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर हमीरपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह, शहरी अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, महामंत्री प्रमोद पटियाल, तेन सिंह, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार, रजनीश जमवाल, तिलक राज शर्मा, रंगीला राम, जोगिंदर कुमार, परमजीत, पंकज शर्मा, शुभम, सचिन, संतोष, अंकुश सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी योजनाओं और नशा मुक्ति का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार के सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, शिमला जिले में विभिन्न नाट्य दलों शिवरंजनी सांस्कृतिक बलग, जयश्वरी लोक नृत्य कला मंच, और शिव कल्चरल ट्रूप हलोग धामी ने नुक्कड़ नाटकों, गीतों और संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इन दलों ने रोहड़ू, नारकंडा और मशोबरा के विभिन्न गाँवों जैसे जगोठी, जार किंगल, रझाना और डुमी में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से दक्षता योजना पर प्रकाश डाला, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य जरूरतमंद परिवारों के युवाओं को एक वर्ष का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अभियान में कलाकारों ने केवल सरकारी योजनाओं पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया, बल्कि समाज की एक बड़ी समस्या नशाखोरी पर भी जोरदार प्रहार किया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से, उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आगाह किया और उन्हें इससे दूर रहने का संदेश दिया। कलाकारों ने बताया कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर रहा है, और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सरकार, समाज, अभिभावकों और युवाओं को एक साथ मिलकर काम करना होगा।

### स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में लगाए फूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में गुरुवार को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान- 2025' की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने कॉलेज परिसर में बरसात के दौरान उगी हुई घास को साफ किया और परिसर को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न तरह के फूल लगाए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने इस अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है और हर व्यक्ति को अपने दिन की शुरुआत घर और उसके आसपास की सफाई से करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियान न केवल राष्ट्र निर्माण में मदद करते हैं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### चुनाव बहाली को लेकर एसएफआई का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनावों को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर छात्र संगठन एसएफआई ने पिंक पेटल पर एक विरोध प्रदर्शन किया। एसएफआई ने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जो उन्हें अपनी बात सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का मौका देता है। संगठन के अनुसार, 2013 से ये चुनाव बंद हैं और छात्र केंद्रीय संघ जैसी नामित संस्थाएं छात्रों की समस्याओं को उठाने में पूरी तरह नाकाम रही हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष योगी ने इस बात पर जोर दिया कि छात्र संघ चुनाव छात्रों के लिए बहुत जरूरी हैं। इन चुनावों के बिना छात्रों के अधिकारों की रक्षा नहीं हो पा रही है। उन्होंने वर्तमान छात्र केंद्रीय संघ को 'गूंगी-बहरी' संस्था बताया, जो छात्रों की मांगों को पूरा नहीं कर पा रही है। एसएफआई ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि वे जल्द छात्र संघ चुनावों को बहाल करें।

# आपदा में राज्य की राजनीति पर मचा घमासान

## नरेश चौहान बोले-भाजपा जनता को कर रही भ्रमित, सरकार राहत कार्यों में जुटी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने राज्य भाजपा नेताओं द्वारा आपदा की विकट घड़ी में राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही बयानबाजी को गैर-जिम्मेदाराना और जनता को भ्रमित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि जब पूरा प्रदेश आपदा से कराह रहा है, तब विपक्ष और केंद्र सरकार को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, न कि अफवाहों और आरोपों के सहारे राजनीति करनी चाहिए।



कहा-केंद्र से मिली मदद ऊंट के मुंह में जीरे के समान

नरेश चौहान ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार लगातार आपदा प्रभावितों को राहत देने में जुटी हुई है, लेकिन भाजपा नेता बार-बार यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि सरकार पुनर्वास कार्यों को गंभीरता से नहीं ले रही। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि ऐसे कठिन समय में प्रदेश सरकार के साथ मिलकर केंद्र से उदार वित्तीय सहायता की मांग करना ही उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। नरेश चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपदा प्रभावित प्रदेश के दौरे और 1,500 करोड़ रुपए की घोषणा की सराहना की, लेकिन साथ ही सवाल उठाया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह राशि अनुदान है या योजना विशेष। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को अब तक कोई अधिसूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि 2023 में प्रदेश को लगभग 10,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था और इस वर्ष 5,000 करोड़ का, जबकि केंद्र से मिली सहायता राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 2023 में 4,500 करोड़ रुपये का पैकेज दिया और इस वर्ष अब तक 397 करोड़ रुपए राहत व पुनर्वास के लिए जारी किए हैं। उन्होंने जिलेवार वितरित राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल मंडी को ही 42.87 करोड़ रुपए दिए गए हैं। साथ ही विभिन्न विभागों को भी 140 करोड़ रुपए की राशि दी गई है।

### राहत मैनुअल में बड़ा संशोधन

**नरेश** चौहान ने बताया कि राज्य सरकार ने राहत मैनुअल में बड़े बदलाव किए हैं। पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए, आंशिक क्षति वाले मकानों के लिए एक लाख रुपए, दुकानों-ढाबों के लिए एक लाख रुपए और पशुशालाओं के लिए 50,000 रुपए कर दिया गया है। दुधारू पशुओं का मुआवजा 55,000 रुपए और छोटे पशुओं का 9,000 रुपए कर दिया गया है। कृषि फसलों के नुकसान की भरपाई की राशि भी बढ़ाई गई है।

### सुर्खियों में बने रहने के लिए अफवाहें न फैलाएं

**चौहान** ने सांसद कंगना रणौत के उस बयान को पूरी तरह खारिज किया जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र ने हिमाचल को 10,000 करोड़ रुपए की सहायता दी है। उन्होंने भाजपा नेताओं से अपील की कि वे इस कठिन समय में राजनीति करने के बजाय केंद्र से वित्तीय सहयोग दिलाने में राज्य सरकार का साथ दें। उन्होंने विपक्ष को आगाह किया कि सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए अफवाहें न फैलाएं और प्रभावित लोगों की मदद में सहयोग करें।

# धमाका नहीं, ड्रामा कर रहे राहुल गांधी : अनुराग सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी के आरोपों को झूठा बताया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर जो आरोप लगाए हैं, वे निराधार हैं। ठाकुर ने राहुल के इस रवैये को 'हिट एंड रन' बताया, जिसमें वे कीचड़ उछालकर भाग जाते हैं। राफेल से लेकर 'चौकीदार चोर है' जैसे मामलों में राहुल को कोर्ट से फटकार मिली है और उन्हें माफी मांगनी पड़ी है।

ठाकुर ने कहा कि आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यही देखने को मिला, जहां हाइड्रोजन बम फोड़ने का उनका दावा फुलझड़ी साबित हुआ। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी, जिनके नेतृत्व में कांग्रेस 90 से ज्यादा चुनाव हारी है, उनकी हताशा और निराशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल ने आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है, लेकिन जब उनसे अपने आरोपों को प्रमाणित करने को कहा जाता है, तो वे भाग खड़े होते हैं। ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने आलंद विधानसभा सीट 10,348 वोटों से जीती थी, तो क्या राहुल गांधी ने वोट चोरी करके यह जीत हासिल की थी? उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस और राहुल गांधी का यह षड्यंत्र घुसपैठियों के वोटों को बचाने के लिए है?

ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं, जैसे चुनाव आयोग पर बार-बार आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में कोई विश्वास नहीं है, और उनका मकसद केवल अराजकता फैलाना है। ठाकुर ने कहा कि बीजेपी भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठाएगी और घुसपैठियों को बेनकाब करेगी, जिनके वोटों को कांग्रेस बचाना चाहती है।

### एसएफआई-एबीवीपी में खूनी संघर्ष, तीन घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एक बार फिर जंग का मैदान बन गया। यहां एसएफआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं में भिड़ंत हो गई। देखते ही देखते नारेबाजी झगड़े में बदल गई और दोनों पक्षों के छात्रों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस झगड़े में तीन छात्र घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। संघर्ष का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छात्राओं सहित कार्यकर्ता एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं।

पुलिस को मिली शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि इस तरह की घटनाएं शैक्षणिक माहौल को बिगाड़ने वाली हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जल योजनाओं की बहाली का कार्य जारी : डिप्टी सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कहा-सरकार प्रभावित क्षेत्रों में सुविधाएं बहाल करने को दे रही प्राथमिकता

70 प्रभावित योजनाओं में से 48 को आंशिक रूप से किया गया बहाल

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी दी है कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन के कारण जल शक्ति विभाग की 70 योजनाएं प्रभावित हुई थीं, जिनमें से 48 को आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है। शेष योजनाओं को भी जल्द ही पूरी तरह से ठीक कर दिया जाएगा।

जल शक्ति विभाग के कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी लगातार काम कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बहाल करने को सबसे ज़्यादा प्राथमिकता दे रही है। उप-मुख्यमंत्री ने शिमला से जारी बयान में यह भी स्पष्ट किया कि धर्मपुर के लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सरकार हर स्तर पर काम कर रही है और सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा।



आपदा के बाद राहत देने में जुटे जल शक्ति विभाग के कर्मचारी।

### एसडीएम ने किया ढली स्कूल का दौरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसडीएम शिमला (शहरी), ओशीन शर्मा ने केंद्र प्राथमिक पाठशाला ढली का दौरा किया। उन्होंने स्कूल को गोद लिया है। यह उनका दूसरा दौरा था। इस दौरान उन्होंने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस नेक काम में उनका साथ दिल्ली के प्रसिद्ध व्यवसायी, पुनीत शर्मा ने दिया। इन दोनों के सहयोग से स्कूल के 112 बच्चों को स्मार्ट यूनिफॉर्म और कोट बांटे गए।

इस पहल से यूनिफॉर्म और कोट लेने वाले बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी ने इस नेक काम के लिए ओशीन शर्मा और पुनीत शर्मा का तहे दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक, लोकेंद्र ने एसडीएम ओशीन शर्मा और पुनीत शर्मा का स्कूल परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

### जुन्गा पाठशाला के मैदान में होगा दशहरा उत्सव

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जुन्गा का ऐतिहासिक दशहरा मेला इस साल भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के मैदान में 2 से 4 अक्तूबर तक पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। क्योंथल सांस्कृतिक समिति को इसके लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मिल गई है। समिति के महासचिव पंकज सेन ने बताया कि जुन्गा में दशहरा उत्सव हमेशा से स्कूल के मैदान में ही मनाया जाता रहा है। उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों में मेलों और राजनीतिक समारोहों पर रोक लगाई थी, जिसके चलते समिति ने मेले के आयोजन के लिए याचिका दायर की थी। इससे पहले, लगभग दो साल पहले, अनुमति न मिलने के कारण यह मेला तत्कालीन क्योंथल रियासत के महल के बाहर और पुलिस ग्राउंड में आयोजित हुआ था।

यह मेला अपनी प्राचीन गरिमा को बनाए रखता है, जिसमें क्योंथल रियासत के राजा रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन करते हैं। इसी परंपरा को देखते हुए सरकार ने इसे जिला स्तरीय मेले का दर्जा दिया है। पहले यह मेला केवल एक दिन का होता था, लेकिन अब इसे तीन दिवसीय कर दिया गया है। यह जुन्गा तहसील का एकमात्र प्रसिद्ध और पारंपरिक मेला है, जिसे देखने के लिए समूची रियासत से लोग आते हैं।

# मोदी सरकार ने जीएसटी में दी बड़ी राहत : डॉ. बिंदल



शिमला में कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं अन्य भाजपा नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में बड़ी राहत दी है। उन्होंने इसे आजादी के बाद का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया है, जो सीधे तौर पर आम जनता को फायदा पहुंचा रहा है।

डॉ. बिंदल ने शिमला के काली बाड़ी में आयोजित एक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही, जो प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का हिस्सा था। डॉ. बिंदल ने बताया कि जीएसटी दरों में कटौती से रोजमर्रा की चीजों से लेकर महंगी वस्तुओं तक पर आम आदमी को लाभ मिल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सीमेंट पर जीएसटी कम होने से घर बनाने वालों को प्रति बैग 60 रुपये की बचत हो रही है, जिससे एक कमरे के निर्माण में 60,000 रुपए तक का फायदा हो सकता है।

इसी तरह, टीवी खरीदने पर 3,000 से 5,000 रुपए और कॉस्मेटिक उत्पादों पर 25 प्रतिशत तक का लाभ मिल रहा है। दवाइयों पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत या शून्य कर दिया गया है, जिससे गंभीर बीमारियों का इलाज कराना सस्ता हो गया है। सेवा पखवाड़ा को आम आदमी के कल्याण और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला अभियान बताया।

### राहुल गांधी के आरोप झूठे और मनगढ़ंत : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कुछ ही मिनटों में राहुल गांधी के दावों को खारिज कर दिया। कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी की झूठे आरोप लगाने और फिर भाग जाने की आदत है, और वे ऐसा घुसपैठियों और शहरी नक्सलियों को बचाने के लिए कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान पर भी आपत्ति जताई कि उनका काम लोकतंत्र को बचाना नहीं, बल्कि भाजपा को बर्बाद करना है।

कश्यप ने चुनाव आयोग के जवाब का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के नहीं हटाया जा सकता है, और राहुल गांधी के आरोप निराधार हैं। उन्होंने बताया कि 2023 में जब वोटरों को हटाने के प्रयास हुए थे, तब भाजपा सत्ता में थी और चुनाव आयोग ने खुद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने 2023 में 10,348 वोटों से जीत हासिल की, जबकि राहुल गांधी अब वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं।

# सीएम सुक्खू निजी दौरे पर परिवार संग लंदन हुए रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गुरुवार को परिवार संग लंदन रवाना हो गए। यह दौरा पूरी तरह निजी है, लेकिन प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक गतिविधियों पर इसका सीधा असर पड़ने वाला है। अगले एक सप्ताह तक मुख्यमंत्री शिमला में मौजूद नहीं रहेंगे। जनता दरबार से लेकर बड़े प्रशासनिक फैसलों तक सब कुछ उनकी वापसी पर टल गया है।

सूत्रों के अनुसार, सीएम अपनी बड़ी बेटी कामुन के एडमिशन के लिए लंदन गए हैं। उनके साथ विधायक पत्नी कमलेश ठाकुर और दोनों बेटियां भी मौजूद हैं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिमला में लोगों की समस्याएं सुनते हैं। यह परंपरा कई लोगों के लिए उम्मीद की किरण होती है। बताया जा रहा है कि सुक्खू 25 या 26 सितंबर तक लौटेंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम ने उच्च अधिकारियों और जिलों के डीसी-एसपी की मीटिंग ली थी। इसमें आपदा प्रभावितों को राहत और पुनर्वास के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

### लौटने पर होंगे अहम निर्णय

**मुख्यमंत्री** की अनुपस्थिति में प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण फाइलें रोक दी हैं। चर्चा है कि उनकी वापसी के बाद बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हो सकता है। इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के नए चेयरमैन की नियुक्ति और हिमाचल पुलिस के नए मुखिया का चयन भी लंबित है। सूत्रों का मानना है कि लौटते ही सीएम इन फैसलों पर मुहर लगा सकते हैं, ताकि सरकार प्रशासनिक रूप से और मजबूत हो सके।

### आपदा राहत कार्य पहले की तरह चलते रहेंगे

**सीएम** की अनुपस्थिति में सरकारी मशीनरी अपनी सामान्य गति से चलती रहेगी। आपदा राहत कार्य पहले से दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार जारी रहेंगे। मंत्रियों को उनके विभागों से जुड़े छोटे फैसले लेने की छूट होगी, लेकिन बड़े फैसले सीएम की वापसी तक इंतजार करेंगे। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उनकी वापसी के बाद कैबिनेट विस्तार और कुछ जिलों में नई तैनातियों पर भी फैसला हो सकता है।

### सीमा कॉलेज में मनाया फ्रेशर्स-डे

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स-डे का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत कार्यक्रम की मुख्यातिथि रही। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी।

डॉ. रावत ने कहा कि फ्रेशर्स डे न केवल नए विद्यार्थियों के स्वागत का अवसर है, बल्कि यह उनके लिए व्यक्तित्व विकास और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच भी प्रदान करता है। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर अश्वनी शर्मा, प्रोफेसर संधीरा और डॉ. ओम शर्मा शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया। अंत में प्रिंस धान्टा को मिस्टर फ्रेशर और नेहा धरियान को मिस फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। छात्राओं में सृष्टि ने मिस पर्सनैलिटी, पलक ने मिस एलीगेंट, आँचल ने मिस कंजीनियलटी, कृतिका ने मिस फोटोजेनिक टाइटल जीता।

# रामपुर पुलिस ने दो लोगों से 40 .8 ग्राम चिट्टा किया बरामद



रामपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर पुलिस की टीम ने रितेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह ठाकुर निवासी गांव धार, डाकखाना धार गौरा, तहसील रामपुर जिला शिमला उम्र 30 वर्ष व कैलाश पुत्र निवासी गांव कोटी डाकखाना धारगौरा, शिमला उम्र 40 वर्ष से 17.33 ग्राम व 22.76 ग्राम कुल 40.8 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

दोनों के खिलाफ थाना रामपुर में केस दर्ज किया है। उपमंडल पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि नशा के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही इसी तरह जारी रहेगी।

### 45 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**जुब्बल/कोटखाई।** पुलिस थाना कोटखाई की टीम ने तीन युवकों से 45 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी अनुसार कार नंबर एचपी55-0031 को जांच के लिए रोका तो उसमें तीन व्यक्ति मौजूद थे। जिनकी पहचान सन्नी बड़ाईक, रविंद्र ठाकुर व रजत कुमार के तौर पर हुई। जिनके पास से पुलिस को 45 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

**राहत** | प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े विस्तार की कार्ययोजना तैयार

# राज्यभर में 200 डॉक्टर और 400 नर्सों की भर्ती शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई रफ्तार मिलने जा रही है। राज्य सरकार ने अस्पतालों में स्टाफ की कमी दूर करने और आधुनिक सुविधाएं पहुंचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में 200 चिकित्सकों और 400 नर्सों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिससे मरीजों को उपचार के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह कदम स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मरीजों को राहत देगा।

मंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में आयोजित कैबिनेट बैठक में नौ जिलों के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 28 डायलिसिस केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की गई है। इन केंद्रों के शुरू होने से किडनी रोगियों को अब शिमला या बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें उनके घर के नजदीक ही डायलिसिस की सुविधा मिलेगी।

ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है, जिससे मरीजों को तत्काल और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज, शिमला में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शांडिल ने कहा कि दंत चिकित्सा को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा और मरीजों के लिए सेवाओं को सरल, सस्ती और सुलभ बनाया जाएगा।



### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी का उठा मुद्दा

**बैठक** में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा भी उठा और आउटसोर्सिंग के माध्यम से शीघ्र भर्ती की सिफारिश की गई। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

### बैठक में मौजूद रहे अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधि

**बैठक** में विधायक हरीश जनारथा, स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी, विशेष सचिव स्वास्थ्य अश्विनी शर्मा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान डॉ. राकेश, निदेशक दंत स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सतीश, कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशु सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### रक्तदान सेवा सोसायटी का स्थापना दिवस समारोह 21 को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रक्तदान सेवा परिवार सोसायटी रामपुर का 8वां स्थापना दिवस 21 सितंबर को पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह दीप प्रज्वलन कर करेंगे।

स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 25 स्कूलों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी डॉ. रोशन लाल कौंडल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग शक्ति सिंह नेगी, डॉ. पदम शर्मा, डॉ. संदीप नेगी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश परमार विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस अवसर पर एंबुलेंस खरीदने में सहयोग देने वाले लगभग 40 दानी सज्जनों को विशेष सहयोग पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# शिमला लिफ्ट के पास वाहन चालकों को जगह मिलने से राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लिफ्ट पर अब गाड़ियों को यात्रियों को उतारने और चढ़ाने की जगह मिल गई है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आज लिफ्ट के पास सड़क पर चल रहे तहबाजारियों को हटाकर इस जगह को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस कदम से वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी, जिन्हें यहां गाड़ी खड़ी करने पर अक्सर चालान का सामना करना पड़ता था।

चालक दिवस पर जिला शिमला की सभी यूनियनों ने मंत्री से यह मांग की थी कि लिफ्ट पर यात्रियों को उतारने और चढ़ाने की कोई निश्चित जगह नहीं है, जिससे असुविधा होती है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने खुद मौके पर जाकर निरीक्षण किया और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने शिमला नगर निगम और पुलिस प्रशासन को लिफ्ट के मुख्य द्वार के सामने से तहबाजारियों को हटाने के निर्देश दिए। इस मौके पर तीन स्थानीय पार्षद भी मौजूद थे, जिन्होंने तहबाजारियों से आम लोगों को हो रही परेशानी की शिकायत की थी।

### निश्चित होगा स्थान लगाए जाएंगे बोर्ड

**मंत्री** ने नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर और पुलिस के एसएचओ को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि इस स्थान पर बोर्ड लगाकर और पीली लाइन खींचकर यात्रियों को उतारने और चढ़ाने की जगह को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय ठाकुर, जिला शिमला के को-ऑर्डिनेटर नरेंद्र, जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, सचिव संदीप कंवर और कोषाध्यक्ष ललित कुमार के साथ लगभग 35 यूनियनों के 200 सदस्य उपस्थित थे।

### गोसदन हटाकर भूमि को खाली करने की मांग

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** नगर परिषद रोहड़ू क्षेत्र की जनता ने नए बस अड्डे के समीप स्थित भूमि पर स्थायी श्मशानघाट निर्माण की पुरजोर मांग की है। इस संदर्भ में लगभग 150 परिवारों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन उपमंडलाधिकारी रोहड़ू धर्मेश को सौंपा गया। ज्ञापन नगर परिषद उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने प्रशासन को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया कि यह भूमि पिछले कई दशकों से अंतिम संस्कार के लिए प्रयोग की जा रही है और नगर परिषद रोहड़ू पहले ही प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट कर चुकी है कि इसी भूमि पर श्मशानघाट का निर्माण किया जाएगा।

सांसद, विधायक, उपायुक्त के साथ-साथ स्थानीय दानदाताओं ने भी समय-समय पर श्मशानघाट निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई है। इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। मुख्य समस्या यह है कि इस भूमि पर अस्थायी रूप से गोसदन स्थापित कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### लॉरेट फार्मेसी में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस कल से

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान में यूनिवर्सिटी सुल्तान जाइनल अबिदीन मलेशिया के सहयोग से दो दिवसीय तीसरी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 20 और 21 सितंबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्थान के सभागार में आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस का थीम 'मीजोसाइंस: स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा उपकरण में एकीकृत विज्ञान और प्रौद्योगिकी' पर आधारित है। संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञ नवाचार व शोध पर व्याख्यान देंगे। मुख्य वक्ताओं में डॉ. यूएस महादेवा राव (मलेशिया), डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. राकेश कुमार टेकडे, डॉ. आशीष बाल्दी, डॉ. गौरव आहूजा (आईआईटी दिल्ली) सहित कई नामी विशेषज्ञ शामिल हैं।

### स्टूडेंट्स जीवन में अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत ने एपेक्स मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, धर्मशाला के सहयोग से एसवीएल हॉल में हृदय रोगों पर सामान्य जागरूकता पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। सत्र का संचालन डॉ. अमित शर्मा (हृदय रोग विशेषज्ञ, एमबीबीएस और एमडी गोल्ड मेडलिस्ट) ने किया, जिन्होंने हृदय स्वास्थ्य को समझने, दिल के दौरे के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने और निवारक उपाय अपनाने पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने अच्छे स्वास्थ्य के महत्व और दैनिक जीवन में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देकर छात्रों को प्रेरित किया। द्रोणाचार्य के रेड रिबन क्लब द्वारा की जाने वाली ऐसी पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और कल्याण के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है।

### बीडीसी सदस्य कैप्टन संसार ने बांटे बैंच व डस्टबिन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वार्ड नंबर 15 घराणा के बीडीसी सदस्य कैप्टन संसार चंद ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला घडेला में बच्चों के बैठने के लिए 12 बैंचों का योगदान दिया। इसके साथ घराणा पंचायत में महिला मंडलों को स्वच्छता अभियान को मध्य नजर रखते हुए लगभग 171 डस्टबिन दिए। उन्होंने क्यारवां पंचायत के महिला मंडलों को भी 160 के लगभग डस्टबिन दिए। पंचायत बच्छवाई में वह पिछले तीन दिनों से प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर 16वीं गढ़वाल राइफल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अर्पित पारी खुद इस कुदरती आपदा से पीड़ित लोगों का ख्याल रख रहे हैं। वह इस स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कैप्टन संसार चंद ने कहा कि सेना इसमें अपना अहम रोल अदा कर रही है। इस कार्यक्रम में चंचल राणा अनु भी मौजूद रहे।

### सहभागी व समावेशी का माध्यम सामुदायिक रेडियो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और सीकिंग मॉडर्न एप्लिकेशन्स फॉर रियल ट्रांसफरमेशन (स्मार्ट) के सहयोग से 17-18 सितंबर को धर्मशाला में दो दिवसीय समुदाय रेडियो जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य समुदाय रेडियो की स्थापना व संचालन से संबंधित तकनीकी और नियामक प्रक्रियाओं की जानकारी देना तथा इसे सशक्तिकरण और समावेशन का माध्यम बनाना था। कार्यशाला का उद्घाटन स्मार्ट की संस्थापक निदेशक अर्चना कपूर के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सामुदायिक रेडियो को स्थानीय, सहभागी और समावेशी माध्यम बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की निदेशक शिल्पा राव ने महिला नेतृत्व वाले संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंत्रालय के प्रतिनिधि अमित द्विवेदी और विनय दहिया ने नीति और सहायता योजनाओं पर जानकारी दी। रेडियो गुंजन के निदेशक संदीप परमार ने कहा कि समुदाय रेडियो तभी प्रासंगिक है, जब वह स्थानीय समुदाय से जुड़ा हो।

### उपभोक्ता 25 तक करें बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-2 रमेश धीमान ने सूचित किया कि विद्युत उपमंडल नंबर-2, धर्मशाला के अधीन आने वाले गावों कोहला, मटौर, अनसोली, झीयोल, मसरेहर, सुक्कड़, त्रेंबलू, मंदल, मनेड, बनवाला, चेतड़ू, बगली, कंद्रेहड़, गंगभैरो, सकोह, चेलियां, जवाहरनगर, दाड़ी, बडोल, सुधेड़, सराह, शीला, पास्सू इत्यादि के विद्युत उपभोक्ता जिन्होंने अपने अगस्त माह के बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे विद्युत बिलों का भुगतान 25 सितंबर 2025 तक कर दें। इसके बाद बिना किसी सूचना के बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि की वह समय पर अपने बिलों का भुगतान करें।

### निबंध लेखन, काव्य पाठ के विजेता सम्मानित

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर (कांगड़ा) में हिंदी पखवाड़ा का समारोह निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ओमप्रकाश साहनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा संचालन पीयूष कुमार त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत रमन रवि (कालिंदी कॉलेज, दिल्ली) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. ओम कुमार शर्मा (प्राचार्य, व्यास संस्कृत महाविद्यालय, कुल्लू) रहे। निबंध लेखन, काव्य पाठ, भाषण व कहानी लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। चीन के [ गतोंग विदेशी भाषा विश्वविद्यालय से डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी ने ऑनलाइन संबोधन दिया। स्वागत भाषण डॉ. लकेश चौहान और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामनारायण ठाकुर ने दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के आचार्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों ने संवारा मझीण विद्यालय

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल के तहत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीण में वीरवार को ग्रेट हिमालयन ईको क्लब के स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। विद्यार्थियों ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चला कर कैंपस को संवारा। साथ ही ईको क्लब के स्वयंसेवियों ने मझीण बाजार में स्वच्छता पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रों ने स्कूल कैंपस की सुदंरता को निखारने के लिए अभियान चलाया। इसमें खेल मैदान की सफाई, ईको क्लब बगीचे में फूल-पौधा के आसपास घास व कूड़ा-कचरे को इकटटा कर ठिकाने लगाया।

---

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ ने जताया सरकार के फैसले पर विरोध, कहा-

# बोर्ड बदलने के बजाय स्कूलों के उत्थान से आता शिक्षा में सुधार

- प्रदेश सरकार बताए सीबीएसई में क्या है विशेष
- बोर्ड कर्मचारी संघ ने जनरल हाउस में बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश सरकार की ओर से सौ सरकारी स्कूलों को सीबीएसई में स्थानांतरित करने पर सवाल उठाते हुए प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ ने सरकार से पूछा कि सीबीएसई में क्या विशेष है।

सरकार द्वारा मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले पर विरोध जताते हुए संघ ने कहा कि बोर्ड बदलने के बजाय, यदि सरकार ने स्कूलों का उत्थान किया होता तो आज शिक्षा में गुणवत्ता सुधार आता। वीरवार को बोर्ड कर्मचारी संघ ने अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में भोजनावकाश के दौरान जनरल हाउस का आयोजन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। सुनील ने कहा कि 15 सितंबर को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 100 सरकारी स्कूलों को प्रदेश शिक्षा बोर्ड से सीबीएसई में स्थानांतरित का फैसला लेकर शिक्षा बोर्ड में कील ठोकने का काम किया है।



बोर्ड कर्मचारी संघ ने अध्यक्ष सुनील के नेतृत्व में जनरल हाउस का आयोजन किया।

### मांगों पर उचित कार्रवाई न होने पर होगा आंदोलन

**संघ** ने मांगों पर उचित कार्रवाई न होने पर आंदोलन को चेताया है। सुनील शर्मा ने कहा कि बोर्ड के तहत प्रदेश के स्कूलों में इस समय एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की किताबें ही पढ़ाई जा रही हैं और सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में भी यही किताबें पढ़ाई जाती हैं। ऐसे में सीबीएसई बोर्ड में क्या विशेष है। बोर्ड का कार्य परीक्षाओं को सुचारु रूप से संचालन करना है। बोर्ड को बदलने के बजाए सरकार को स्कूलों का उत्थान करना चाहिए था, ताकि शिक्षा में गुणात्मक सुधार आता।

---

# 25 हजार शिक्षकों के हित में क्लस्टर सिस्टम की अधिसूचना पर हो पुनर्विचार

- प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने खंडों संग की बैठक
- मांगों पर कार्रवाई न होने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्राथमिक** शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से क्लस्टर सिस्टम की जारी अधिसूचना पर पुनर्विचार का आग्रह किया है। साथ ही आश्वासन के बावजूद शिक्षकों की मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष जताया है।

यही नहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता पर यूपी सरकार की तर्ज पर प्रदेश सरकार से भी माननीय न्यायालय में याचिका दायर करने का आग्रह किया है। संघ की जिला कार्यकारिणी व 23 खंडों की कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संघ ने 25000 प्राथमिक शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए हाल ही में जारी क्लस्टर सिस्टम की अधिसूचनाओं पर पुनर्विचार किया जाए। इस व्यवस्था के तहत प्राथमिक शिक्षकों के हितों के साथ छेड़छाड़ न की जाए, क्योंकि इस व्यवस्था के संचालन से प्राथमिक शिक्षा का ढांचा अस्त -व्यस्त हो जाएगा। इससे जेबीटी से एचटी, एचटी से सीएचटी और सीएचटी से बीईईओ की पदोन्नतियां प्रभावित होंगी। बैठक में कहा कि शिक्षकों का 43 दिन बाद धरना-प्रदर्शन 7 जून को शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर समाप्त किया गया था। शिक्षा मंत्री से वार्ता में विभिन्न विषयों पर सहमति बनी थी, लेकिन अभी न कोई प्रपत्र जारी किया गया और न ही कोई मांग मानी गई है।

**सीएम को करवाया जाएगा अवगत:** सर्वसम्मति से प्रताप पारित किया गया कि एक बार मुख्यमंत्री को क्लस्टर व्यवस्था के मुद्दे पर सही स्थिति के बारे में अवगत करवाया जाएगा।

---

# अजय सिंह बने हिमाचल आम आदमी पार्टी के सहप्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिल्ली प्रदेश के संगठन मंत्री अजय सिंह राजपूत को हिमाचल प्रदेश का सह प्रभारी नियुक्त कर भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ जंग का बिगुल बजा दिया है। साथ ही हिमाचल की जनता के बीच और गहराई से जुडने के लिए 22 सितंबर को शिमला के खलीनी चौक में अपने नए पार्टी कार्यालय का भव्य शुभारंभ राज्य प्रभारी ऋतु राज झा के आतिथ्य में करने जा रही है। आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि यह कदम हिमाचल की सियासत में एक नया तूफान लाने का संकेत है। अब हिमाचल की धरती पर भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। पार्टी गवर्नेंस के दिल्ली और पंजाब मॉडल को हिमाचल में भी स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर को शिमला के खलीनी चौक में पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन हिमाचल में पार्टी के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। यह कार्यालय न केवल पार्टी का मुख्यालय होगा, बल्कि हिमाचल की जनता की आवाज को बुलंद करने का केंद्र भी बनेगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जो जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही पार्टी राज्यभर में जनसभाओं और जागरूकता अभियानों की शुरुआत करेगी, ताकि हिमाचल के हर कोने तक दिल्ली मॉडल की गूंज पहुंचे।

- शिमला के खलीनी चौक में खुलेगा पार्टी का आधिकारिक कार्यालय

---

# फोटोग्राफी में आकांक्षा और भाषण स्पर्धा में दीपाली प्रथम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों को ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों से अवगत कराया।

उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं को पहले सोच कर आगे बढ़ने का संदेश दिया।इस अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से ईको-क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपशिष्ट सामग्री से उपयोगी वस्तुएं बनाकर उन्हें पुन: उपयोग का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरीश (बीएससी प्रथम वर्ष, नॉन-मेडिकल), द्वितीय स्थान अनुष्का एवं अनवी, तृतीय स्थान खुश्बू एवं तमन्ना को मिला। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा डोगरा, द्वितीय स्थान अंशिका चौधरी, तृतीय स्थान अंकुश कुमार और सांत्वना पुरस्कार अतुल चौहान ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने ओजोन परत के संरक्षण में मेरी भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें प्रथम स्थान दीपाली कटोच, द्वितीय स्थान जाह्नवी और तृतीय स्थान उत्कर्षा ने हासिल किया। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक वनीत ठाकुर, आमना, पूजा वासुदेवा, डॉ. मानेश्वर, ईशा चावला, डॉ. उषा और डॉ. अदिति शर्मा ने निर्णायकों की भूमिका निभाई।



जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

---

# इंदौरा में साक्षात्कार, 50 युवाओं का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** 18 प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 50 पदों के लिए आज उपरोजगार कार्यालय इंदौरा में साक्षात्कार आयोजित किए गए। इसमें 150 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 50 युवाओं का चयन किया गया। विधायक मलेंद्र राजन ने चयनित युवाओं को चयन पत्र वितरित किए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निजी कंपनियों व विभिन्न सरकारी विभागों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई दी और उनसे अपेक्षा जताई कि वे अपने कार्यक्षेत्र में लगन, परिश्रम और ईमानदारी से कार्य कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान अनिल कुमार, रोजगार अधिकारी तथा सिस कंपनी के असिस्टेंट भर्ती अधिकारी सतवीर सिंह उपस्थित रहे।

- विधायक मलेंद्र ने चयनित युवाओं को वितरित किए चयन पत्र

---

## श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी का रिजल्ट रहा शानदार



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढ़ानी पठानकोट कैंपस एमएड दूसरे सेमेस्टर का रिजल्ट शानदार रहा। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने हाई एजुकेशन स्टूडेंट्स को बधाई दी।

प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सवाल ने बताया कि एमएड दूसरे सेमेस्टर की निधि शर्मा ने पहला, पलक जोशी, सलोनी ठाकुर और प्रभजोत ने दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एमडी तृप्ता पुंज ने सभी स्टूडेंट्स को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. केवल कृष्ण, जसवंत कौर हेड ऑफ डिपार्टमेंट और स्टाफ आदि शामिल थे।

---

विधायक से मिला गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट समिति का प्रतिनिधिमंडल

# दो विश्व स्तरीय फुटबाल ग्राउंड होंगे तैयार : सुधीर

- धर्मशाला को खेल नगरी बनाने के लिए सभी खेल संगठनों को करना होगा प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ऑल इंडिया शहीद मेजर दुर्गा मल्ल, कैप्टन दल बहादुर थापा गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट समिति का प्रतिनिधिमंडल वीरवार सुबह धर्मशाला के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा से उनके निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने समिति की ओर से सुधीर शर्मा को उनके निरंतर सहयोग देनरे के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पालम जंग प्रधान की अगुवाई में समिति ने विधायक के साथ विस्तृत चर्चा की और सुझाव साझा किए कि किस प्रकार इस टूर्नामेंट को और अधिक राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए तथा इसके मानकों को और ऊंचा उठाया जाए। विधायक सुधीर शर्मा ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में धर्मशाला में कम-से-कम दो विश्व स्तरीय फुटबाल ग्राउंड तैयार किए जाएंगे। यह क्षेत्र न केवल फुटबाल बल्कि अन्य खेलों में भी अपार प्रतिभा से भरपूर है, किंतु अब तक विश्व स्तरीय खेल अधोसंरचना का अभाव रहा है। धर्मशाला को विश्व स्तरीय खेल नगरी बनाने के लिए सभी खेल संगठनों को एक छत्रछाया में लाकर साझा प्रयास करना आवश्यक है। इस दिशा में वे शीघ्र ही एक खेल रोडमैप तैयार करेंगे और इसके लिए सभी खेल संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनके विचारों को भी शामिल किया जाएगा।



विधायक सुधीर से मिलता गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट समिति का प्रतिनिधिमंडल

---

# तेलंगाना में चमके जिला कारागार कर्मी अजय बग्गा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**तेलंगाना** में जिला कारागार धर्मशाला के कर्मी अजय बग्गा ने अपनी चमक दिखाई है। तेलंगाना में आयोजित सातवीं ऑल इंडिया प्रिजन ड्यूटी मीट (एआईपीडीएम) में अजय ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन में गोल्ड पर कब्जा जमाया है। अजय ने ड्यूटी के साथ गेम के बीच तालमेल बिठाकर यह जीत हासिल की है। एआईपीडीएम में जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला के दो खिलाड़ियों अजय कुमार व अमित शर्मा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए बैडमिंटन में जिला कारागार को गोल्ड दिलाया है। गोल्ड मेडल विजेता अजय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला में वार्डर के पद पर तैनात हैं। ऊना निवासी अजय पिछले कुछ वर्षों से धर्मशाला जेल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

अजय ने अपनी जीत का श्रेय स्टाफ व कोच दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी ड्यूटी बहुत मुश्किल होती है, लेकिन धर्मशाला में स्टाफ के सहयोग और अपनी मेहनत से हम नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत पाए हैं। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही बैडमिंटन खेलने आ रहे हैं, लेकिन जब जेल वार्डर में भर्ती हुए तो उन्होंने खेलना बंद कर दिया था। धर्मशाला में आने के बाद उन्होंने इंडोर स्टेडियम में फिर से प्रेक्टिस शुरू कर दी। एआईपीडीएम में गोल्ड मेडल जीतने पर गोल्ड मेडलिस्ट अजय कुमार और अमित शर्मा को 19 सितंबर को शिमला में डीजीपी से डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

- 7वीं एआईपीडीएम के बैडमिंटन में गोल्ड पर जमाया कब्जा
- ड्यूटी के साथ गेम में तालमेल बिठा हासिल की जीत

---

# संजय चौहान और उपायुक्त हेमराज बैरवा ने लिया ढाटी पुल का जायजा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** बच्छवाई गरडेर गांव में आई आपदा से 13 मकान ध्वस्त हो गए हैं। प्रभावितों में ओम प्रकाश, हरनाम सिंह, नारायण, अश्विनी कुमार, मनोज कुमार, त्बारसू, देवराज, नरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार शमिल हैं। प्रभावित परिवारों को वीरवार को हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा की ओर से राशि वितरित कर दी गई।

गौरतलब है कि जिस दिन यह त्रासदी हुई, उसी दिन सायं संजय सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से समीक्षा कर सभी पीड़ित 13 परिवारों को फौरी राहत प्रति परिवार दस हजार रुपए की राशि स्वीकृत करवा दी है। संजय चौहान ने बताया कि उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभागों को आदेश दिए हैं कि आपदा प्रबंधन एक्ट के अनुसार जो भी इन पीड़ितों को जो आर्थिक सहायता बनती है, तुरंत दी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से इन पीड़ितों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग करेंगे और उन्हें विश्वास है कि जिलाधीश ने सभी आपदा प्रभावित को आश्वासन दिया कि जल्द ही आपका पुनर्वास किया जाएगा। इसके साथ-साथ संजय चौहान व डीसी कांगड़ा ढाटी पुल को देखने भी गए, पिछले दिनों भारी बरसात के कारण मौल खड्ड में आई भीषण बाढ़ के चलते जिसका एक तरफ का डंगा क्षतिग्रस्त हो गया था। गांव रौंह के किसानों की बहुत सारी जमीन भी इस बाढ़ के चलते बह गई थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ग्रामिणों की समस्याओं को हल किया जाए। इसके साथ-साथ अजीत सिंह गुलेरिया पुत्र प्रकाश चंद गांव वीर गढ़ के घर के निचली ओर बहते बरसाती नाले में बाढ़ आने के कारण घर के साथ लगती जमीन पूरी तरह दरक गई है, जिससे उनके घर को ढहने का खतरा बना हुआ है। संजय चौहान और डीसी कांगड़ा ने इसके बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर इस समस्या को शीघ्र हल करने को कहा।



जिलाधीश ने आपदा प्रभावित लोगों को पुनर्वास का दिया आश्वासन।

---

**विमोचन** सीयू के पंजाबी एवं डोगरी विभाग ने किया है आत्मकथा 'निज पथ का अविचल पंथी' का पंजाबी में अनुवाद

# शांता की पुस्तक का पंजाबी अनुवाद विमोचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंजाबी एवं डोगरी विभाग की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की आत्मकथा निज पथ का अविचल पंथी का पंजाबी भाषा में किए गए अनुवाद पुस्तक का विमोचन धौलाधार परिसर के सभागार में किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ साहित्यकार शांता कुमार, विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरमोहिंदर सिंह बेदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। विशेष अतिथि के तौर पर वाई.एस.पी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल और विशेष उपस्थिति कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार सांख्यान और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार की रही। संगोष्ठी के संयोजक एवं पुस्तक के अनुवादक डॉ नरेश कुमार, डॉ. हरजिंदर सिंह और सहसंयोजक डॉ नरेंद्र. पांडे और डॉ. प्रीति सिंह मौजूद रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि शांता ने अंत्योदय योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की, जो आज आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव मानी जाती हैं। उनका विश्वास है कि समाज को केवल सिद्धांत आधारित राजनीति से ही बदला जा सकता है, छल कपट से नहीं। उनकी आत्मकथा निज पथ का अविचल पंथी केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि एक पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कुलाधिपति प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी ने भी पूर्व मुख्यमंत्री शांता के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। अब पंजाबी भाषा में उनकी जीवनी उपलब्ध होगी।



केंद्रीय विश्वविद्यालय में किया संगोष्ठी का आयोजन।

## आज जीवन ही राजनीति का हिस्सा बन गया : शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि पहले राजनीति, जीवन का छोटा सा हिस्सा थी, आज जीवन ही राजनीति का हिस्सा बन गया है। मेरा मानना है कि समग्र जीवन का राजनीतिकरण हो गया और राजनीति का भ्रष्टीकरण होता जा रहा है। वीरवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश परिसर धर्मशाला पहुंचे शांता कुमार ने कहा कि मैं अपने जीवन की अंतिम इच्छा यही प्रकट करना चाहता हूं कि देश के विद्वान नेता बैठें, विचार करें और राजनीति के गिरते हुए स्तर को संभालने की कोशिश करें। जिस देश में आज आजादी के इतने वर्षों बाद कुछ नेताओं के घरों से भ्रष्टाचार से कमाए हुए नोटों के पहाड़ निकलते हैं और उन पहाड़ों को पूरा देश देखता है, उस भारत का भविष्य क्या होगा, सोचकर बहुत चिंता होती है।

**जीवन जिआ और लिख भी दिया :** शांता ने कहा कि मैंने पूरा जीवन जी लिया, जीवन लिख भी दिया, मेरी आत्मकथा पहले दो भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी है। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की वजह से मेरी पुस्तक का पंजाबी में विमोचन हुआ है। शांता ने कहा कि मैंने जैसा जीवन जिआ है, वैसे मैंने लिख दिया है, उसमें कुछ विशेष नहीं है। मेरा जीवन मूल्य आधारित राजनीति का एक जीवंत दस्तावेज है। शांता ने कहा कि पूरी दुनिया एक तरफ थी, मैं अकेला खड़ा था, मेरे मन में यही बात आ रही थी कि सत्ता जाती है तो चली जाए, लेकिन सत्य नहीं जाना चाहिए। सत्य की रक्षा के लिए जीवन भर काम किया और खुशी है कि मेरी आत्मकथा का तीसरा अनुवाद प्रकाशित हो रहा है।

### अभी की राजनीति की बात न कीजिए

**एक** सवाल के जवाब में शांता ने कहा कि अभी की राजनीति की बात मत कीजिए। मैं जीवन के अंतिम मोड़ पर खड़ा हूं, एक ही दुख है मेरे मन में, कई बार सोचता हूं कि गुलाम देश की राजनीति देश के लिए थी, फांसी के फंदों पर लोग हंसते-मुस्कुराते हुए जाते थे, आजाद देश की राजनीति अब कुर्सी व वोट के लिए होने लगी है, यह देश का अत्यंत दुर्भाग्य है देश, यह सोचकर मेरा सिर झुक जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदी को व्यवहारिक बनाने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र मोहली में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के तहत हिंदी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र निदेशक प्रो. (डॉ.) कुलदीप अत्री और विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) धर्मप्रकाश वर्मा रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश प्रजापति ने मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी के इतिहास, संस्कृति और वैश्विक महत्व पर विचार साझा किए। मुख्य अतिथि ने हिंदी को व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. संदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. हेतराम, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. दिव्या गुप्ता सहित 160 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। अतिथियों को हिमाचली टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. पूनम ने किया।

### विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक के प्रथम सत्र में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, निर्धारित कक्षाओं में विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया गया तथा अभिभावकों और अध्यापकों के मध्य संवाद सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर कक्षा छठी से 10वीं तक अभ्यास बोट पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की अपार आईडी से संबंधित आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता 10 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के ऐतिहासिक कुंजेश्वर महादेव मंदिर लंबागांव में स्वर्गीय सूबेदार मेजर मुंशी राम राणा मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 अक्तूबर तक किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से हिमांशु राणा ने बताया कि लंबागांव ब्लॉक की हर पंचायत से 21 वर्ष से कम आयु वर्ग की एक टीम अपेक्षित है। विजेता टीम को ग्यारह हजार ट्रॉफी व उपविजेता को सात हजार एक सौ ट्रॉफी दी जाएगी।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय ने सफल पौधरोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 60 छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज सूद ने अभियान की शुरुआत की और जलवायु परिवर्तन से निपटने में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. अजय ठाकुर, डॉ. दीप ठाकुर, प्रो. विपिन कुमार और डॉ. तनवीर ने सक्रिय भागीदारी निभाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों राजीव भोरिया और पूनम शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने 100 पौधे लगाए, जिनमें स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई। यह अभियान छात्रों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने और हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।

### पालमपुर में युवक से 84 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना पालमपुर की टीम द्वारा गश्त व यातायात चेकिंग के दौरान होल्टा के समीप मोटरसाइकिल नंबर एचपी 37डी-1379 में 32 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र केहर सिंह निवासी गांव वोदा बुहला के कब्जे से 84 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पालमपुर में मामला पंजीकृत किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# एचपीटीडीसी का वित्त वर्ष में 150 करोड़ टर्नओवर का टारगेट

## नुकसान के बावजूद उठाए गए कई प्रभावी कदम, वेबसाइट को भी किया जा रहा रिडिजाइन

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ के टर्नओवर का टारगेट तय किया है। हालांकि, इस वर्ष बरसात से काफी नुकसान प्रदेश में हुआ है, इसके बावजूद निगम प्रबंधन, तय टारगेट को हासिल करने के प्रति आशावान है।

निगम की ओर से आय वृद्धि के लिए कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे भी निगम की आय बढ़ने की संभावना है। साथ ही निगम की वर्षों पुरानी वेबसाइट को भी रिडिजाइन किया जा रहा है।

निगम प्रशासन की मानें तो पिछले वर्ष 107 करोड़ का टर्नओवर एचपीटीडीसी हासिल कर चुका है। पूर्व में जो टर्नओवर 70 से 80 करोड़ तक रहता था, जिसे पिछले तीन साल से 100 करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया है।

टर्नओवर बढ़ाने के लिए निगम ने कई कदम भी उठाए हैं, जिसके चलते निगम को पूरी उम्मीद है कि 150 करोड़ के टर्नओवर को हासिल कर लिया जाएगा। हालांकि, इस बार बरसात में नुकसान बहुत हुआ है, लेकिन निगम की ओर से विभिन्न विभागों व संस्थानों के साथ एमओयू साइन किए जा रहे हैं। निगम की मानें तो सरकारी क्षेत्र, एक बड़ा ग्राहक है, जिसे साधा जा रहा है।

### ट्रेवल एजेंट्स से भी होगा टाईअप

**ट्रेवल** एजेंट्स के लिए योजना तैयार की जा रही है, जिससे बाहरी राज्यों के ट्रेवल एजेंट हिमाचल के होटलों में बुकिंग करें, इस पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कुछ फीस देकर ट्रेवल एजेंट प्रदेश के होटलों की बुकिंग कर सकेंगे, जिसकी एवज में उन्हें कमीशन देने का प्रावधान किया जाएगा। पर्यटन निगम की वेबसाइट को रिडिजाइन किया जा रहा है, क्योंकि वेबसाइट बहुत पुरानी थी, जिसे नया रूप देने की जरूरत महसूस की जा रही थी, जिस पर कार्य किया जा रहा है।

इस वर्ष 150 करोड़ के टर्नओवर का टारगेट रखा गया है। हालांकि, इस बार काफी नुकसान हुआ है, लेकिन निगम हित में उठाए गए कदमों से टारगेट हासिल किया जाएगा। ट्रेवल एजेंट्स से प्रदेश के होटलों में बुकिंग के लिए टाईअप किया जा रहा है। वहीं, वेबसाइट को भी रिडिजाइन किया जा रहा है।

**-राजीव कुमार, उधर, एमडी, एचपीटीडीसी।**

# बरसात का कहर: जिले में 24 घंटे में 34 घर क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिले** में पिछले 24 घंटों में 34 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 38 गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, नूरपुर में एक कच्चा घर पूरी तरह से, दो पक्के घर आंशिक रूप से तथा 6 कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**38 गोशालाओं को भी पहुंचा नुकसान**

इसके अलावा एक रसोईघर तथा 7 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई है। जिले के उपमंडल जवाली के तहत दो कच्चे घर आंशिक रूप से, एक रसोई घर क्षतिग्रस्त हुआ है तथा एक गोशाला को नुकसान पहुंचा है। जिले के बैजनाथ उपमंडल में 35 भेड़ बकरियों की मौत हुई है। एक कच्चा घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि आठ कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 13 गोशालाएं, एक दुकान तथा एक आटा चक्की को नुकसान पहुंचा है। जिले के शाहपुर उपमंडल के तहत एक पक्का घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि धर्मशाला में दो कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 6 गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है। जिले के देहरा उपमंडल के तहत दो भैंसों की मौत हुई है। दो कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, तीन गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा दो कच्चे घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। ज्वालामुखी उपमंडल के तहत तीन पक्के घर आंशिक रूप से, जबकि एक कच्चा घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा दो कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि आठ गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है।

## 20 को निकलेगी ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय क्षत्रिय, धृत, बाहती, चाहंग महासभा ब्लॉक धर्मशाला के अध्यक्ष सुदर्शन अंगारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, महासचिव अशोक काजत व वित्त सचिव मदन लाल एवं गौरखा सुमदाय के अध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि धर्मशाला ब्लॉक से हजारों ओबीसी एवं एसी/एसटी वर्ग के लोग 20 सितंबर ओबीसी प्रदेश संघर्ष समिति द्वारा संचालित ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा में जो कांगडा से गगल शीला दाड़ी होती हुई धर्मशाला पहुंचेगी, उसमें भाग लेंगे।

**कांगड़ा से वाया शीला होते हुए धर्मशाला पहुंचेगी यात्रा**

ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य 93वें सविधान संशोधन 2005 व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी आरक्षण लागू करवाना, मंडल आयोग व सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी सरकारी व अर्ध- सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करवाना, राइट-टू-एजुकेशन एक्ट हिमाचल प्रदेश में पूरी तरह लागू करवाना, नॉट फाउंड सुटेबल के नाम पर ओबीसी वर्ग के साथ भेदभाव करके अयोग्य ठहराने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना और प्रदेश में ओबीसी जनगणना जल्द करवाना रहेगा।

## चेक बाउंस मामले में दोषी को दो साल की सुनाई सजा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और चेक बाउंस के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। यह फैसला अशोक कुमार, ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पालमपुर की अदालत ने सुनाया। अदालत ने आरोपी मनतेश कुमार निवासी हाउस नंबर 1014, वार्ड नंबर 59, कंचन कॉलोनी, विकास नगर, लुधियाना को 6 लाख 20 हजार रुपए 9 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित पीड़ित को लौटाने का आदेश दिया है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त 6 माह की साधारण कारावास की सजा भी भुगतनी होगी। मामला 2013 का है, जब बलौटा धीरा निवासी शोभा राम पुत्र काहन सिंह ने अपने बेटे को विदेश नौकरी दिलवाने के लिए इमीग्रेशन एजेंट मनतेश कुमार को 6 लाख 20 हजार रुपए दिए थे, लेकिन तो युवक को विदेश भेजा गया और न ही पैसे लौटाए गए। कई बार पैसे मांगने पर एजेंट ने चेक दे दिए, जो बाद में बाउंस हो गए।

**6.20 लाख रुपए 9 फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे**

गवाहों की मौजूदगी में चेक देने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो शोभा राम ने 2017 में कानूनी कार्रवाई शुरू की। अब, सात साल की लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने एजेंट को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता हितेश नाग ने पीड़ित की पैरवी की।

## आरबीआई, नाबार्ड के हर पैरामीटर पर खरा उतरा केसीसी बैंक: पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हर बैंक आरबीआई, नाबार्ड द्वारा प्रस्तावित पैरामीटर्स/मापदंडों के तहत अपना कार्य करता है। केसीसी बैंक कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष पंकज धीमान ने कहा कि हमारा बैंक आरबीआई और नाबार्ड के हर एक पैरामीटर्स पर खरा उतर रहा है। उन्होंने कहा कि केसीसी बैंक के रिजवर्स लगभग एक हजार करोड़, सीडी रेशो लगभग 30 फीसदी, नेट एनपीए लगभग 5.6 फीसदी, सीएआर लगभग 15 फीसदी और नेट प्रॉफिट लगभग 118 करोड़ है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना करें तो बैंक हर साल हर मापदंड में हम प्रॉफिट में है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक की बैलेंस शीअ मजबूत है। बैंक में हिमाचल के लोगों का 15 हजार करोड़ रुपए जमा है और बैंक भारत के सभी को-ऑपरेटिव बैंकों में उच्च स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को हर प्रकार की सेवाएं देने के लिए तत्पर है।



### हैप्पी बर्थडे



भूनेड़ के अभिषेक चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## एक करोड़ ठगी मामले में शातिरों के म्यूल बैंक खातों को भेजे जाएंगे नोटिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** में बीते दिनों पूर्व बैंक अधिकारी से करीब 1 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी मामले में साइबर टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा बैंकों के माध्यम से ठगी के मामले में संदेहास्पद शातिरों के म्यूल खातों को बैंक नोटिस भिजवाए जाएंगे। इस बारे में साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया शातिरों के म्यूल खातों को बैंक के माध्यम से नोटिस भिजवाने को लेकर अधिकारी के खातों से संबंधित सभी बैंकों को साइबर थाना की ओर से अपनी ओर से नोटिस भेज कर यह कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

साइबर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी माह पेश आए इस मामले में ऑनलाइन शातिरों ने स्टॉक ट्रेडिंग पर अतिरिक्त लाभांश का प्रलोभन देकर जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते क्षेत्र के एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को करीब 1 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति पहले भी स्टॉक ट्रेडिंग करता था, जबकि बीते माह ही उसे व्हाट्सऐप पर एक फोन आया। इसमें शातिरों ने उसे स्टॉक ट्रेडिंग पर अधिक लाभांश कमाने का प्रलोभन देते हुए शातिरों द्वारा भेजे गए फेक प्लेटफार्म लिंक पर ट्रेडिंग करने को कहा। अधिकारी द्वारा शातिरों के भेजे लिंक पर स्टॉक ट्रेडिंग करना शुरू किया। इसके बाद पहले इस फेक प्लेटफार्म पर डेढ़ लाख रुपए का लाभ मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद संबंधित अधिकारी ने एक माह में ही करीब 14-15 ट्रांजेक्शन करते हुए करीब 1 करोड़ की राशि इस फेक प्लेटफार्म पर लगा दी। पूर्व अधिकारी ने स्टॉक ट्रेडिंग लाभ राशि निकालने के लिए संबंधित ऑनलाइन फेक प्लेटफॉर्म पर बात की तो उसे इस राशि को निकालने के लिए पहले उसे करीब 25 लाख रुपए की राशि टैक्स के रूप में भुगतान करने की बात कही गई। इस पर प्रभावित व्यक्ति ने उन्हें यह 25 लाख की राशि लाभांश की राशि में से काटने को कहा, जिसको लेकर शातिरों द्वारा उसे सीधे तौर पर यह टैक्स की राशि अलग से देने की बात कही। इसके बाद सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को ऑनलाइन ठगी का शिकार होने का आभास हुआ।

# पीएनबी सजगता से बची 40 लाख रुपए की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कानून प्रवर्तन एजेंसी का अधिकारी बताकर बनाया जा रहा था दबाव**

**साइबर** अपराधियों के बढ़ते जाल के बीच पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धर्मशाला शाखा ने सजगता और संवेदनशीलता दिखाकर एक बड़े वित्तीय नुकसान को टाल दिया। यह मामला एक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और वर्तमान में मंदिर पुजारी के रूप में सेवा दे रहे कुलजीत से जुड़ा है, जिन्हें ठगों ने झांसे में लेकर उनकी मेहनत की पूंजी पर हाथ साफ करने की कोशिश की।

सूत्रों के अनुसार, कुलजीत को अज्ञात कॉल के माध्यम से कुछ व्यक्तियों ने संपर्क किया। वे खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर उन पर धार्मिक कार्यों के नाम पर पद के दुरुपयोग का आरोप लगाने लगे। आरोपियों ने उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देते हुए कहा कि कानूनी कार्रवाई से बचने का एकमात्र उपाय तुरंत धन हस्तांतरित करना है। इससे घबराए कुलजीत सीधे पीएनबी धर्मशाला शाखा (कांगड़ा रोड़) पहुंचे और लगभग 40 लाख रुपए की सावधि जमा को समय से पूर्व बंद कर राशि बचत खाते में डालने का आग्रह किया। बैंक कर्मचारियों ने उन्हें समयपूर्व निकासी पर होने वाले ब्याज नुकसान की जानकारी दी, लेकिन उसके असामान्य व्यवहार और हड़बड़ी के कारण मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ।

### शाखा प्रबंधक ने स्वयं किया हस्तक्षेप

शाखा प्रबंधक तेजपाल सिंह ने स्वयं हस्तक्षेप करते हुए धैर्यपूर्वक बातचीत की। संवेदनशील संवाद और पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कुलजीत साइबर ठगों के दबाव में हैं। स्थिति समझते ही बैंक ने त्वरित निर्णय लेते हुए सावधि जमा को बंद करने की बजाय पुनः बुक कर दिया, जिससे पूरी राशि सुरक्षित हो गई और ठगों तक पहुंच ही नहीं पाई। साथ ही मामला साइबर सेल धर्मशाला को तुरंत रिपोर्ट किया गया। जांच में पता चला कि यह गिरोह केरल से ऑपरेट कर रहा था।

## भाजपा थुरल मंडल ने मरीजों को बांटे फल



**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा थुरल मंडल की ओर से जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नागरिक अस्पताल थुरल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इसके अलावा, रैनसन पब्लिक स्कूल में बच्चों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध रिढू माता मंदिर में पूजा-अर्चना की गई और सेवा ही संकल्प कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा का भाव पहुंचाना है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा भावना का प्रतीक है।

# अवैध कब्जों को लेकर सही नीति निर्धारित करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**23 सितंबर को धर्मशाला में निकाली जाएगी रैली**

**सीएम और राज्यपाल को भेजा जाएगा ज्ञापन**

**अवैध** कब्जों को लेकर सरकार सही नीति बनाए। इसके लिए 23 सितंबर को सुबह 11 बजे दाड़ी मैदान में क्षेत्र की जनता एकत्रित हो रही है। दाड़ी मैदान से शांतिपूर्ण रैली के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे और यहां पर उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन एक रफ ड्राफ्ट के रूप में होगा, जिसमें नीति निर्धारण की मांग की जाएगी। समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने कहा कि लोगों के घर तोड़कर न तो सरकार को कुछ मिलेगा और न ही न्यायालय को कुछ मिलेगा। लेकिन लाखों परिवार घर से बेघर हो जाएंगे, जिससे उन्हें फिर से बसाने की जिम्मेदारी आ जाएगी। एक तो पहले ही बरसात ने लोगों के घरों को रहने लायक नहीं छोड़ा है।

अब न्यायालय के आदेश पर प्रशासन लोगों के घरों को गिरा देगा तो लोग कहां रहेंगे। कुछ लोगों ने रोजगार के लिए दुकानें बनाई है, उनकी दुकानें टूटेंगी तो वह बेरोजगार हो जाएंगे। यह एक बड़ी चुनौती है और इससे पार पाने के लिए सरकार को नीति निर्धारित करनी होगी। अगर सरकार व प्रशासन सभी लोगों के घरों को गिरा भी देता है, तो मलबा कहां डंप करेगा। इसलिए जरूरी है कि लोगों को घरों से बेघर करने के बजाए वन टाइम सेटलमेंट कर नीति निर्धारित की जाए, ताकि आम लोगों को भी कोई परेशानी न हो। भारद्वाज ने बताया कि रैली को लेकर प्रशासन से इजाजत ली है और सभी लोगों से आग्रह है कि इस रैली में शांतिपूर्वक अपनी बात रखें।

**परेशानी** पांच किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह से जर्जर, जगह-जगह भूस्खलन, सड़क गड्ढों में तब्दील

# कोटला सड़क खस्ताहाल, चालकों की बढ़ी दिक्कतें

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** एनएचएआई की ओर से कोटला से गुजरते पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग को साइड में कर दो टनल युक्त नए फोरलेन मार्ग का निर्माण कर यातायात सुचारु कर दिया गया है, जो सराहनीय है। लेकिन पुराने मार्ग की उपेक्षा कर उसे लोक निर्माण विभाग के अधीन कर दिया गया। अब यह पांच किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

जगह-जगह भूस्खलन, गहरे गड्ढे और टूटी सड़कों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। फोरलेन निर्माण कंपनी ने वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की, जिससे सारा पानी पुराने मार्ग पर बहता है। नेरा नाला पुल के पास सड़क पूरी तरह खड्ड में तब्दील हो गई है। ढाबों के पास पानी इस कदर भर जाता है मानो कोई तालाब हो, जिससे वाहन निकलना मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग पर बसें और अन्य भारी वाहन लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। निजी बस चालक कोटला तक नहीं जाते, जिससे सवारियों को निर्जन स्थलों पर उतरना पड़ता है। सड़क किनारे की नालियां वर्षों से बंद हैं और उनमें बड़े-बड़े पौधे उग आए हैं। यदि समय रहते इनकी सफाई व सड़क की मरम्मत न की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।



व्यापार मंडल के प्रधान व स्थानीय लोगों ने की लोक निर्माण विभाग कोटला के एसडीओ से मुलाकात।

### एसडीओ कोटला ने किया सड़क का निरीक्षण

**व्यापार** मंडल कोटला के प्रधान अरविंद गुप्ता एवं पूर्व प्रधान योगराज मेहरा के नेतृत्व में कोटला के व्यवसायी एवं स्थानीय लोग हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग कोटला के एसडीओ राजेश कुमार से उनके कार्यालय में मिले एवं उन्हें साथ में लेकर इस सड़क का मौका पर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का टेंडर हो गया है और बरसात का मौसम बीतते ही इस मार्ग को सही तरीके से बनाया जाएगा। इस मार्ग के दोनों ओर पानी की निकासी की सही व्यवस्था की जाएगी।

# चांदड़ बमियाल पंचायत की दुधला पहाड़ी पर फिर निकला दूध

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव की चांदड़ बमियाल पंचायत की दुधला पहाड़ी पर तीसरी बार दूध निकला है। यह दूध वर्ष 1978 के बाद फिर निकला है। स्थानीय निवासियों की मान्यता है कि यह बाबा बर्फानी नाथ का प्रसाद है। 1978 में सड़क की सुविधा भी नहीं थी, लेकिन अब चांदड़-ढाटी मार्ग पर बमियाल गांव की दुधला पहाड़ी पर यह फिर से चमत्कार हुआ है। दूध निकलने वाली जगह से बाबा बर्फानी नाथ मंदिर की दूरी लगभग 300 मीटर है। पहले यह दुधली धारा बाबा बर्फानी नाथ मंदिर तक बहती थी और वहां समा जाती थी, लेकिन अब लोगों की मान्यता है कि यह शायद जमीन के नीचे ही मंदिर तक पहुंचती होगी। चांदड़ बमियाल पंचायत की प्रधान अनुपमा कुमारी व उनके पति संजय कुमार भी इस जगह पर आए थे। इनके साथ साथ बहुत से श्रद्धालु यहां पर माथा टेकने आ रहे हैं। विनोद धीमान पूर्व प्रधान गढ़ जमूला ने बताया कि यहां पर लगभग शाम तक 700 श्रद्धालु यहां पर माथा टेक चुके हैं। स्थानीय निवासी सुरिंद्र कुमार ने कहा कि जहां पर इसकी बावड़ी बनाई गई है, श्रद्धालु उसके ऊपर न जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि दूध को न लांघे और बावड़ी के ऊपर न जाएं, ऊपर की पहाड़ी दरक रही है और कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है। लोगों में इसके प्रति बहुत आस्था है। पूरी बात का पता शोधकर्ताओं द्वारा दूध की जांच करने के बाद ही चलेगा।



दुधला पहाड़ी पर तीसरी बार दूध निकला है।

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता के संजय कुमार की करंट लगने से मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के निवासी संजय कुमार पुत्र शमशेर सिंह गांव मुकडाना डाकखाना रोहल तहसील झंडूता जिला बिलासपुर उम्र 44 साल की घर के पास बिजली से आज सुबह करीब 7 बजे करंट लगने लगने से मृत्यु हो गई है। यह हादसा उस समय हुआ, जब वह अपने घर के पास किसी कार्य में व्यस्त थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिवार को सौंप दिया गया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

### बल्हसीणा में ईंटों से भरा ट्रक पलटा, ड्राइवर सुरक्षित

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह एक बड़ा हादसा सामने आया। ग्राम पंचायत बल्हसीना के टोली खाला जंगल के पास तलाई से बरठीं की ओर जा रहा ईंटों से लदा एक ट्रक अचानक सड़क से किनारे की ओर जमीन धंसने से पलट गया। राहत की बात यह रही कि ट्रक का ड्राइवर इस हादसे में पूरी तरह सुरक्षित बच गया। ट्रक तलाई से बरठीं की ओर जा रहा था, टोली खाला जंगल के पास एक तीखे मोड़ पर ड्राइवर स्कूटी को पास दे रहा था कि जमीन नीचे से धंस गई, जिसके कारण ट्रक नीचे की ओर पलट गया।

### डाहड वृत्त में पोषण माह का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता के अंतर्गत वृत्त डाहड के आंगनबाड़ी केंद्र चोरबांए में 17 सितंबर को पोषण माह 2025 की शुरुआत जागरूकता शिविर के साथ हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यवेक्षिका रेशो देवी ने किया और केंद्रीय संदेश 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' रहा। शिविर में महिलाओं और बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. सपना कुंवर ने स्वास्थ्य जांच की, योग प्रशिक्षिका मंजीत कुमारी ने योगाभ्यास करवाया। पंचायत प्रधान चंद्रशेखर मुख्यातिथि रहे, जबकि पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। रेसिपी प्रतियोगिता में अती देवी ने प्रथम, आंती देवी ने द्वितीय और कांता देवी व संतोष कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य व योग की अहमियत से अवगत कराया।

### बीडीओ संजीव ने किया सायर मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** मां नेरसा देवी मंदिर में 15 से 17 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय सायर मेले का समापन झंडूता के बीडीओ संजीव पुरी के कर कमलों द्वारा किया गया। मंदिर कमेटी मां नेरसा देवी के प्रधान हंसराज शर्मा ने बताया कि मेले में जागरण के साथ-साथ तीनों दिन लंगर की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने प्राचीन मां नेरसा देवी मंदिर के इतिहास से भी भक्तों को अवगत कराया । उन्होंने स्थानीय लोगों का मेलों में सहयोग देने के लिए भी धन्यवाद किया। इससे पूर्व मंदिर विकास कमेटी ने मुख्यातिथि को माता की चुनरी भेंट करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में बृज लाल शर्मा, मस्त राम, पाल राणा, सुनील कुमार, गोपाल, जगत पाल समेत अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

### 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, दधोल।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोठी ने आंगनबाड़ी केंद्र कोठी-3 में स्वास्थ्य शिविर डॉ. प्रकृति वर्मा चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़डू साहनी की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. प्रकृति वर्मा ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक मंजुला शर्मा व समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कोठी रीटा शर्मा द्वारा किया गया और इस स्वास्थ्य शिविर में आई महिलाओं का रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन टेस्ट के कैंसर की बीमारी की स्क्रीनिंग की गई। प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक मंजुला शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 42 महिलाएं आई थीं, जिनमे से 6 महिलाओं को रक्तचाप, 4 महिलाओं को मधुमेह नॉर्मल रेंज से अधिक पाया गया। शर्मा ने बताया कि इस शिविर में दो गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच भी की गई और उन्हें गर्भावस्था में अपने स्वास्थ्य की समय -समय पर जांच करवाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में महिलाओं के स्तन कैंसर व मुंह के कैंसर की भी स्क्रीनिंग की गई और महिलाओं को गैर संचारी रोगों जिसमे बीपी, शुगर व कैंसर के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया तथा बताया कि दवाइयों के साथ खान पान व सुबह सैर करने से हम कुछ हद तक रोगों से बच सकते है। शर्मा ने बताया कि डॉ. प्रकृति वर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। इस स्वास्थ्य शिविर में प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक मंजुला शर्मा , सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रीटा शर्मा, सीएचओ विनता कुमारी, आईसीटीसी काउंसलर मोनिका, वाल विकास परियोजना विभाग पर्यवेक्षिका स्वेता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व गांव की 42 महिलाएं उपस्थित थीं।

# स्वारघाट में तेज बारिश ने मचाया कहर, खेत-खलिहान तबाह

## बिलासपुर शहर में भी जलभराव, लोगों के घरों और दुकानों में घुसा पानी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में बरसात अब कहर बरपाने लगी है। वीरवार सुबह बिलासपुर जिले के स्वारघाट उपमंडल की कुटैहला पंचायत के मतनोह गांव में भारी बारिश कहर बनकर टूटी, जिस से तबाही का नजारा देखने को मिला। अचानक आए पानी और मलबे ने खेतों, बगीचों और खड़ी फसलों को पूरी तरह तबाह कर दिया। ग्रामीणों की मेहनत मिनटों में मिट्टी में मिल गई और लाखों रुपए का नुकसान सामने आया।

बिलासपुर शहर में भी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया। सिनेमा कॉलोनी, मेन मार्केट, चेतना चौक, चंपा पार्क और बस अड्डा पानी में डूब गए। दुकानों और घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। स्थानीय लोग पानी निकालने और सामान बचाने में पूरे दिन जूझते रहे।

**शहर में भी हाहाकार, सिनेमा कॉलोनी-बस अड्डा में आया भारी पानी :** वहीं, जिला मुख्यालय बिलासपुर शहर में रातभर हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सिनेमा कॉलोनी, मेन मार्केट, चेतना चौक, चंपा पार्क और बस अड्डा क्षेत्र में इतना ज्यादा पानी आया कि सड़कों ने तालाब का रूप धारण कर लिया। दुकानों और घरों में पानी घुस जाने से भारी नुकसान हुआ।

**प्रशासन अलर्ट पर, नुकसान का आकलन शुरू :** जैसे ही भारी नुकसान की सूचना मिली, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत दी जाएगी और हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।

**ग्रामीणों की गुहार :** गांव मतनोह के लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें तुरंत आर्थिक मदद दी जाए और भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से जीवन मुश्किल हो गया है।



बिलासपुर की मेन मार्केट में बहता भारी वर्षा का पानी (दाएं) डिआरा सेक्टर में घर के अंदर घुसे पानी को निकालती महिला।

### सड़कों पर मलबा, यातायात ठप

लगातार भूस्खलन के कारण जिले की 24 सड़कें बंद हो गई हैं। समलेटू के पास कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर मलबा आने से वाहनों की आवाजाही घंटों बाधित रही। वहीं, डुगराई क्षेत्र में बागछाल पुल के पास दोबारा भूस्खलन हुआ, जिससे छोटे-बड़े वाहन फंस गए। प्रशासन ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

### एचआरटीसी की बसें भी फंसी

भारी बारिश के कारण ऋषिकेश क्षेत्र में एचआरटीसी की बसें मलबे में फंस गईं। यात्रियों को बड़ी मुश्किल से सुरक्षित निकाला गया।

# टिहरी के पास लैंडस्लाइड रातभर बंद रहा थेह-बूहाड़ मार्ग

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते कोटधार के थेह-बूहाड़ मार्ग पर टिहरी के पास बीती रात भारी भूस्खलन (लैंडस्लाइडिंग) हुआ, जिससे यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। इस कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।


थेह-बूहाड़ मार्ग की खस्ताहालत।

लैंडस्लाइडिंग के कारण मार्ग पर मलबा और चट्टानें आ गिरी थीं, जिससे सड़क पूरी तरह जाम हो गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना देर रात हुई, जब अधिकांश वाहन चालकों को मजबूरी में रास्ते में ही रुकना पड़ा। हालांकि राहत की बात यह रही कि सुबह होते ही लोक निर्माण विभाग की टीम सक्रिय हो गई। विभाग की जेसीबी मशीन द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए मार्ग को कुछ ही घंटों में साफ कर दिया गया और दोपहर तक यातायात फिर से सुचारु कर दिया गया।

एसडीओ कलोल सचिन नड्डा ने बताया कि कोटधार के थेह-बूहाड़ मार्ग पर टिहरी के पास बीती रात भारी भूस्खलन के कारण बंद हो गया था, अभी उसे जेसीबी के द्वारा सुचारु रूप से खोल दिया गया है।

# चेक डैम ने बचाई पाट्टी के लोगों की जमीन और फसल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

▶ समय पर बनाई गई संरचना ने टाली बड़ी तबाही

कोल डैम क्षेत्र के वाहोट-कसोल के पास स्थित पाट्टी गांव के ऊपरी क्षेत्र सांगण में वीरवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे भारी वर्षा से बेतहाशा पानी आने की घटना हुई। अचानक आए पानी और मलबे ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय ग्रामीणों सुरतिया राम शर्मा, रिंकू, राज कुमार आदि ने बताया कि तेज बहाव यदि सीधे खेतों की ओर बढ़ता तो खेत, बाग-बगीचे और खड़ी फसलें पूरी तरह से तबाह हो जातीं, लेकिन वन विभाग द्वारा पहले से बनाए गए चेक डैम ने पानी और मलबे के बहाव को काफी हद तक नियंत्रित कर दिया। इसके चलते ग्रामीणों की जमीन और फसलें सुरक्षित रहीं। सेवानिवृत्त कृषि उपनिदेशक व समाजसेवी डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

▶ समय पर बनाई गई संरचना ने टाली बड़ी तबाही

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी और स्थायी समाधान बेहद जरूरी हैं। वन विभाग द्वारा समय रहते किए गए कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चेक डैम जैसी संरचनाएं गांवों को बड़ी तबाही से बचाने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

# विधायक त्रिलोक जम्वाल ने नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

▶ विभिन्न पंचायतों का दौरा कर आपदा प्रभावितों से की मुलाकाल

सदर विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने और प्रभावित परिवारों की समस्याएं जानने के लिए फील्ड में लगातार सक्रिय विधायक त्रिलोक जम्वाल ने वीरवार को बिलासपुर शहर समेत आसपास की पंचायतों का दौरा किया। शहर के विभिन्न वार्डों के साथ ही उन्होंने रघुनाथपुरा व ओयल पंचायतों में नुकसान का जायजा लेकर मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी व जल शक्ति विभाग तथा नगर परिषद के अधिकारियों को मूलभूत सुविधाओं की जल्द बहाली के निर्देश दिए।

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आपदा में अपने आशियाने, रसोईघर, शौचालय और मवेशीखाने गंवाने वाले प्रभावित परिवारों के केस प्राथमिकता के आधार पर आगे भेजने को भी कहा, ताकि उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार मुआवजा राशि मिल सके। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि इस बार बरसात के मौसम में पूरे प्रदेश में अप्रत्याशित नुकसान हो रहा है। आपदा ने कई परिवारों की खुशियां छीन ली हैं। बड़े पैमाने पर हुई तबाही से लोगों को कई तरह की कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सदर विधानसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह पाया है।

गत बुधवार रात हुई जोरदार बारिश से बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। सड़कों को नुकसान पहुंचने के साथ ही पेयजल व विद्युत आपूर्ति जैसी अन्य सेवाएं भी बाधित हुई हैं। संकट की इस घड़ी में वह कदम-कदम पर पीड़ित व प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्हें हरसंभव सहायता और राहत पहुंचाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। सड़क, पानी व बिजली जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल की मदद करने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। हाल ही में हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1500 करोड़ रुपए के विशेष सहायता पैकेज के साथ कई अन्य माध्यमों से भी मदद की है। प्रदेश सरकार ने भी आपदा पीड़ितों के लिए राहत मैनुअल बनाया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावित परिवारों के नुकसान का बारीकी से मुआयना करके सभी औपचारिकताओं के साथ उनके केस प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजें, ताकि उन्हें राहत मैनुअल के अनुसार मदद मिल सके।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों तक हर तरह की जरूरी राहत सामग्री जल्द से जल्द पहुंचाई जाए। नुकसान का आकलन करके मुआवजा देने और पुनर्वास के कार्यों में भी तेजी लाई जाए।

# अधिक बारिश से फसलों पर असर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र बरठीं के वैज्ञानिक गौरव ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण बिलासपुर के किसानों की फसलों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। जिले की प्रमुख फसल मक्की में जल निकासी की कमी के कारण कई किसानों की फसल खराब हो गई। जिन किसानों ने जल निकासी का उचित प्रबंध किया, उनकी मक्की की फसल बेहतर रही।

वैज्ञानिक गौरव ने बताया कि घुमारवीं क्षेत्र में धान की फसल में फंगस की समस्या देखी गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, बिलासपुर में उगाई जाने वाली दालों में फूल झड़ने की समस्या सबसे अधिक देखी गई, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, जिन किसानों ने फसल की बुवाई देरी से की, उनकी फसल का परिणाम अपेक्षाकृत बेहतर रहा। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि भविष्य में जल निकासी और फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें ताकि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

# सहायक आयुक्त नरेंद्र आहलूवालिया को दी भावभीनी विदाई, अब संभालेंगे नालागढ़ में एसडीएम का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सहायक आयुक्त नरेंद्र आहलूवालिया का तबादला नालागढ़ उपमंडल के लिए हो गया है, जहां वह बतौर एसडीएम अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे। उनके सम्मान में उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सहित कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शाल, प्रतीक चिन्ह और बुके भेंट कर सम्मानित किया। पूरे वातावरण में एक ओर विदाई की कसक थी, वहीं दूसरी ओर उनके कार्यकाल की उपलब्धियों का गर्व भी झलक रहा था।


सहायक आयुक्त नरेंद्र आहलूवालिया को विदाई देते कुलीग।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि अहलूवालिया ने बिलासपुर में रहते हुए न केवल प्रशासनिक कार्यों को दक्षता से निभाया, बल्कि कई नवाचारी पहल भी कीं। वॉटर स्पोर्ट्स और आइलैंड टूरिज्म को शुरू करने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

पैराग्लाइडिंग को प्रोत्साहन देने और सरकार के कार्यक्रम के लगातार दो वर्षों तक सफल आयोजन में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कार्यालय के कर्मचारियों ने भावुक होकर कहा कि अहलूवालिया का सहज, मिलनसार और सकारात्मक व्यक्तित्व सभी के दिलों में खास जगह बनाए रखेगा।

विदाई के इस अवसर पर सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि नालागढ़ में भी वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता से प्रशासन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# गोहर में धंसी 10 बीघा जमीन, खतरे में 15 परिवार, हो सकता है बड़ा हादसा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

▶ पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग बोले-तुरंत भेजें विशेषज्ञ टीम

छत पंचायत के गोहर पालंगरी में मूसलाधार बारिश के कारण करीब 10 बीघा जमीन धंस गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। लगभग 12 से 15 परिवार खतरे की जद में हैं। खेतों और मकानों में दरारें आ गई हैं और कभी भी बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है। लोग सहमे हुए हैं और रातों की नींद उड़ गई है। लगातार बारिश के चलते गांव में भूस्खलन का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस रफ्तार से जमीन खिसक रही है, उसके कारण आने वाले दिनों में खेतों के साथ-साथ मकान भी ध्वस्त हो सकते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि आपदा में घर गिरने का डर हमेशा बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर सबसे ज्यादा चिंता है। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि तुरंत विशेषज्ञ टीम भेजी जाए और प्रभावित परिवारों को राहत व पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। गर्ग ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि तुरंत आर्थिक सहायता और इस धंसने वाली जमीन की विशेषज्ञ टीम से जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को अकेला न छोड़ा जाए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से गुहार लगाई कि उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। इस मौके पर पंचायत प्रधान परमजीत जम्वाल, उपप्रधान विजेंद्र जम्वाल , बीडीसी सरवन जम्वाल, सन्ड़यार पंचायत के उपप्रधान बिशन दास, रीना जम्वाल, नीलम पठानिया, हरि कृष्ण व सीता राम सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग का निर्णय पर यू टर्न लेने पर निंदा प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर इकाई की वर्चुअल बैठक जिला प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिला महासचिव रणजीत सिंह ठाकुर, मुख्य संरक्षक असुनील शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान बाबूलाल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, महालेखाकार बलबीर ठाकुर, सहसचिव राजकुमार, मुख्य सलाहकार चंद्रशेखर, उपप्रधान नरेश शर्मा सभी 6 शिक्षा खंडों के प्रधान होशियार सिंह ठाकुर, नरेश राणा, राजू राम, जोगिंदर लाल, अनिल शर्मा, राजेंद्र चौधरी और उनके कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 43 दिन तक स्कूली शिक्षा निदेशालय के बाहर चले प्राथमिक शिक्षक संघ के आंदोलन के उपरांत गत 7 जून को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक के निर्णय से शिक्षा विभाग के यू टर्न लेने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। आंदोलन जिन शर्तों पर शिक्षा मंत्री द्वारा उठाया गया था, उन सब बातों से विभाग पीछे हटता जा रहा है। बैठक में निलंबित शिक्षकों का निलंबन बिना शर्त वापस लेने की बात हुई थी परंतु अभी तक भी निलंबित प्राथमिक शिक्षकों के निलंबन पर जांच जारी है।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षक नेताओं के खिलाफ आंदोलन के दौरान दायर की गई **FIR** को वापस लेने की बात मानी थी परंतु अभी तक स्थिति यथावत बनी हुई है। प्राथमिक स्कूलों की अंडर-12 खेलों को अंडर -14 और अंडर-19 के साथ राज्य स्तर तक प्रारंभ करने की बात भी बैठक में मानी गई थी परंतु बाद में अंडर 14 और अंदर-19 खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ कर दी गईं परंतु अंडर-12 की खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ नहीं की गईं। अब प्रदेश शिक्षा सचिव द्वारा 16 सितंबर को स्कूली शिक्षा निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक में प्राथमिक स्कूलों का प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन प्रिंसिपल को सौंपने की बात की जा रही है, जिसे प्राथमिक शिक्षक संघ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। यह सारा विषय अब एक बार मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाया जाएगा और यदि प्राथमिक स्कूलों की वर्तमान क्लस्टर प्रणाली से कोई भी छेड़छाड़ की जाती है तो प्राथमिक शिक्षक संघ इसका कड़ा विरोध करेगा और अपने आंदोलन करने के लिए विवश होगा। बैठक में राज्य सचिव राकेश, राष्ट्रीय पार्षद बांके बिहारी चंदेल, संजीव शर्मा, यशवंत ठाकुर, जोगिंदर सिंह, राजीव शांडिल, सुरजीत कुमार, परवीन ठाकुर, किशोरी लाल आदि उपस्थित थे।

# आखिरकार खुला ठाकुरद्वारा मंदिर मार्ग, श्रद्धालुओं ने ली राहत की सांस

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**


आपसी रंजिश बनी समतैहन मंदिर मार्ग में बाधा, श्रद्धालु हो रहे परेशान

राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान

स्वारघाट। श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समतैहन गांव का

अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा।

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव समतैहन का ठाकुरद्वारा मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था। टूटी-फूटी सड़क श्रद्धालुओं के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई थी।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने कई बार इस मार्ग को दुरुस्त करने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय निवासियों के आपसी विवाद के चलते हर बार काम अधर में अटक जाता था, जैसे ही विभागीय कर्मचारी काम शुरू करने मौके पर पहुंचते, विरोध के कारण उन्हें लौटना पड़ता। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम नयना देवी धर्मपाल चौहान ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और पुलिस टीम को मौके पर भेजा। विभाग के एसडीओ अछर सिंह ने बताया कि ठाकुरद्वारा-समतैहन सड़क किमी. 1/315 से किमी 1/322 तक भारी बरसात के चलते क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर भी कार्य में अवरोध डाला जा रहा था।

हालांकि अब आपसी समझौते के बाद रास्ते की समस्या का हल निकाल लिया गया है। मौके पर जेसीबी और टिप्पर लगाकर सड़क दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई पर राहत की सांस ली है।

**आयोजन** राज्यपाल ने की सायर मेला जुखाला के समापन समारोह की अध्यक्षता

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं मेले और त्योहार : शुक्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मेलों के माध्यम से जहां लोक कला एवं संस्कृति का संरक्षण होता है, वहीं इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि ये मेले नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है और समाज में आपसी भाईचारे व सद्भाव को भी बढ़ावा देते हैं। राज्यपाल बिलासपुर जिले के जुखाला में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय सायर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।



राज्यपाल को सम्मानित करते हुए विधायक रणधीर शर्मा व अन्य।

उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दर्पण हैं और इन्हें जीवन का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। उन्होंने महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यदि इन मंडलों को नियमित प्रोत्साहन दिया जाए तो वे बहुत कम खर्च में आकर्षक और उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे ग्रामीण संस्कृति को नया जीवन मिलेगा और हमारी परंपराएं सुरक्षित रहेंगी। राज्यपाल ने कहा कि भले ही सायर मेला आकार में छोटा है, लेकिन इसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी प्रसन्नता और उत्साह के साथ भाग लेते हैं। इस प्रकार ऐसे मेलों से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री बढ़ती है, जिससे ग्रामीणों के लिए आमदनी और स्वरोजगार के अवसर सृजित होते हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन से मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन के साथ-साथ बैंकिंग सेक्टर के स्टॉल लगाने के भी निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके। राज्यपाल ने देश की सेनाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं ने सदैव देश की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आतंकवाद के विरुद्ध 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका उदाहरण है, जिसने भारत की शक्ति और संकल्प को पूरी दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि राजनीति में आलोचना के स्थान पर रचनात्मक आलोचना होनी चाहिए, ताकि सार्थक सुझावों से विकास को दिशा दी जा सके। विकास को सफल बनाने के लिए अधिकारियों का सम्मान करना आवश्यक है क्योंकि योजनाओं को मूर्त रूप देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शुक्ल ने उपायुक्त बिलासपुर को सायर मेला समिति के माध्यम से महिला मंडलों को एक लाख रुपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन को महिला मंडलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति का अवसर देने के लिए भी कहा।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने मेले के दौरान आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इससे पूर्व, उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आयोजन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। विधायक रणधीर शर्मा, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, मेला समिति के संरक्षक दौलत राम ठाकुर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# कुठेड़ा में धूमधाम से शुरू हुआ परंपरागत बाड़ू देव भेल मेला


बाड़ू देव भेल मेले का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने टमक बजाकर किया।

**विनोद चड्ढा, अनंत ज्ञान**

**कुठेड़ा ( बिलासपुर )।** कुठेड़ा में आस्था और संस्कृति के प्रतीक बाड़ू देव भेल मेले का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने परंपरागत ढंग से टमक बजाकर किया। शुभारंभ के उपरांत निकली भव्य शोभायात्रा में मुख्य अतिथि, मेला कमेटी के पदाधिकारी, गणमान्य लोग और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

मेले में महिला मंडल मसौर-1, मसौर-2, जोलपलखि, कुठेड़ा, धरब्यान और भेल सहित विभिन्न महिला मंडलों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में आपदा की स्थिति और युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति जैसे सामाजिक मुद्दों को भी उजागर किया गया। कार्यक्रम में को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक सुनील शर्मा ने महिला मंडलों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महिला मंडलों से खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

आने वाले दिनों में मेले में सांस्कृतिक संध्याएं, खेल प्रतियोगिताएं और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें हिमाचल के नामी कलाकारों और स्थानीय प्रतिभाओं की प्रस्तुतियां होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सतत एवं समग्र मूल्यांकन प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** समग्र शिक्षा एवं स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत कन्वे जीनियस संस्था के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन पद्धतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में चंबा जिले के कियाणी तथा चुवाड़ी ब्लॉक में आयोजित दो दिवसीय सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशालाएं जिला उप शिक्षा निदेशक क्वालिटी कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में करवाई जा रहीं हैं। इस प्रशिक्षण में कियानी ब्लॉक में मुख्य मास्टर ट्रेनर ज्योति पारधी ने तथा चुवाडी ब्लॉक में राजन ने अध्यापकों को ब्लूम टैक्सोनॉमी, एनसीएफ दक्षताओं तथाच-; ढाँचे के आधार पर व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। उनके साथ चमन कुमार सहायक ट्रेनर के रूप में जुड़े। सतत और व्यापक मूल्यांकन की यह प्रशिक्षण कार्यशालाएं जिला डाईट सीसीई समन्वयक रविंदर कंवर के मार्गदर्शन में चल रही हैं। प्रशिक्षण में कियानी ब्लॉक कुल 51 तथा चुवाड़ी ब्लॉक के 41 स्कूल प्रवक्ता एवं अन्य अध्यापक सहभागी रहे। कार्यशाला में शिक्षकों से समूहों में प्रभावशाली प्रश्न पत्र तैयार करवाए गए और उनकी प्रस्तुति भी करवाई गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे शिक्षक मूल्यांकन को केवल परीक्षा न मानकर, बल्कि सीखने की गुणवत्ता में सुधार का एक प्रभावी साधन बना सकें।

### मांधा स्कूल में विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांधा में अध्यापकों सहित बच्चों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा द्वारा शुरुआत में विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया,विद्यालय में साफ- सफाई का विशेष अभियान चलाया गया और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सुभाष शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए बताया कि स्वच्छता केवल विद्यालय स्तर पर और घरों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि इसे हम सबको अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से अपील की कि वे इस पखवाड़े में सक्रिय भागीदारी निभाकर क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग करें। इसी के साथ स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने कहा कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस इस अभियान के तहत विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### रिवालसर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया हिंदी पखवाड़ा



**अनंत ज्ञान, मंडी/रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़ा उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन हिंदी के सहायक प्राध्यापक कुलदीप कुमार ने किया। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी को हमारी संस्कृति की आत्मा बताया और विद्यार्थियों से इसे व्यवहार की भाषा बनाने का आग्रह किया। पखवाड़े के दौरान भाषण, कविता पाठ, दोहा गायन, शायरी और हिंदी प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। भाषण में रक्षा देवी, कविता पाठ में पूजा शर्मा, दोहा गायन में निधि, शायरी में पूजा शर्मा और प्रश्नोत्तरी में तनु व लोब जंग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. यश पाल, सूरज मणि और रमणीक शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज स्टाफ, हिंदी भाषा प्रचार समिति तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

### नॉन-टैट कार्यरत शिक्षक करेंगे महत्वपूर्ण बैठक

**अनंत ज्ञान, मंडी/सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की अगुवाई में नॉन-टैट शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को भोजपुर (सुंदरनगर) में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेशभर से विभिन्न श्रेणियों के नॉन-टैट शिक्षक भाग लेंगे। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेशों, राज्य सरकार की अधिसूचनाओं और नॉन-टैट शिक्षकों के भविष्य से संबंधित मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्यरत नॉन-टैट शिक्षक असमंजस की स्थिति में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश दिया है कि जिन अध्यापकों की सेवा अवधि पाँच वर्ष से अधिक शेष है, उनके लिए टैट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। वहीं, जिनकी सेवा अवधि पांच वर्ष से कम बची है, उन्हें पदोन्नति के लिए टैट पास करना होगा, अन्यथा उन्हें सेवानिवृत्त होना पड़ेगा। प्रदेशाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सरकार को इस आदेश के आलोक में संवेदनशील और स्पष्ट नीति बनानी चाहिए, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके। यदि समय रहते सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो महासंघ राज्यव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा। बैठक में विद्या उपासक, ग्रामीण विद्या उपासक, जेबीटी, पैट, पैरा टीचर, पीटीए अध्यापक, एचटी, सीएचटी, टीजीटी, ही एंड वी शिक्षक सहित सभी श्रेणियों के नॉन-टैट शिक्षक भाग लेंगे। इस अवसर पर महासंघ के महासचिव उमेश कुमार, उपाध्यक्ष जगदीश राणा, मंडी जिला अध्यक्ष हेत राम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, महासचिव अशोक वालिया, हेम राज धीमान, विनोद कुमार, दिनेश कुमार और नरेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। सभी पदाधिकारियों ने नॉन-टैट शिक्षकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचें ताकि एक सशक्त रणनीति बनाई जा सके।

प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित, कुलदीप पठानिया बोले-

# अवैध डंपिंग पर लगाया जाए अंकुश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आगामी मणिमहेश यात्रा से पहले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर एक विशेष मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ में उन्होंने नदी- नालों, जल विद्युत परियोजनाओं के जलाशयों से राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154- ए, विभिन्न संपर्क सड़कों, गांव तथा आबादी वाले क्षेत्रों में हो रहे भूमि कटाव की समस्या के दीर्घकालिक समाधान को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित करने को कहा है।

विधानसभा अध्यक्ष आज जारी मानसून सीजन के दौरान जिला में प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति की समीक्षा को लेकर बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। विधायक नीरज नैय्यर भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने प्राकृतिक आपदाओं के चलते हुई क्षति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा



बैठक के दौरान मौजूद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया और अधिकारी।

कि आगामी श्री मणिमहेश यात्रा से पहले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत आधारभूत ढांचे, चिकित्सा एवं संचार सेवाओं, परिवहन व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता प्रदान कर एक विशेष मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड, कृषि एवं बागवानी, राष्ट्रीय उच्च मार्ग तथा अन्य विभागों को हुई 710 करोड़ रुपये की क्षति वाली परियोजनाओं के पुनर्निर्माण पर चार गुना से अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी-नालों एवं संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र वाले क्षेत्रों में अवैध डंपिंग पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने मॉनसून सीजन के दौरान राहत एवं पुनर्वास से संबंधित कार्यों तथा मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की सरहाना भी की।

विधायक नीरज नैय्यर ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में भू-संरक्षण के समाधान के लिए राजीव गांधी वन संरक्षण योजना के तहत कार्य को जल्द शुरू करने तथा ग्रामीण संपर्क सड़कों कि शीघ्र बहाली को कहा।

विधानसभा क्षेत्र चुराह से कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने आपदा प्रभावित लोगों के पुनर्वास का मामला रखा।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने इससे पहले प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं के चलते जिला में हुई क्षति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### पठानिया रक्तदान शिविर में हुए शामिल

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। वे आज अंजुमन इस्लामिया संस्था चम्बा की ओर से स्वर्गीय सैय्यद दिलदार अली शाह व पूर्व अध्यक्ष अंजुमन इस्लामिया जिला चम्बा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा के चौगान नंबर-5 में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था के इस पुनीत प्रयास की सराहना करते हुए इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया। उन्होंने स्वर्गीय सैय्यद दिलदार अली शाह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ अपने आत्मीय संबंधों को स्मरण किया। संस्था की मांगों पर उन्होंने चम्बा मेडिकल कॉलेज में रक्त भंडारण क्षमता बढ़ाने सहित सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। साथ ही संस्था को 41 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की सुदृढ़ परंपरा का प्रतीक हैं।

# पुलिस ग्राउंड में ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रजामंडल आंदोलन के अग्रदूत और हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री पंडित विद्याधर की स्मृति में गुरुवार को बारगाह (चंबा) के पुलिस ग्राउंड में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। यह पहला अवसर है जब उनके नाम पर ऐसा आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट न केवल खेलों की प्रतिभा को निखारेगा बल्कि युवाओं को देशभक्ति और सामाजिक चेतना से भी जोड़ने का कार्य करेगा।



**स्वतंत्रता सेनानी पंडित विद्याधर की स्मृति में टूर्नामेंट शुरू**

टूर्नामेंट का सफल आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। इसकी बागडोर अरुण भारद्वाज और बिंदु भारद्वाज ने संभाली है। समिति में रविकांत भारद्वाज, हितेश जरियाल, राजीव गुप्ता, नितिन भारद्वाज और चिराग बतौर सदस्य जुड़े हैं। समिति ने पूरे क्षेत्र से टीमों को आमंत्रित कर प्रतियोगिता को आकर्षक और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है।

### पंडित विद्याधर का योगदान

पंडित विद्याधर ने आर्य समाज से पूरी की शिक्षा समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय पंडित विद्याधर ने पढ़ाई आर्य समाज संस्थान से पूरी की। आर्य समाज की शिक्षा पद्धति ने न केवल उन्हें ज्ञान प्रदान किया बल्कि संस्कारों और सामाजिक मूल्यों से भी समृद्ध किया। समारोह में वक्ताओं ने पंडित विद्याधर के योगदान को याद करते हुए बताया कि उनका जन्म 1 जनवरी 1923 को चंबा में हुआ। पिता का नाम सुरजन देव था। वे प्रजामंडल आंदोलन, सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन के सक्रिय सेनानी रहे और 1 वर्ष 7 माह का कारावास भुगता। आज़ादी के बाद 1951-77 तक विधानसभा सदस्य रहे तथा उपमंत्री और राज्य मंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा की।

### देश के लिए ही सच्ची सेवा है

**उद्घाटन** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक (चुराह) सुरेंद्र भारद्वाज ने शिरकत की। उन्होंने कहा पंडित विद्याधर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। सच्ची सेवा वही है जो समाज और देश के लिए हो।

## वाहनों में कूड़ेदान रखना अनिवार्य करें : राम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय चम्बा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025) के अंतर्गत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी वाहन मालिक व चालक एक सप्ताह के भीतर अपने वाहनों में कूड़ेदान रखना अनिवार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि वाहन जांच के दौरान किसी वाहन में कूड़ेदान नहीं पाया गया तो संबंधित चालक के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बस अड्डों, टैक्सी यूनियनों तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने और जनसाधारण को भी इस अभियान में भागीदारी हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया।

बैठक में एचआरटीसी के प्रतिनिधि नवेंदु, विजय कुमार, हनीष चौहान, प्रधान निजी बस ऑपरेटर संघ मनोज कुमार, टैक्सी ऑपरेटर राकेश कुमार, अरविन्द कुमार, हमीद बेग, मंजीत सिंह राणा, संजीव कुमार, बिन्दु कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जांघी में एनएच पर यातायात रहा बाधित

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** चंबा पठानकोट नेशनल हाईवे पर हुआ भूस्खलन यातायात हुआ बाधित। स्थानीय लोगों मंजीत भारद्वाज प्रवीण कुमार विजय कुमार रतन चंद मनोज कुमार संजय इत्यादि लोगों का कहना है बुधवार देर रात हुए भूस्खलन के कारण जांघी नामक स्थान पर रोड अवरुद्ध हो गया।

जिससे वाहनों की आवाजाही दोनों तरफ से बंद रही इस दौरान एक लंबा जाम दोनों तरफ से देखने को मिला जिससे राहगीरों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वीरवार सुबह लोक निर्माण विभाग की मशीनरी मौके पर पहुंची और मलवे को हटाने का काम शुरू किया गया।

## करियां व मुहाल मुगला में भूस्खलन से तबाही

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हाल ही में हुई भारी बारिश से चम्बा जिले के गांव करियाँ और मुहाल मुगला क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच 154-ए पर बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। इससे स्थानीय लोगों की जमीन, मकान तथा अन्य संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित ग्रामीणों ने सरकार से शीघ्र राहत और पुनर्वास की मांग की है।

वरिष्ठ नागरिक संघ, चम्बा (डॉ. बीआर अंबेडकर सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक संघ) ने इस गंभीर समस्या को लेकर उपायुक्त चम्बा को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने कहा है कि एनएच 154-ए के चौड़ीकरण के समय विभाग द्वारा



**प्रभावितों ने मांगी राहत, कहा-जल्द हो पुनर्वास**

उचित सुरक्षा दीवारें नहीं बनाई गईं। इसके चलते हर वर्ष बारिश में यहां भूस्खलन होता रहा है और इस बार स्थिति विकराल रूप ले चुकी है।

संघ ने बताया कि 15 सितम्बर 2025 को महामहिम राज्यपाल हिमाचल प्रदेश ने स्वयं इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था। उस समय भी प्रभावितों ने सामूहिक रूप से राहत व सहायता के लिए ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों के अनुसार, करियां गांव की निवासी सुखों देवी पत्नी हरि शरण का पक्का मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। घर का आंगन, सीढ़ियां और मुख्य रास्ता पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। अब घर तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं बचा है और दीवारों में दरारें पड़ने से परिवार को किराए के मकान में रहना पड़ रहा है।

इसी तरह, मुहाल मुगला निवासी राकेश कुमार पुत्र स्व. ब्रिज लाल की करीब 6-7 बिस्वा जमीन भूस्खलन में बह चुकी है। अब उनके मकान को भी नुकसान पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है।

संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत राशि प्रदान की जाए।

## सड़क पर पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने से बची

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के दुनाली ढाला सड़क पर एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बची। यह पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के बाहर हवा में लटक गई। गनीमत यह रही की इस हादसे में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि गाड़ी का एक हिस्सा हवा में झूल गया। थोड़ी सी चूक होने पर यह गाड़ी कई मीटर गहरी खाई में गिर सकती थी। पिकअप समय रहते सड़क के साथ ही रुक गई और बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया।

गौरतलब है पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण यहां पर सड़कों का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। हालांकि विभाग द्वारा सड़कों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कम चलाया जा रहा है, लेकिन अभी भी सड़के तंग हैं और कई जगह लगातार जमीनें धंस रही हैं। जिसके कारण हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। लिहाजा इस तरह के सड़कों पर गाड़ी लेकर जाना अभी भी मौत के मुंह में जाने के बराबर है।

## धरवाला क्षेत्र पर मंडरा रहा खतरा एनएचपीसी चमेरा पर लापरवाही के आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भरमौर विधानसभा क्षेत्र की उप-तहसील धरवाला के लोगों ने रावी नदी के किनारे सुरक्षात्मक कंक्रीट दीवार बनाने की गुहार लगाई है। गुरुवार को राम सेतु संस्था की उपाध्यक्ष कमलजीत की अध्यक्षता में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त चंबा से मिला और इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।

धरवाला, जो 24 पंचायतों का प्रमुख केंद्र है, यहां लगभग 150 परिवार रहते हैं और करीब 600 लोगों की स्थायी आबादी है। इस क्षेत्र में दो बैंक, सब-तहसील, निजी शिक्षण संस्थान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत विभाग, पटवारखाना, डाकघर, राशन डिपो, सहकारी समिति तथा जलशक्ति विभाग के कार्यालय स्थित हैं। हजारों लोग अपनी रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए इसी केंद्र पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एनएचपीसी चमेरा परियोजना से बरसात के मौसम में छोड़ी जाने वाली गाद के कारण रावी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में नदी किनारे करीब 15 फुट मलबा जमा हो चुका है। हाल ही में 2025 की भीषण बाढ़ में नदी ने अपना रुख बदल लिया और पानी घरों तक पहुंच गया। कई मकान ढहने की कगार पर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि भारी बारिश एक दिन और होती तो धरवाला का पूरा इलाका जलमग्न हो जाता और बड़ी जनहानि हो सकती थी।

डीसी चंबा से आग्रह किया कि धरवाला क्षेत्र और इससे जुड़ी 24 पंचायतों की करीब 65 हजार आबादी को बचाने के लिए नदी किनारे मजबूत सुरक्षात्मक कंक्रीट दीवार का निर्माण किया जाए।

## बागवानों का सेब खेतों में सड़ना शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** बन्नी मां और बडग्राम में संपर्क मार्ग बहाल न होने के चलते बागवानों का सेब खेतों व घरों में ही सड़ना शुरू हो गया है।

पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण जनजातिय क्षेत्र भरमौर में सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि विभाग की ओर से संपर्क मार्गों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। लेकिन मशीनरी के अभाव के चलते कई जगह अभी तक संपर्क मार्ग बहल नहीं हो पाए हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधान ग्राम पंचायत तुंदा पिंकी देवी ने कहा है की बन्नी माता सड़क बहाल न होने के चलते नवरात्रि में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

उधर इस विषय पर एसडीएम भरमौर अभिषेक मित्तल ने कहा है की विभाग को यहां पर अतिरिक्त मशीनरी भेजने वह जल्द से जल्द सड़क बहाल करने के लिए कह दिया गया है।

## सोन खड्डु में बहे दो व्यक्ति अभी भी लापता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सोन खड्डु में सोमवार देर रात आई भीषण बाढ़ में बह गए दो व्यक्तियों को ढूंढने में कामयाबी नहीं मिल पाई है। करीब साठ सदस्यीय सर्च ऑपरेशन दल तीन दिन बीतने के बाद भी खाली हाथ लौटा है।

लापता व्यक्तियों की तलाश में जुटी इस टीम में नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के 30, स्टेट डिजास्टर फोर्स के 15 और पुलिस के 15 सदस्य जबकि ड्रोन सर्विलांस से तीन लोग शामिल हैं। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि सर्च ऑपरेशन कई टुकड़ियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। वीरवार को घटनास्थल से तलाश शुरू की गई जो कांढा पतन, सिद्धपुर, कोठी पतन, सांडा पतन, बैरी उहलू का फेर संधोल तक चली जिसके दौरान एक कार मिली जो बस अड्डे में दुकान करने वाले एक व्यवसाई की बताई जा रही है। ब्यास नदी में भारी जलराशि होने के कारण सर्च ऑपरेशन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

## अपर भाम्बला में स्कूटी सवार 12 बोतल शराब सहित काबू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के पुलिस थाना हटली के अंतर्गत अप्पर भाम्बला में एक स्कूटी सवार से 12 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है ।

पुलिस थाना प्रभारी बृजलाल शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम बल्द्वाडा से ढलवान की तरफ गश्त कर रही थी तो अप्पर भाम्बला के पास एक व्यक्ति स्कूटी पर जाहू से ढलवान की तरफ जा रहा था पुलिस टीम को देखकर युवक घबरा गया पुलिस टीम ने स्कूटी सवार को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो इस दौरान उसके कब्जे 12 बोतल देशी शराब ब्रांड ऊना नंबर वन बरामद की। आरोपी युवक की पहचान रमेश चंद पुत्र कुलदीप सिंह गांव घरवासडा उप-तहसील ढलवान जिला मंडी के तौर पर हुई है । डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

## रेस्ट हाउस टिहरा में वितरित की जाएगी राहत सामग्री : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर में पिछले तीन महीने से जारी वर्षा से प्रभावित 120 परिवारों को आज 19 सितंबर को प्रात: 10 बजे बांदल चौक टिहरा स्थित रेस्ट हाउस में सहायता सामग्री वितरित की जाएगी, जिसका वितरण एमिकेयर इंडिया संस्था के निदेशक अभिजीत और ज्ञान विज्ञान समिति के पदाधिकारी करेंगे।

सहायता सामग्री मुंबई की एमिकेयर स्वयंसेवी संस्था द्वारा हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति व तकनीकी विकास समिति मंडी के प्रस्ताव पर मुहैया कराई जा रही है। इसमें वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त घर व गोशाला को ढकने के लिए तिरपाल, रोजमर्रा के प्रयोग की सामग्री, स्वच्छता किट आदि शामिल हैं। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति व साक्षरता समिति के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, सचिव सुनीता विष्ट और सेंटर हैड ऋत्विक ने बताया कि प्रथम चरण में अगले कल सरकाघाट, पपलोग, बसंतपुर, चोलथरा, सधोट, सजाओपीपलु, पिपली-भराड़ी, जोढन, लौंगनी, सरी, बिंगा, घरवासड़ा, डरवाड़, सरौन, गरयोह, कोट, टिहरा, तनियार, गरौडू, भदेहड़, देवगढ़, कून, तौरखोला, कमलाह ग्राम पंचायतों के 120 प्रभावितों को सहायता सामग्री वितरित की जाएगी। स्याठी गांव के 21 परिवारों को भी चार-चार कुर्सियां व टेबल पिछले दिनों उपलब्ध करवाई है और मंडी जिला डेढ़ हजार परिवारों को एमिकेयर संथा के सहयोग से सामग्री दी जा रही है।

धर्मपुर में प्रभवितों कि संख्या सैकड़ों में है इसलिए ज्ञान विज्ञान समिति ने एमिकेयर संस्था को पांच सौ और किटें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा है, जिसके मंजूर होते ही इस प्रकार की सहायता सामग्री धर्मपुर, संधोल और मंडप तहसीलों में भी उपलब्ध कराई जाएगी। भूपेंद्र ने कहा कि लिस्ट संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से एकत्रित की गई है और उनमें से उन परिवारों को ये सहायता सामग्री दी जा रही है।

**समारोह** मंडी में पोषण माह का शुभारंभ, डीसी अपूर्व देवगन बोले-

# उचित पोषण से होगा स्वस्थ व सशक्त समाज

**अनंत ज्ञान, मंडी/सुंदरनगर**

जिला में राष्ट्रीय पोषण माह-2025 का शुभारंभ सुंदरनगर स्थित किसान प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय समारोह के साथ हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डीसी अपूर्व देवगन ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए कम चीनी और कम तेल वाले पोषणयुक्त व्यंजनों के स्टॉलों का अवलोकन किया और उपस्थित लोगों को 'सही पोषण देश रोशन' की शपथ भी दिलाई। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन सिंह ठाकुर




और आयुष विभाग की डॉ अपूर्वा शर्मा ने शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार और संतुलित जीवनशैली पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, समानता और सशक्तिकरण से जुड़ा एक सामूहिक अभियान है। उन्होंने कहा कि आपदा की कठिन परिस्थितियों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों तक पोषण आहार पहुंचाकर जिला प्रशासन के राहत व जनसेवा कार्यों में सराहनीय योगदान दिया है। बच्चों, किशोरियों डीसी ने सभी से आह्वान किया कि खानपान को लेकर चिकित्सकों की सलाह का पालन करें और बच्चों व माताओं के पोषण पर विशेष ध्यान दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने बताया कि पोषण माह के तहत 16 अक्तूबर तक प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत और वृत स्तर पर विविध गतिविधियां आयोजित होंगी। इनमें पोषण चौपाल, योग सत्र, अभिभावक-शिक्षक बैठकें, स्थानीय व्यंजन प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण प्रतिज्ञा और जंक फूड पर रोकथाम संबंधी कार्यक्रम शामिल होंगे।

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को डीसी ने सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार गोहर के बाल विकास परियोजना अधिकारी बिहारी लाल को, द्वितीय पुरस्कार मंडी सदर परियोजना अधिकारी जितेंद्र सैनी को तथा तृतीय पुरस्कार रिवालसर परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा को प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गागल की कृष्णा देवी को प्रथम, सयांज की निर्मला देवी को द्वितीय और चौंतड़ा की सुधा शर्मा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## मंडी भाजपा की परिचय बैठक संपन्न जिलाध्यक्ष निहाल शर्मा ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भारतीय जनता पार्टी जिला मंडी की परिचय बैठक जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में विशेष रूप से संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बिहारी ने कहा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस (17 सितंबर) से लेकर गांधी जयंती (2 अक्तूबर) तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सेवा पखवाड़े के दौरान जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिनमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद प्रतियोगिताएं, वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठकें की जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने कहा कि आज भाजपा विश्व की नंबर-1 पार्टी है और इसकी सबसे बड़ी शक्ति इसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन में सभी पदाधिकारी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। बल्ह विधानसभा के विधायक इंद्र सिंह गांधी, जोगिंद्रनगर विधानसभा के विधायक प्रकाश राणा, मंडी लोकसभा क्षेत्र विस्तारक सुरेश शर्मा, भाजपा प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल व अजय ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं मुकेश कुमार** (43वर्ष) सपुत्र स्व. श्री जनक सिंह निवासी गांव व डाकघर मुमता, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम रुद्रा सिंह सपहिया से बदलकर रुद्रांश सिंह सिपहिया रख लिया हैं। सभी संबंधित नोट करें।

मैं किसी भी रूप में सभी जीवित प्राणियों पर क्रूरता को रोकने में विश्वास करता हूं। -मोरारजी देसाई

## संपादकीय

# वोट चोरी पर उठते सवाल

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट है। वोट ही वह माध्यम है जिसके जरिए नागरिक अपनी पसंद और असहमति को दर्ज करते हैं, लेकिन जब वोट पर ही सवाल उठने लगें, वोट चोरी के आरोप लगें और मतदाता सूची से नाम गायब होने जैसी शिकायतें सामने आएं तो पूरा लोकतांत्रिक ढांचा सवालों के घेरे में आ जाता है। यही स्थिति इन दिनों देश की राजनीति में देखी जा रही है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने बकायदा प्रजेंटेशन देकर दावा किया कि कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाकर मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं।

राहुल गांधी इस बार अपने साथ कर्नाटक के ऐसे वोटरों को भी लेकर आए, जिनके नाम वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए थे। यह कदम राजनीतिक तौर पर बेहद अहम है, क्योंकि यह मामला अब केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रभावित नागरिकों को सामने लाकर कांग्रेस ने इसे जमीनी हकीकत बताने की कोशिश की है। राहुल गांधी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सीधा आरोप लगाया कि वह उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं जिन्होंने लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। यह आरोप बेहद गंभीर हैं। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव आयोग को सबसे निष्पक्ष और भरोसेमंद संस्था माना जाता है। यदि उस पर ही अंगुली उठे तो आम नागरिक का विश्वास डगमगा सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग ने तुरंत ही राहुल गांधी के आरोपों को निराधार बताया।

आयोग का कहना है कि कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन जाकर किसी का वोट डिलीट नहीं कर सकता। मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में संबंधित व्यक्ति को जवाब देने का मौका दिया जाता है। यानी, आयोग का पक्ष साफ है कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं उनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। राहुल गांधी के आरोपों ने भाजपा को भी जवाब देने पर मजबूर किया। भाजपा ने इसे राहुल गांधी का धमाका नहीं, बल्कि ड्रामा बताया। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस लगातार अपनी हार का ठीकरा संस्थाओं पर फोड़ती है और अब वोट चोरी का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस इसे चुनावी राजनीति का बड़ा हथियार बनाने की तैयारी में है।

पार्टी का मानना है कि यह मुद्दा आम मतदाताओं की भावनाओं से जुड़ा है और यदि इसे राष्ट्रीय स्तर पर सही ढंग से उठाया जाए तो भाजपा को घेरने का यह सबसे कारगर जरिया साबित हो सकता है। कर्नाटक के आलंद क्षेत्र में 6018 वोटरों के नाम डिलीट होने की कोशिश का उदाहरण देकर कांग्रेस ने अपने आरोपों को और मजबूत करने का प्रयास किया है। यहां सबसे अहम सवाल यही है कि कांग्रेस का वोट आखिर जा कहां रहा है। कांग्रेस मानती है कि उसके पारंपरिक वोटर आज भी उसके साथ हैं। भले ही कुछ अवसरवादी नेता भाजपा में शामिल हुए हों, लेकिन उनकी संख्या दस प्रतिशत से अधिक नहीं है। इसके बावजूद यदि कांग्रेस का प्रदर्शन लगातार कमजोर हो रहा है तो कहीं न कहीं संदेह की गुंजाइश तो बनती ही है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि अब पार्टी का नेतृत्व पूरी तरह गांधी परिवार तक सीमित नहीं रहा है।

मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे गैर-गांधी नेता के अध्यक्ष बनने के बाद संगठन में नई ऊर्जा आई है। ऐसे में वोट बैंक का पूरी तरह खिसकना अस्वाभाविक है। यही कारण है कि राहुल गांधी बार-बार वोट चोरी की बात दोहराते हैं और जांच की मांग उठाते हैं। दरअसल, भारतीय चुनाव प्रणाली पर सवाल कोई पहली बार नहीं उठे हैं। कभी ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर विवाद खड़ा होता है, तो कभी चुनावी डाटा उपलब्ध न कराए जाने की शिकायतें आती हैं। कई बार जब डाटा मिलता है तो उसमें पारदर्शिता की कमी दिखती है। ऐसे में मतदाता यह सोचने को मजबूर हो जाता है कि उसके वोट का क्या हुआ। लोकतंत्र की सेहत के लिए यह बेहद खतरनाक स्थिति है। जनता के मन में यदि यह बैठ गया कि उसका वोट सुरक्षित नहीं है, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही मोहभंग कर सकती है। किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी जनता का भरोसा है।

चुनाव आयोग की जिम्मेदारी केवल चुनाव कराना भर नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हर नागरिक का वोट सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से गिना जाए। यदि राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं, तो आयोग को भी धैर्य और पारदर्शिता से उनका जवाब देना चाहिए। यहां यह कहना भी गलत नहीं होगा कि यदि कांग्रेस बार-बार वोट चोरी की बात कर रही है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आखिर दूध का दूध और पानी का पानी करने में हर्ज ही क्या है। जांच से यदि आरोप गलत साबित होते हैं तो कांग्रेस की राजनीति कमजोर होगी और यदि सही साबित होते हैं तो लोकतंत्र की सेहत सुधरेगी। राजनीतिक रूप से देखा जाए तो यह मुद्दा दोनों दलों के लिए बेहद अहम है। राहुल गांधी के आरोपों में कितना दम है, यह तो जांच के बाद ही साफ होगा, लेकिन इतना जरूर है कि जब सबसे पुरानी पार्टी का शीर्ष नेता बार-बार एक ही मुद्दा उठा रहा है, तो उसे यूं ही नकार देना लोकतंत्र के लिए सही नहीं। भाजपा और चुनाव आयोग को चाहिए कि पारदर्शिता के साथ जांच कराएं, ताकि मतदाता का भरोसा कायम रहे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला

**सुनीता** विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। इन्होंने एक महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में 194 दिन, 18 घंटे रहकर नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके पिता दीपक पांड्या अमेरिका में एक डॉक्टर हैं। उनके पिता डॉ. दीपक एन. पांड्या एक जाने-माने तंत्रिका विज्ञानी (एमडी) हैं, जिनका संबंध भारत के गुजरात राज्य से हैं। सुनी (सुनीता) की मां बॉनी जालोकर पांड्या स्लोवेनिया की हैं। सुनीता का एक बड़ा भाई जय थॉमस पांड्या और एक बड़ी बहन डायना एन, पांड्या है। हालांकि बच्चे अपने दादा-दादी, ढेर सारे चाचा-चाची और चचेरे भाई-बहनों को छोड़ कर ज्यादा खुश नहीं थे, लेकिन परिवार ने पिता दीपक को उनके चिकित्सा पेशे में प्रोत्साहित किया। उन्होंने माइकल जे. विलियम्स से विवाह किया है। मैसाचुसेट्स से ही हाई स्कूल पास करने के बाद 1987 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की नौसैनिक अकादमी से फिजिकल साइंस में बीएस (स्नातक उपाधि) की परीक्षा उत्तीर्ण की। तत्पश्चात् 1995 में उन्होंने फ्लोरिडा इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में एमएस की उपाधि हासिल की। ■



**सुनीता विलियम्स**
**जन्म :** 19 सितंबर, 1965

## कविता



# नजरों का धोखा है

शिव सन्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*नजरों का धोखा दिखे, है मृगतृष्णा जान। बैठा कुंडली मार के, सब कुछ अपना मान।*
*धोखा नजरों को यहां, मायावी संसार। नश्वर मिला शरीर है, फिर भी करता प्यार।*
*द्वेष कपट के खेल में, उलझ गया है आप। काम क्रोध वश में पड़ा, करता नित है पाप।*
*पाई-पाई जोड़ के, रखता लंबी आस। उतना तेरा साथ है, जितने भीतर श्वास।*
*नजरों का धोखा सखे, माया ममता कीच। खाली होंगे हाथ यह, जाना आंखें मींच।।*
*नजरों का धोखा प्रिय, सुंदर लगे शरीर।*
*पांच तत्व का मेल यह, आग वायु नभ नीर।*
*करले सिमरन राम का, जाएगा यह साथ।*
*नजरों का धोखा मिटे, जब दें दर्शन नाथ।*
*बाह पकड़ के आप ही, साथ चलेंगे राम। नजरों के धोखे नहीं, मिलता उत्तम धाम।*
*मेरा मेरी छोड़ 'शिव', धोखे का यह काम। मिले नजर जब ईश से, दर्शन हों अभिराम।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आपदा पर सोशल मीडिया : दहशत नहीं, हौसला जगाएं

हिमाचल प्रदेश इन दिनों लगातार हो रही बारिश और उससे पैदा हो रही है आपदाओं से जूझ रहा है। जगह-जगह भूस्खलन, नदी-नालों का उफान और सड़कें टूटने जैसी खबरें रोज सुनने और देखने को मिल रही हैं। स्वाभाविक है, कि जब कोई अचानक या अप्रत्याशित संकट आता है तो आमजन के भीतर भय और असुरक्षा की भावना बढ़ जाती है। ऐसे नाजुक पलों में सोशल मीडिया पर बाढ़ और आपदाओं की डरावनी तस्वीरें साझा करना इस डर को और भी बढ़ा रहा है। कुछ लोग अपने व्यूज बढ़ाने के लिए एआई से निर्मित झूठी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं जो जनमानस पर अपना नकारात्मक प्रभाव छोड़ रही हैं।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय सबसे पहले प्रभावित होता है इंसान का मन। जब लोग बार-बार डरावनी तस्वीरें, वीडियो और अफवाहें देखते हैं तो उनके भीतर का यह भय और भी गहरा हो जाता है कि वे सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे में डर की वजह से कई लोग अनावश्यक रूप से पलायन करने लगते हैं। गलत सूचनाएं उन्हें सही निर्णय लेने से रोक देती हैं। मानसिक तनाव बढ़ने से सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर भी असर पड़ता है। यह स्थिति किसी भी आपदा से निपटने की प्रक्रिया को और भी कठिन बना देती है। हमें यह भी समझना होगा कि हर आपदा सिर्फ नकारात्मक नहीं होती, बल्कि यह हमें आपसी सहयोग, साहस और इंसानियत की सबसे सुंदर मिसालें भी देखने का अवसर देती हैं। इसलिए जरूरी है कि हम डर फैलाने के बजाय सकारात्मक सूचनाएं और भरोसा साझा करें। सोशल मीडिया आज की दुनिया में सूचना का सबसे बड़ा माध्यम है, लेकिन यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग किस उद्देश्य से करें। यदि लोग डरावनी तस्वीरें, अफवाहें, पुराने वीडियो और नकारात्मक खबरें साझा करेंगे तो समाज में दहशत फैलेगी, लेकिन यदि हम इसके माध्यम से राहत कार्यों की जानकारी, सुरक्षित स्थानों के संदेश, हेल्पलाइन नंबर और समाजसेवी संस्थाओं से संपर्क साझा करेंगे तो यह समाज को सहारा देने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

हमें याद रखना चाहिए कि हर तस्वीर और हर वीडियो जरूरी नहीं कि वर्तमान स्थिति को सही रूप में दर्शाती हो। कई बार पुरानी तस्वीरें या दूसरे इलाकों की घटनाओं को भी फैला दिया जाता है। ऐसे में यह आम जनता की जिम्मेदारी बनती है कि वह हर खबर को साझा करने से पहले उसकी सच्चाई आवश्यक जांच लें। इतिहास गवाह है, कि जब भी कोई आपदा आती है तो इंसानियत और भी निखर कर सामने आती है। चाहे वह 2020 की कोरोना महामारी हो या 2023 से चल रही प्राकृतिक आपदा हो-हर जगह इंसानों ने एक दूसरे का हाथ थामा और उम्मीद की किरण जगाई।



हिमाचल में आज भी लोग राहत कार्यों में एक दूसरे की बहुत मदद कर रहे हैं जो इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल है। कई स्वयंसेवी संगठन और युवा प्रभावित गांवों तक भोजन, कपड़े और दवाइयां पहुंचा रहे हैं। प्रशासन लगातार राहत और बचाव कार्य कर रहा है। स्थानीय लोग भी अपने घरों को आश्रय स्थल बनाकर फंसे हुए लोगों की सहायता कर रहे हैं। यही वे तस्वीरें हैं जिन्हें हमें सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक साझा करना चाहिए ताकि डर के बीच साहस और उम्मीद की लौ जलती रहे। जो लोग इस आपदा से प्रभावित अपना सब कुछ गंवाकर अवसाद में जा रहे हैं, ऐसे वीडियो को देखकर उनमें उम्मीद की किरण नजर आए और वे वापस जिंदगी की पटरी पर लौटने की दोबारा सकारात्मक सोच रख सकें। आपदा को केवल दुख और तबाही के रूप में देखना अधूरा दृष्टिकोण है। यह हमें तैयार होने, जागरूक रहने और मजबूत बनने का अवसर भी देती है।

यदि कोई डरावनी तस्वीर देखता है तो उसका मनोबल गिर सकता है, लेकिन यदि वही व्यक्ति राहत कार्य करते हुए युवाओं या समाजसेवी संगठनों को एक दूसरे का सहारा बनते लोगों की तस्वीरें देखेगा तो उसके भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा। यदि बच्चे केवल बाढ़ की विभीषिका की कहानियां सुनेंगे तो उनका मन भी भयभीत होगा, लेकिन यदि वे देखेंगे कि उनके गांव के लोग मिलकर पुल को मजबूत कर रहे हैं, तो उनमें भी साहस और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। यही वह सकारात्मक दृष्टिकोण है, जिसकी आज सबसे बड़ी जरूरत है। हर कठिनाई अपने साथ कुछ अनमोल सबक लेकर भी आती है।

आज की यह भयानक स्थिति भी हमें बहुत कुछ सिखा रही है। बार-बार हो रहे भूस्खलन और बाढ़ हमें याद दिलाते हैं कि अनियंत्रित निर्माण, वनों की कटाई और नदियों के मार्ग से छेड़छाड़ करना हमें कितना भारी पड़ सकता है। हमें प्रकृति के प्रति और सचेत होने की जरूरत है। डर फैलाने से ज्यादा ताकतवर है भरोसा जगाना। यह भरोसा ही लोगों को आपदा से लड़ने की ताकत देता है। यह संकट केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हम सभी का है। हर व्यक्ति की इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। अफवाहें और डरावनी तस्वीरें साझा न करें। प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर और जरूरी जानकारी आगे पहुंचाएं।

राहत कार्यों में अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग दें। मानसिक रूप से कमजोर या भयभीत लोगों को समझाएं और उनका हौसला बढ़ाएं। बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित और सकारात्मक माहौल दें। जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझेगा तभी हम समाज को सुरक्षित और सकारात्मक बना पाएंगे। आज हिमाचल प्रदेश बहुत ही कठिन समय से गुजर रहा है, लेकिन यह समय सिर्फ डरने का नहीं है, बल्कि एक दूसरे का सहारा बनने का है। डरावनी तस्वीरें और नकारात्मक सूचनाएं केवल अंधकार फैलाती है ,जबकि सकारात्मक सोच सहयोग और भरोसा उम्मीद की रोशनी जलाते हैं। हमें यह याद रखना होगा कि आपदा चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, इंसानियत, एकजुटता और हौसले से बड़ी नहीं हो सकती, इसीलिए हमें डर फैलाने के बजाय उम्मीद और साहस बांटना चाहिए। आइए, इस संकट को एक अवसर बनाएं-अपने भीतर के इंसान को पहचानने का, मिलकर एक मजबूत समाज बनाने का और यह सीखने का कि डर नहीं ,हौसला ही असली ताकत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# देश की सरकार सुने दिव्यांगजनों की पुकार

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता और समावेशिता मानी जाती है। संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार, गरिमा और अवसर की गारंटी दी है, परंतु जब हम समाज के उस वर्ग की ओर देखते हैं, जिन्हें दिव्यांगजन कहा जाता है तो यह गारंटी अक्सर खोखली दिखाई देती है। देश की जनगणना और हालिया सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं कि करोड़ों दिव्यांगजन आज भी शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात, मीडिया और सार्वजनिक जीवन में हाशिए पर हैं। संवैधानिक प्रावधान और कानून मौजूद हैं, परंतु जमीनी स्तर पर उनकी स्थिति इस सच्चाई को बयान करती है कि वे अब भी अदृश्य नागरिकों की तरह जीवन जीने को विवश हैं। समस्या केवल भौतिक अवरोधों की नहीं, बल्कि मानसिकता और दृष्टिकोण की भी है। समाज का बड़ा हिस्सा अब भी दिव्यांगता को दया, बोझ या त्रासदी की दृष्टि से देखता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह सोच दिव्यांगजनों की क्षमताओं और संभावनाओं को नकार देती है। उन्हें बराबरी का अवसर देने के बजाय या तो दया का पात्र बना दिया जाता है या हंसी का विषय। भारतीय सिनेमा और टेलीविजन ने भी लंबे समय तक इन्हीं रूढ़ियों को दोहराया है। भारतीय न्यायपालिका ने कई बार दिव्यांगजनों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या हास्य के नाम पर किसी भी समुदाय की गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता।



हाल ही में दिए गए फैसलों में मीडिया और मनोरंजन उद्योग को चेताया गया कि वे दिव्यांगजनों को मजाक या दया का पात्र न बनाएं, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करें। उदाहरण के लिए, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 ने शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में उनके लिए आरक्षण और सुविधाओं की गारंटी दी। परंतु स्कूलों और कॉलेजों की इमारतें अब भी सीढ़ियों से भरी हैं, सरकारी दफ्तरों में व्हीलचेयर के लिए जगह नहीं है और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अब भी दृष्टिबाधित या श्रवणबाधित लोगों के लिए आवश्यक विकल्प उपलब्ध नहीं कराए जाते।

दिव्यांगजनों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें 'सक्षम नागरिक' के बजाय 'निर्भर नागरिक' मान लिया गया है। यह सोच उन्हें समाज की मुख्यधारा से दूर कर देती है। जबकि सच्चाई यह है कि अवसर और सुविधा मिलने पर दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता साबित कर सकते हैं। खेल जगत में पैरा ओलंपिक खिलाड़ियों की उपलब्धियां इसका प्रमाण हैं। शिक्षा और साहित्य से लेकर प्रशासन और विज्ञान तक दिव्यांगजनों ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। यदि समाज सचमुच समावेशी बनना चाहता है तो सबसे पहले उसकी सोच बदलनी होगी। दिव्यांगजनों को दया या सहानुभूति की आवश्यकता नहीं है, उन्हें बराबरी के अधिकार और अवसर चाहिए। स्कूलों में बचपन से ही बच्चों को यह सिखाना होगा कि विविधता ही इसलिए आज समय की सबसे बड़ी पुकार यही है कि दिव्यांगजन को अदृश्य नागरिक नहीं, बल्कि परिवर्तन और प्रगति के सक्रिय साझीदार माना जाए। उनकी क्षमताओं और सपनों को पहचान कर ही हम उस समाज का निर्माण कर सकते हैं, जहां कोई पीछे न छूटे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में CBSE (Central Board of Secondary Education) पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे हृश्वश्व , छ्वश्वश्व आदि की तैयारी में सुविधा होगी क्योंकि ष्टक्चस्श्व का पाठ्यक्रम इन्हीं परीक्षाओं के अनुरूप होता है। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के बीच शैक्षणिक असमानता भी कम होगी। शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग और मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही, छात्रों को करियर की बेहतर दिशा मिलेगी और वे अन्य राज्यों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। यह कदम राज्य की शिक्षा प्रणाली को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगा।

**रमेशना चौधरी, भड़वाल**

# सुशीला कार्की की सरकार: एक नई शुरुआत की उम्मीद

लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रक्रिया है, जो नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, स्वतंत्रता, समानता और सरकार की जवाबदेही पर आधारित होती है। यद्यपि इसे शासन का एक आदर्श प्रणाली माना जाता है, परंतु व्यवहार में यह कई देशों में विफल या कमजोर साबित हुई है। इसकी विफलता का कारण केवल संस्थागत कमजोरियां ही नहीं, बल्कि उस देश की राजनीतिक संस्कृति-यानी शासन प्रणाली के प्रति लोगों के विचार, मूल्य, विश्वास और दृष्टिकोण भी शामिल हैं। जब किसी देश में बेरोजगारी, व्यक्ति-पूजा, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, आर्थिक असमानता और शासन में पारदर्शिता का अभाव जैसी प्रवृत्तियां बढ़ने लगती हैं और लोकतंत्र केवल चुनावों तक ही सीमित रह जाता है, तो लोगों में निराशा, उदासीनता और अंततः विद्रोह की भावना उत्पन्न होती है।



प्रो. रतन नेगी
कुल्लू ( हि.प्र. )

लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान या चुनावों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उस समाज की राजनीतिक चेतना, नागरिकों की भागीदारी और सरकार की जवाबदेही पर आधारित होती है। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह हों। दुर्भाग्य से, नेपाल में ये संस्थाएं इन कसौटियों पर खरी नहीं उतरीं और परिणामस्वरूप देश के युवा सड़कों पर उतर आए। यह न केवल नेपाल के लिए, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीतिक व्यवस्था के लिए एक सबक है—अगर शासन व्यवस्था जनहित और आकांक्षाओं के विरुद्ध हो, तो जन-विरोध अवश्यंभावी हो जाता है। नेपाल की यह राजनीतिक संकट कोई अपवाद नहीं है, बल्कि म्यांमार, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई देशों में भी हाल के वर्षों में सरकार और जनता के बीच आंदोलन और हिंसक विद्रोह हुई हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन और अब नेपाल में युवाओं का उग्र विरोध इस बात का संकेत है कि जब लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित रह जाता है, तो असंतोष बढ़ता है।

नेपाल ने बीते ही कुछ वर्षों में तीन बड़े बदलाव देखे हैं, जैसे 1990 में बहुदलीय व्यवस्था की बहाली, 2006 में राजशाही का अंत और अब लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना। सवाल यह है कि क्या नेपाल का लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित रहेगा या क्या यह वास्तव में एक जिम्मेदार और पारदर्शी शासन व्यवस्था में तब्दील हो पाएगा? नेपाल की 2.97 करोड़ की आबादी में आधे से ज्यादा युवा हैं, लेकिन सरकार उन्हें रोजगार देने में विफल रही है। राजशाही के अंत के बाद, जनता को उम्मीद थी कि शासन अधिक पारदर्शी होगा, समानता और न्याय सुनिश्चित होगा, लेकिन ये उम्मीदें अधूरी रह गईं। 2015 में लागू किया गया नया संविधान भी मधेशी, आदिवासी और दलित समुदायों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहा। उन्हें न तो पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिला, न ही उचित सेवाएं और न ही न्याय।



परिणामस्वरूप, लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठने लगा और सड़कों पर असंतोष दिखाई देने लगा-यह इस बात का संकेत है कि नेपाल की लोकतांत्रिक संस्थाएं भीतर से कितनी कमजोर हो गई हैं। अब इस बदलाव की उम्मीद नेपाल की नई पीढ़ी से है – जिसे जेन -जी कहा जा रहा है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना केवल एक तकनीकी निर्णय नहीं था, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला था, जिसने युवाओं को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। आज का युवा सिर्फ नारे लगाना नहीं चाहता, वह वास्तविक बदलाव चाहता है-जिसमें पारदर्शिता, रोजगार और अवसर शामिल हों।

नेपाल की समस्या बार-बार सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि नेतृत्व का नैतिक पतन है। चुनाव होते हैं, गठबंधन बनते हैं, सरकारें बनती हैं- लेकिन जनहित की नीतियों का ईमानदारी से क्रियान्वयन कम ही होता है। लोकतंत्र अब एक औपचारिकता मात्र रह गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य-जनकल्याण-पीछे छूट गया है। ऐसे समय में, सुशीला कार्की का नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करना एक ऐतिहासिक क्षण है। संविधान में प्रावधान है कि केवल निर्वाचित प्रतिनिधि ही सरकार बना सकते हैं, लेकिन इस बार राष्ट्रपति और सेना ने न्यायपालिका के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। अब कार्की की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बहाल करना, चुनाव आयोग का गठन करना और समय पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना है। इसके साथ ही उन्हें युवाओं को साथ लेकर चलना होगा और उनकी आकांक्षाओं को शासन की प्राथमिकता बनाना होगा। नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे दक्षिण एशिया, विशेषकर भारत पर भी पड़ सकता है क्योंकि भारत और नेपाल के बीच खुली सीमाएं, साझा नदियां और गहरे सांस्कृतिक संबंध इस क्षेत्र को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाते हैं। नेपाल की अस्थिरता भारत की सुरक्षा, व्यापार और प्रवासन नीतियों को सीधे प्रभावित कर सकती है। इसलिए, नेपाल में लोकतंत्र का सुदृढ़ होना न केवल उसके नागरिकों के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। 1950 के दशक से ही नेपाल के प्रति भारत का दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक रहा है। भारत ने कभी भी नेपाल के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया है, बल्कि हमेशा संविधानवाद औरकानून के शासन का समर्थन किया है। सुशीला कार्की स्वयं न्यायाधीश भी रह चुकी है और भारत के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षित हैं और भारत को अच्छी तरह समझती हैं। आशा है कि उनके नेतृत्व में भारत-नेपाल संबंध और भी मजबूत होंगे। भारत अपनी परंपरा के अनुसार नेपाल को सहयोग और समर्थन भी प्रदान करता रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विदेशी का मोह छोड़ो, पूर्णतया स्वदेशी वस्तुओं को अपनाओ

प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों से नवरात्रि से दीपावली तक स्वदेशी मेला लगाने को कहा है यह अच्छा प्रयास है, लेकिन क्या इसी से हमें स्वदेशी का पूर्ण लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा शायद नहीं, क्योंकि स्वदेशी वस्तु खरीदने व स्वदेशी उपहार देने से ही हम पूर्ण स्वदेशी नहीं बनेंगे, जब तक कि हम आत्मिक रूप से भी पूर्ण स्वदेशी नहीं बन जाते, प्रचार स्वदेशी का करते रहें और मन से विदेशी कोन निकालें तो इसका कोई अर्थ ही नहीं। क्या हमारे संस्कार, आचरण रीति-रिवाज खानपान, पहनावा, भाषा का भी स्वदेशी होना जरूरी नहीं। विदेशी के पत्ते व टहनियां काट देने से कुछ तरह विदेशी से गया है।



मुकेश विग
ठोडो ग्राउंड मोड़, सोलन

फास्ट फूड का चस्का सेहत को बिगाड़ रहा है। कई रोग दे रहा है। दाल रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ भी हम भूलते ही जा रहे हैं। पहनावा भी अब विदेशी रूप में ढल गया है। फिल्लों ने भी फैशन को बढ़ावा दिया है। इसकी आंख मूंद कर नकल हो रही है। महंगी फटी जीन्स की मांग बढ़ती ही जा रही है जो हमारी धर्म संस्कृति को स्वीकार्य नहीं है। ऐसे में हमें स्वदेशी अपनाकर विदेशी चीजों को जड़ से उखाड़कर फेंकने की जरूरत है। हमारा विदेशी से मोह हो सकता है, लेकिन भारतीय महान संस्कृति में नहीं। मुस्लिम महिलाओं का पहनावा देखकर लगता है की शर्म ही नारी का गहना है।



नग्नता विदेशी संस्कृति में स्वीकार्यता हो सकती है पर भारतीय महान संस्कृति में नहीं। पहले सूट व दुपट्टा तो पहना जाता था, लेकिन जब से फट्टी जींस शुरू हुई हैं सूट- दुपट्टा तो मानो गायब ही हो गया। हमें ट्रंप को भी धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि इसी शख्स ने हमें स्वदेशी अपनाने को जगाया है व बताया है कि ईस्ट और वेस्ट होम इज द बेस्ट। हैरिफ तो एक बहाना है।

हम जन्मदिन मोमबत्ती बुझाकर मनाते हैं जो कि पश्चिमी संस्कृति का अंग है। हमारे धर्म में दीप जलाने की परंपरा है बुझाने की नहीं। पश्चिम में तो सूरज भी डूबता है। जो हमें दिनभर रोशनी देता है। विदेशी संस्कृति को अपनाना, बिना सोचे उसका अनुसरण करना डूबने के समान है।

भाषा में भी हम अंग्रेजी को अपना स्टेटस मानने लगे हैं जबकि हिंदी बोलने में सकुचाते हैं। अटल ने तो संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देकर सबको चौंका दिया था। आज चरण स्पर्श भी कम हो गया है। श्रीराम की हम पूजा करते हैं, लेकिन उनके पहनावे व आदर्शों पर ध्यान नहीं देते। जब तक हम हर कार्य में स्वदेशी को प्रथम स्थान पर नहीं रखेंगे, तब तक हर अभियान फीका ही लगेगा। जिस स्वदेशी पर हमारा अधिकार है वो हमारे लिए गर्व का विषय है। उसे दिल से अपनाने में हर देशवासी का पूरा-पूरा सहयोग बहुत जरूरी है। इससे दिवाली तक नहीं, बल्कि हर त्योहार हर दिवाली यह मेला शान है। विदेशी का मोह छोड़ो। विदेश में बच्चे पढ़ने जाते हैं मां-बाप परिवार से दूर हो जाते हैं। कई बार मुसीबत में पड़ जाते हैं। देश पराया छोड़ के आजा अपने घर में भी है रोटी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 423 ग्राम अफीम के साथ हरियाणा निवासी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण के नेतृत्व में कार्य कर रही पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने चरस माफिया की कमर तोड़ने के बाद अब अफीम के काले कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस टीम ने वीरवार को किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में नाकाबंदी के दौरान हरियाणा निवासी के कब्जे से 423 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल कुलदीप और सुरेश की टीम नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में मौजूद थे।

इसी दौरान पुलिस द्वारा मंडी की ओर से बिलासपुर जाने वाले वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मंडी की ओर से आ रही एक बाइक नंबर एचआर-76-एच-0347 की तलाशी के दौरान सीट के नीचे से 423 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपी की पहचान प्रमोद (29) पुत्र सहदेव निवासी गांव व डाकघर कंडेला तहसील और जिला जिंद हरियाणा के तौर पर हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष आरोपी को पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीओ सेल ने उद्घोषित आरोपी को दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन मामले में वांछित उद्घोषित आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को शहर के गांधी चौक से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पीओ टीम को जिला न्यायालय के सीजेएम कोर्ट मंडी द्वारा महिला पुलिस थाना में आईपीसी की धारा 498-ए, 342, 504 और 506 के तहत दर्ज एफआईआर में न्यायालय से फरार चल रहे उद्घोषित आरोपी को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया था। मामले में गत अगस्त महीने में उद्घोषित आरोपी घोषित किया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए जिला कांगड़ा के धर्मशाला क्षेत्र के रहने वाले आरोपी मोहम्मद सबीर को गांधी चौक से गिरफ्तार किया। आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना के हवाले कर दिया गया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी जांच जारी है।

### सिंबल कोठी में दो मंजिला स्लेटपोश मकान जला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत परसदा हवाणी के गांव सिंबल कोठी में बुधवार शाम के समय आग की भीषण घटना सामने आई। इस हादसे में प्यार चंद पुत्र प्रितम चंद का दो मंजिला पुराना स्लेटपोश कच्चा मकान आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मकान में रखा सामान, लकड़ी व घास जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि इस मकान में कोई परिवार नहीं रहता था और केवल मवेशियों को बांधा जाता था। हादसे के समय गाएं बाहर बंधी हुई थीं, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, मकान के अंदर रखा कीमती सामान पूरी तरह जल गया। प्रभावित परिवार के मुखिया प्यार चंद ने बताया कि इस अग्निकांड में उन्हें लगभग 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान सलीता देवी भी मौके पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। उन्होंने पटवारी को सूचित किया। पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। पंचायत प्रधान ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को फौरी राहत व हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### हर्षित मिन्हास अध्यक्ष व विकेश बने महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें हर्षित मिन्हास को अध्यक्ष तथा इतिहास विभाग के सहायक आचार्य विकेश राणा को महासचिव चुना गया। इशानी को उपाध्यक्ष, कैलाश कुमार को संयुक्त सचिव तथा दीपक पूरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सोमदेव, देवेंद्र कुमार, रोहित, विशाल चंदेल और शिवम शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक विभाग अपने पूर्व छात्रों के साथ मजबूत संपर्क एवं नेटवर्क विकसित करे। पूर्व छात्र मौजूदा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट, इंटर्नशिप और मेंटरशिप उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि पूर्व छात्र वर्तमान में विभिन्न उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों में कार्यरत हैं। कुलपति ने इस पहल को विश्वविद्यालय की प्रगति और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजेश कुमार शर्मा ने भी नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी।

### धर्मपुर में आज खुल जाएगी अधिकांश सड़कें

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारी बारिश के कारण बाधित धर्मपुर उपमंडल की सड़कों को बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार यहां कुल 28 सड़कें बंद हैं। अधिशाषी अभियंता अनिल शर्मा, लोक निर्माण विभाग धर्मपुर ने बताया कि क्षेत्र में सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और 19 सितंबर तक अधिकतर सड़कें खोलने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि सड़कों की बहाली के लिए विभाग ने 3 जेसीबी, 1 डोजर और 2 टिप्पर ट्रैक्टर मौके पर तैनात किए हैं। इसके अतिरिक्त समुचित संख्या में मानव संसाधन की भी तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि इस बरसात में भारी बारिश से अब तक विभाग को 81 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान आंका गया है। हाल ही में हुई भारी बारिश से 42.70 लाख रुपए का अतिरिक्त नुकसान विभाग को हुआ है। राहत की बात यह है कि इस आपदा में किसी भी पुल को नुकसान नहीं पहुंचा है।

### उरला पंचायत में दी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा पधर के सौजन्य से ग्राम पंचायत उरला के गैल गांव में एकदिवसीय जन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को बैंकिंग सेवाओं एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। शाखा उप प्रबंधक दयाल सिंह ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा केवाईसी प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अपनी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। वहीं, उन्होंने सशक्त ऋण महिला योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत महिलाएं स्वयं सहायता समूह या व्यक्तिगत रूप से ऋण लेकर स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे इन योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। इस दौरान पंचायत प्रधान उरला ममता तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया।

### जीएसटी के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के ढांगसीधार स्थित जल शक्ति विभाग की संचार एवं क्षमता विकास इकाई (सीसीडीयू) में जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ सहायक एवं अन्य अधीक्षकों के लिए वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम (जीएसटी एक्ट) की सरकारी विभागों में उपयोगिता पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता पूनम ठाकुर, सहायक आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी ने जीएसटी एक्ट तथा इसके अंतर्गत सरकारी विभागों में इसके व्यावहारिक पक्षों व उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए जीएसटी के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया। सीसीडीयू ढांगसीधार की प्रभारी ललिता कुमारी ने बताया कि इस कार्यशाला के प्रथम बैच में कुल 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कर्मचारियों व अधिकारियों ने इस कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई गई तथा उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित विभिन्न पहलुओं को समझने का भरपूर लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि अन्य अधिकारियों के लिए इसी तरह की कार्यशालाओं का आयोजन 19, 23 एवं 24 सितंबर को भी किया जाएगा।

# एनएच निर्माण कार्य का मुद्दा हाईकोर्ट पहुंचा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग का हमीरपुर से सरकाघाट धर्मपुर मंडी तक निर्माण कार्य कर रही गावर, सूर्या एवं बीआरएन कंपनियों व काम करवा रहे केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग (मौर्थ) की गैरजिम्मेदाराना व घटिया किस्म के कार्य का मामला अब हिमाचल हाई कोर्ट पहुंच गया है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा और अन्य संस्थाओं के सात पदाधिकारियों ने 17 सितंबर को 49354/25 सीडब्ल्यूपीआईएल के तहत हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करवा दी है। इसकी जल्द ही सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में जनहित याचिका पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा धर्मपुर खंड अध्यक्ष रणताज राणा, सरकाघाट खंड अध्यक्ष दिनेश काकू सरकाघाट नागरिक सभा के सचिव बीडी शर्मा, एनएच संघर्ष समिति रखोह के पूर्ण चंद, पराशर सहयोग संस्था रखोह के बृजलाल शर्मा और परसदा हवानी ग्राम पंचायत की प्रधान सलिता देवी ने की है। इसका मसौदा ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की सरकाघाट न्यायालय और हाईकोर्ट शिमला की टीम द्वारा तैयार किया गया है। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता भी शामिल हैं। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि याचिका में केंद्र सरकार के मौर्थ विभाग, निर्माण कंपनियों के साथ हिमाचल प्रदेश सरकार के उन सभी विभागों व अधिकारियों को भी इसमें पार्टी बनाया गया है, जिनकी लापरवाही से धर्मपुर और सरकाघाट क्षेत्र में निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। इसमें मंडी जिला व उपमंडल सरकाघाट और धर्मपुर के सामान्य व पुलिस प्रशासन के अलावा फारेस्ट, माइनिंग व अन्य विभागों को भी पार्टी बनाया गया है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा कंपनी के खिलाफ समय पर कार्रवाई न करने की लापरवाही के कारण ही कंपनी ने अवैध डंपिंग, कटिंग, खनन करके घरों को खतरा पैदा किया गया है, रास्ते,सड़कें, कल्वर्ट, नालियां, पानी के स्रोतों और हेंडपंपों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। यही नहीं गासियां खड्ड पाड़छु के पास डाले जा रहे पुल के लिए छह-सात महीने मलबा डाला गया और प्रशासन तमाशबीन बना रहा। हालांकि, हिमाचल किसान सभा के बैनर तले इसके खिलाफ दो साल से आंदोलन हो रहा था, जो 15 अगस्त तक मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन तक जारी था। उन्होंने बताया कि किसान सभा के बैनर तले 4 जून को सरकाघाट और 23 को धर्मपुर थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायतें दी थी, लेकिन दोनों थानों में दर्ज नहीं किया गया। इसके विरोध में 9 जुलाई को सरकाघाट थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया था, लेकिन कहीं पर भी सुनवाई न होने के कारण अब हाईकोर्ट में मामला दर्ज करना पड़ा है। इससे ये बात पक्की हो गई है कि एक तरफ जहां भारत सरकार का मौर्थ विभाग और उसकी कंपनी इसके लिए जिम्मेदार है। वहीं, हिमाचल प्रदेश सरकार के विभाग भी उतने ही जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से कंपनी गैर कानूनी काम निरंतर जारी रखे हुए है। यही नहीं पुलिस तो कंपनी को बचाने और उसे सरंक्षण देने का ही काम करते रही। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि न्यायालय कंपनियों द्वारा मनमर्जी से किए जा रहे घटिया किस्म और अवैध निर्माण काम के के बारे निर्णय देगा, ताकि कंपनियों व सरकारी महकमों को उनके द्वारा बरती गई लापरवाही का सबक मिल सके और प्रभावतों को न्याय मिल सके।

# लुकाणु गांव पर भूस्खलन का खतरा ड्रेनेज पाइप बंद होने से 10 घरों पर संकट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत खलारडू के लुकाणु गांव के लोगों ने अपने गांव में बढ़ते भूस्खलन और बरसाती पानी की समस्या को लेकर एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगस्त 2023 में आई आपदा के दौरान अप्पर लुकाणु में पूर्ण चंद के घर के पास भारी भूस्खलन हुआ था। इस दौरान पानी की निकासी के लिए बनी मुख्य ड्रेनेज पाइप बंद हो गई, जिसके चलते बरसात का पानी सड़क से होकर निचले लुकाणु के घरों में घुसने लगा। पिछले ढाई महीनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ग्रामीणों के अनुसार नालियों का पानी भूस्खलन के मलबे के साथ सीधे घरों में प्रवेश कर रहा है। निचले लुकाणु के करीब 8 से 10 मकान इससे सबसे अधिक प्रभावित हैं और किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि 16 सितंबर की रात हुई भारी बारिश के दौरान मीरा देवी के मकान के ऊपर भूस्खलन हुआ, जिससे पानी का रुख बदलकर सीधे उनके घर और आसपास के मकानों की ओर चला गया।

इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है और लोग हर समय खतरे के साए में जीने को मजबूर हैं ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि मौके का शीघ्र निरीक्षण कर बंद हुई ड्रेनेज पाइप को खुलवाया जाए, ताकि बरसात का पानी सुरक्षित रूप से नाले में जा सके और गांव को तबाही से बचाया जा सके। इस मौके पर यशपाल, मीरा देवी, भीमा देवी, देवेंद्र कौर, राम प्यारी, पूजा, बबीता, तृप्ता, नीलम, शशि वाला, विद्या देवी, सरला देवी, गुरुदेव, अचला शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एचआरटीसी डिपो को जल्द चालू करने की हो रही कोशिश



एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

बाढ़ से प्रभावित एचआरटीसी धर्मपुर डिपो में सरकार द्वारा तेजी से राहत एवं पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है कि डिपो जल्द से जल्द पुन: सुचारू रूप से कार्य करने योग्य हो जाए। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक आपदा के बावजूद कर्मचारी युद्धस्तर पर काम में जुटे हुए हैं, जिससे जनता को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने बताया कि जिन बसों की मरम्मत संभव है, उन्हें जल्द ही सड़कों पर उतारने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में जनसुविधाएं शीघ्र ही बहाल हो सकें। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने और साफ-सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भविष्य में ऐसी आपदाओं से नुकसान कम हो, इसके लिए स्थायी समाधानों पर भी विचार किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. जय कुमार आजाद, आरएम सरकाघाट, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय सकलानी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया क्लस्टर सिस्टम का विरोध

**अनंत ज्ञान, गोहर।** प्राथमिक शिक्षक संघ चच्योट-2 शिक्षा खंड के अध्यक्ष चेतन सोनी, महासचिव खेम सिंह तथा पूरी कार्यकारिणी ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान में प्रदेश सरकार के हालिया आदेशों पर तीव्र विरोध दर्ज कराया है। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा जारी पत्र में प्राथमिक विद्यालयों को क्लस्टर सिस्टम के अंतर्गत प्रधानाचार्य के अधीन करने का आदेश किया गया है, जो न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के लिए भी प्रतिकूल है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई टीईटी शर्तों को पहले से सेवारत शिक्षकों पर थोपना भी पूर्णत: अनुचित और अस्वीकार्य है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने क्लस्टर सिस्टम में किसी भी प्रकार का बदलाव किया, तो चच्योट-2 शिक्षा खंड इसका डटकर विरोध करेगा। शिक्षक मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे।

# रोपड़ी पंचायत में बादल फटने से भारी तबाही

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट उपमंडल की रोपड़ी पंचायत में बादल फटने से भारी तबाही हुई है, यहां पर कई मकान और गोशालाएं ध्वस्त हुईं और दर्जनों मवेशियों की मौत हुई है।

किसानों की फसलें भी नष्ट हो गई हैं। रोपड़ी-रिस्सा सड़क की बदहाल स्थिति के चलते पतराई गलू के पास से बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। सड़क के खस्ताहाल होने के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनता लंबे समय से सड़क सुधार की मांग कर रही है, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया रहा है। स्थिति को देखते हुए विधायक दलीप ठाकुर ने समूची पंचायत का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई कर सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है और सड़क को जल्द से जल्द यातायात योग्य बनाने के लिए विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं। गांव रोपड़ी के छड़ू नाला में बादल फटने के कारण भारी नुकसान हुआ है। इस आपदा में 4 गोशालाएं पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं, वहीं 1 गाय और 5 बकरियां बह गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कांडापतन योजना की पाइपें बहकर लगभग 500 मीटर दूर मुख्य सड़क तक पहुंच गईं। विधायक ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता को तत्काल निर्देश दिए हैं कि इन पाइपों को नाले से हटाया जाए, ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। इस प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने सरकार से शीघ्र राहत और पुनर्वास की मांग की है।



विधायक दलीप ठाकुर ने रोपड़ी पंचायत का दौरा किया।

## धर्मपुर जल शक्ति डिवीजन की 105 योजनाएं प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पिछले दिनों हुई भारी बारिश से धर्मपुर जल शक्ति डिवीजन को भारी क्षति पहुंची है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार कुल 105 योजनाए प्रभावित हुई हैं, जिनमें 70 पेयजल योजनाएं, 28 सिंचाई योजनाएं और 7 बाढ़ सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं। इन पर क्रमशः 538 लाख, 112.50 लाख और 525 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। जल शक्ति विभाग धर्मपुर के अधिशाषी अभियंता कमल कुमार ने बताया कि सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि सीवरेज योजनाओं को कोई क्षति नहीं हुई है। कुल मिलाकर विभाग को 1175.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसी बीच, धर्मपुर-भराड़ी डिवीजन से प्राप्त ताजा रिपोर्ट के अनुसार कुल 70 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई थीं, जिनमें से 46 योजनाएं बहाल कर दी गई हैं। शेष 17 जलापूर्ति योजनाएं बहाल करने का कार्य जारी है।

# राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग में लिटिल स्कॉलर्स होम का दबदबा, 9 मेडल जीते

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लिटिल स्कॉलर्स होम के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लिटिल स्कॉलर्स होम के 9 खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए मेडल अपने नाम किए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों और भार वर्गों में मुकाबले हुए। कड़ी चुनौतियों और दमदार प्रतिस्पर्धा के बीच लिटिल स्कॉलर्स होम के खिलाड़ियों ने अनुशासन, संयम और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। प्रिंसिपल सुजाया शर्मा ने कहा कि सारवी ने अपने दमदार खेल से गोल्ड मेडल जीतकर सबका ध्यान आकर्षित किया। अहाना और परम मखीजा ने बेहतरीन तकनीक और खेल कौशल का परिचय देते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं, रूदवी धीमान, अक्षरा, आइशा और बिहान ने संघर्षपूर्ण मुकाबलों में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों का कहना है कि राज्यस्तरीय इस मंच पर खेलना उनके लिए एक अनूठा अनुभव रहा। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद खिलाड़ियों के स्कूल लौटने पर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल परिसर तालियों से गूंज उठा, जिस दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और गर्व झलक रहा था।

## प्रिंसिपल ने थपथपाई खिलाड़ियों की पीठ

**लिटिल** स्कॉलर्स होम की प्रिंसिपल सुजया शर्मा ने कहा कि बच्चों का यह प्रदर्शन विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित होती है। सुजाया शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय रेफरी कृष्ण लाल भूपी और अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत तभी मुकाम तक पहुंचती है।



राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लिटिल स्कॉलर्स होम के खिलाड़ी अध्यापकों के साथ।

# बीएस भारद्वाज व ट्विंकल के नाम रही ख्योड़ मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या




जिला स्तरीय नलवाड़ मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** सायर उत्सव के अवसर पर आरंभ हुए जिला स्तरीय नलवाड़ मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या थाची के बीएस भारद्वाज और कुल्लू की ट्विंकल के नाम रही।

इस संध्या में एसडीएम गोहर बचित्र सिंह ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और मेला कमेटी के अध्यक्ष एंव कार्यकारी प्रधान तरुण कुमार द्वारा उन्हें शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। संध्या का आगाज मंगलधुन से किया गया और सेवानिवृत्त जिला लोक संपर्क अधिकारी कुलदीप गुलेरिया ने मंच का संचालन किया। संध्या में स्थानीय कलाकारों, जेठु राम, रिद्धिमा, सिमरन, विधी, नेत्र निहाल, विशाल व सुंदरनगर के आशिष भारद्वाज ने आकर्षक प्रस्तुतियां पेश की। संध्या के स्टार कलाकार बीएस भारद्वाज ने प्यारा लगदा झेचिए, धारा बाजी बांसरी, झूरी री बोला अखटी, सराजनिए तेरे दांदा रा चावा, नौचदे नौचदे बांगा टूटी ओ सरला जैसे पहाड़ी फेमस गीत सुनाए। इससे पूर्व ट्विंकल ने देओरा धागा, जिंदु आरो खेला हो, मेरी झूरिए, रोज़ का ड्रामा तेरा, तेरी सांगरी कुल्लू आली देइए तथा इन्हा बड़िया जो तुड़का आदि गीतों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

# सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पधर में रेड रिबन डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नशामुक्ति एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को समाज में व्याप्त नशे के दुष्प्रभावों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीएसपी पधर देव राज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी घातक है। विद्यार्थियों को नशे व मादक पदार्थों से दूर रहते हुए स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने यातायात नियमों की पालना करने और सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि मानने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा शपथ दिलाई गई कि वे कभी भी नशा या नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे और समाज में भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे।

**मांग** सरकार पर नहीं पड़ेगा वित्तीय बोझ, रोजगार सेवकों ने समायोजन की रखी मजबूत दलील

# विभाग व सचिव पद पर मांगा समायोजन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों ने मांग की है कि उन्हें ग्रामीण विकास विभाग और पंचायत सचिव के पद पर समायोजित किया जाए।

यहां प्रेस वार्ता में ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुनीष कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारी/पंचायत सचिव के लगभग 1452 पद स्वीकृत हैं, जिनपर वर्ष 2002 के पश्चात कोई भी भर्ती नहीं की गई है। इस कारण विभाग में यह संख्या 287 रह गई है। कुल 1165 पद रिक्त चल रहे हैं। इन सभी स्वीकृत पदों के लिउ हर वर्ष वित विभाग द्वारा बजट का प्रावधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम रोजगार सेवकों को इन पदों पर समायोजित किया जाता है, तो सरकार पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वितीय बोझ नहीं पड़ेगा। क्योंकि अब ग्राम रोजगार सेवक ही एक ऐसी श्रेणी बची है, जो इस पद के लिए दावा कर सकते हैं। शेष कर्मचारी पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, मनरेगा कनिष्ठ अभियंता इन कर्मचारियों से सरकार ने इनकी राय पूछी थी कि आप जिला परिषद या ग्रामीण विकास विभाग में से कौन से विभाग में जाना चाहते हैं तो इन्होंने जिला परिषद को चुना था। सरकार ने इनकी मांग को माना व जिला परिषद में समायोजन किया था, जबकि ग्राम रोजगार सेवकों ने ग्रामीण विकास विभाग को चुना था। यह नियुक्ति भी ग्रामीण विकास विभाग में ही हुई है।

ग्राम रोजगार सेवकों ने वर्ष 2008 से इस विभाग में आने के लिए बहुत बहुत लंबा इंतजार किया है और अपने जीवन के कई साल खत्म किए हैं, अब इन पदों पर पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक या अन्य कर्मचारियों की मांग जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ग्राम रोजगार सेवकों को ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पड़े पंचायत सचिव के पदों पर समायोजित करती है, तो इस पद पर रहते हुए ग्राम रोजगार सेवक के कार्य भी करने की सहमती देते हैं। इससे सरकार को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा। मनरेगा में प्रशासनिक मद का 80 से 90 करोड़ रुपए सरकार का सालाना बचेगा। सरकार चाहे तो इस अतिरिक्त राशि से आउटसोर्स पदों पर अन्य स्टाफ की नियुक्ति कर सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में प्रदेश में 1081 ग्राम रोजगार सेवकों की मनरेगा को धरातल पर सफल बनाने के लिए सरकार व विभाग द्वारा तीन पंचायतों के वृत्त पर एक ग्राम रोजगार सेवक की नियुक्ति की गई थी। वर्तमान में 1038 ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत हैं। इनमें से 951 वर्ष 2018 से ही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/पंचायत सचिव ग्रामीण विकास विभाग के बराबर वेतन ले रहें हैं। इसके अतिरिक्त 18 ग्राम रोजगार सेवक दैनिक भोगी हैं व 69 ग्राम रोजगार सेवक 6800 रुपए मासिक वेतन पर कार्य कर रहे हैं। सभी ग्राम रोजगार सेवक वर्तमान समय में मनरेगा के अतिरिक्त विभागीय तथा सरकार के आदेशानुसार सौंपे गए कार्यों को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। वर्तमान में ग्राम रोजगार सेवकों के मासिक वेतन का सम्पूर्ण भुगतान मनरेगा के प्रशासनिक मद से ही किया जा रहा है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुनीष कुमार।

# जयराम वादे को पूरा करते हुए द्रंग विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी को निभाएं : जवाहर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने कहा कि जिले में इस बार की बरसात में सबसे ज्यादा तबाही सराज विधानसभा क्षेत्र में हुई है, लेकिन उसके साथ ही द्रंग विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग सराज के बराबर ही तबाही हुई है।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए जवाहर ने कहा कि यह सदी की सबसे बड़ी और देर तक चलने वाली बरसात थी, जिसे हमारी अगली पीढ़ियां भी याद रखेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में इस बार सुम्रद तल से छह हजार और नौ हजार फुट तक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बादल फटने, भूधंसाव और जमीन में दरारें पड़ने की घटनाओं से भारी तबाही हुई है। इसके चलते जिला में कई लोगों की जानें गई हैं। इसके अलावा किसानों और बागवानों को भी बहुत नुकसान हुआ है। सेब, आलू गोभी, राजमाह आदि की फसलें तबाह हुई हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दूसरे चरण में द्रंग विधानसभा क्षेत्र में भारी तबाही हुई है, अगर सराज में तबाही का आंकड़ा 90 प्रतिशत है, तो द्रंग में यही तबाही 80 फीसदी हुई है। इसके बावजूद द्रंग विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि न तो सता पक्ष और न ही विपक्ष इस त्रासदी में लोगों के आंसू पोंछने आया है। जवाहर ठाकुर ने कहा कि जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी द्रंग के लोगों की सुध लेने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा में द्रंग विधानसभा क्षेत्र लावारिस छोड़ दिया गया है। जवाहर ने कहा कि हाल ही में नेताप्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने द्रंग क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री बांटी। उन्होंने कहा कि क्या ही अच्छा होता जयराम ठाकुर प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर द्रंग क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लेते और जिनका नुकसान हुआ है, उन्हें सही मायने में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को गति प्रदान करते। उन्होंने कहा कि जयराम नुकसान ने चुनाव से पहले कहा था कि द्रंग विस क्षेत्र मेरी जिम्मेदारी है, अब वे अपने वादे को पूरा करते हुए द्रंग की जिममेदारी को निभाए। उन्होंने कहा कि द्रंग में न तो विधायक नजर आ रहे हैं और न ही पांच लाख से भी ज्यादा मतों से जीती सांसद को भी द्रंग के लोगों ने नहीं देखा।

# दाल, सब्जी, कड़ी, चपाती, चावल के साथ फुल डाइट 80 रुपए में

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना में ढाबों पर मिलने वाले भोजन में फुल डाइट दाल, सब्जी व कढ़ी के साथ चावल, चपाती की बिक्री 80 रुपए, जबकि हाफ डाइट एक प्लेट चावल के साथ दाल व सब्जी 50 रुपए अधिकतम दाम में बेची जा सकेगी।

यह अधिसूचना जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जमाखोरी व मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश 1977 के अंतर्गत जारी कर जिले में आवश्यक वस्तुओं के अधिकतम दाम निर्धारित किए हैं, ताकि आम लोगों व उपभोक्ताओं को बाजार में गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा सकें। अधिसूचना के अनुसार चपाती तवा 7 व तंदूरी 8 रुपए, विशेष सब्जी प्रति प्लेट 70 रुपए, भरवां परांठा आचार के साथ 30 रुपए, स्पेशल दाल 70 रुपए, चावल फल प्लेट 50 रुपए, रायता 50 रुपए, प्रति प्लेट, मीट 5 पीस 200 ग्राम प्रति प्लेट के साथ करी 130 रुपए, चिकन का मूल्य 5 पीस 200 ग्राम 110 रुपए प्रति प्लेट करी के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त दो भटूरे चने या सब्जी के साथ 55 रुपए, समोसा चना 30 व दो समोसा चना 50 रुपए प्रति प्लेट बिक सकेगी। इसी तरह दुग्ध उत्पादों में दूध 60 रुपए प्रति लीटर, पनीर 320 रुपए व दही 70 रुपए प्रति किलोग्राम बेचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक अधिकतम खुदरा मूल्य की निर्धारित दरों के हिसाब से बेच सकेंगे। जिला ऊना में बकरे व भेड़े का मीट 500 रुपए प्रति किलोग्राम, सूअर का 250 रुपए प्रति किलोग्राम तथा चिकन ब्रॉयलर 220 रुपए प्रति किलोग्राम, जीवित मुर्गा 150 रुपए प्रति किलोग्राम, जबकि मछली का दाम मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित अधिकतम रुपए होगा। जतिन लाल ने कहा कि बिक्रय संस्थान के मालिक या हिस्सेदार या प्रबंधक के द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षर की हुई वस्तुओं की रेट लिस्ट संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रत्येक विक्रेता अथवा दुकानदार उपभोक्ता को कैश मीमो जारी करेगा, जिसकी डुप्लीकेट कापी निरीक्षण के लिए अपने पास रखेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि निर्धारित किए गए दाम आगामी एक माह के लिए लागू रहेंगे। ये दरें टूरिज्म विभाग से पंजीकृत होटल और रेस्टोरेंट पर लागू नहीं होंगी।

### जिला दंडाधिकारी ने जारी की आवश्यक वस्तुओं की रेट लिस्ट

## सहकारी सभाओं का कंप्यूटरीकरण तेजी से जारी, अब तक 178 समितियां ऑन-गो-लाइव

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला सहकारी विकास समिति की बैठक डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में हुई संपन्न। इसमें कई अधिकारी रहे मौजूद।

जिला सहकारी विकास समिति की बैठक डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं तथा जिले में सहकारी सभाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। डीसी ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारी सभाओं के सर्वांगीण विकास और उनकी आय में वृद्धि के लिए आदर्श उपविधियां तैयार की गई हैं। जिले में पंजीकृत कुल 234 सहकारी सभाओं (217 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं एवं 17 बहुउद्देशीय सहकारी सभाएं) में से अब तक 213 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं तथा 14 बहुउद्देशीय सहकारी सभाओं की उपविधियों में संशोधन कर पंजीकरण पूरा कर लिया गया है। शेष 7 सहकारी सभाओं (4 प्राथमिक कृषि एवं 3 बहुउद्देशीय) में संशोधन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत देशभर की प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है, ताकि लेखांकन प्रणाली में एकरूपता लाई जा सके। इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर नाबार्ड के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश स्तर पर हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिला ऊना में प्रथम चरण में 184 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं तथा द्वितीय चरण में 35 सहकारी सभाओं को शामिल किया गया है। अब तक 178 सहकारी सभाओं को ऑन-गो-लाइव मिशन के अंतर्गत जोड़ा जा चुका है। इसके अतिरिक्त 115 सहकारी सभाओं का सिस्टम ऑडिट भी पूरा किया गया है। दूसरे चरण में 12 सहकारी सभाएं ऑन-गो-लाइव की जा चुकी हैं।

डीसी ने बताया कि जिला सहकारी विकास समिति के तहत कार्य कर रही संयुक्त कार्य समिति द्वारा जिले में नई बहुउद्देशीय, दुग्ध उत्पादक एवं मत्स्य सहकारी सभाओं के पंजीकरण की संभावनाओं को भी तलाशा जा रहा है। वर्तमान में जिले में 217 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं, 31 दुग्ध उत्पादक सहकारी सभाएं, 5 मत्स्य सहकारी सभाएं तथा 6 किसान उत्पादक संगठन कार्यरत हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग ऊना, दिनेश परमार ने जानकारी दी कि विभाग ने 40 संभावित दुग्ध उत्पादक सभाओं की पहचान की है, जिनमें से 15 सभाओं का पंजीकरण किया जा चुका है। शेष संगठनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें पंजीकरण के लिए आवश्यक जानकारी एवं वेबसाइट उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर बैठक उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, उपनिदेशक मत्स्य विभाग विवेक शर्मा, उपनिदेशक बागवानी केके भारद्वाज, डीएफसीसी ऊना राजीव शर्मा, एआरसीएस ऊना संदेश बाला, डीडीएम नाबार्ड सबरीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना 2024 में मिल रही 3 लाख की आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने वीरवार को महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना- 2024 को लेकर जिला कल्याण अधिकारी, नगर निगम ऊना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में योजना के सुचारु क्रियान्वयन व पात्र लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

कुलदीप धीमान ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से वाल्मीकि समाज से जुड़े पात्र सफाई कर्मचारियों के लिए बनाई गई है, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल सफाई कर्मचारियों की जीवन परिस्थितियों को बदलेगी, बल्कि उन्हें सम्मान और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को पक्का मकान बनाने के लिए 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। यह राशि चार किश्तों में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। पारिवारिक आय 2.50 लाख से कम होनी चाहिए। किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थान, दफ्तर या निजी क्षेत्र में सफाई कार्य करने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसमें उन्हीं पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी, जिन्होंने आवास के लिए पहले किसी अन्य योजना का लाभ न लिया हो।

इसके अलावा वाल्मीकि समाज से संबंधित जाति प्रमाण पत्र तथा किसी भी विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारी को संबंधित विभाग से सत्यापित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। धीमान ने बताया कि प्राकृतिक आपदा अग्नि, बाढ़ भूकंप आदि में क्षतिग्रस्त हुए मकानों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले पात्र लाभार्थियों के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत प्रदान की जाएगी उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी जिला कल्याण अधिकारी अथवा तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सरल बनाया गया है। इस मौके पर राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा एवं अधिवक्ता विजय डोगरा, एससी आयोग के सचिव विनय मोदी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### खेल मैदान के पुनर्निर्माण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलाहत के दर्जनों युवाओं ने तरूण ठाकुर की अध्यक्षता में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर मलाहत खेल मैदान के पुनर्निर्माण की मांग उठाई है। इस मौके पर तरूण ठाकुर ने कहा कि मलाहत खेल मैदान के निर्माण होने से मलाहत के साथ लगती अन्य कई पंचायतों के सैकड़ों युवाओं को फायदा मिलेगा। वहीं, पंचायत के युवा इस मैदान में भारतीय सेना में भर्ती होने का आसानी से प्रशिक्षण ले सकेंगे। इस पर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं की मांग को स्वीकार कर आगामी दो महीनों में निर्माण कार्य शुरू करवाने की बात कही है। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता अरुण कौशल, बजरंग दल से भूपेंद्र राणा, पंकज आदि युवा उपस्थित रहे।

### बंगाणा कॉलेज की पीटीए की बैठक 23 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा पीटीए सचिव डॉ. कुलदीप सिंह ने अवगत कराया कि पीटीए जनरल हाउस की बैठक, जो मूलतः 9 सितंबर 2025 को प्रस्तावित थी, उन्होंने बताया कि लगातार हो रही भारी वर्षा एवं सड़क अवरोध के कारण नियत तिथि पर बैठक आयोजित करना संभव नहीं हो पाया। इसलिए परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैठक अब 23 सितंबर 2025 को 11 बजे कॉलेज में होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने सभी अभिभावकों एवं पीटीए सदस्यों से सहयोग की अपील की है।

### अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्र पाइप लाइंस ऊना नें अग्नि एवं सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लाइव-फायर ड्रिल कराई गई। प्रशिक्षण का नेतृत्व सुरेश कुमार, अग्निशमन उपअधिकारी, राज्य अग्निशमन सेवा विभाग, ऊना और उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम में उ.क्षे.पा. ऊना, ऊना ऑयल टर्मिनल और इंडेन बॉटलिंग प्लांट के कर्मचारियों, डीजीआर गार्डों और ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षित निकासी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। लाइव-फायर अभ्यास ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया और आपातकालीन स्थिति में तत्परता को मजबूत किया। यह पहल इंडियन ऑयल की सुरक्षा संस्कृति और सामूहिक जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है।

### हॉट स्पॉट्स पर सफाई अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत ऊना जिले के शहरी निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह 15 दिवसीय अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्तूबर, गांधी जयंती तक जारी रहेगा। इसी क्रम में नगर निगम ऊना ने वीरवार को नगर निगम क्षेत्रों के विभिन्न हॉट स्पॉट्स पर विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इस अभियान में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। उन्होंने बताया कि विशेष सफाई अभियान के तहत नगर निगम में हाल ही में शामिल क्षेत्रों ऊना-नंगल रोड रेलवे ब्रिज के आस-पास, कृष्णा कॉलोनी और रक्कड़ कॉलोनी में प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों से नगर को स्वच्छ बनाना है। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियानों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि नागरिकों में स्वच्छता का महत्व और अधिक गहराई से स्थापित हो सके और एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण हो। वहीं, नगर पंचायत दौलतपुर चौक में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों और संस्थानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पंजाबी गायक और एक्टर रोशन प्रिंस ने चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

वीरवार को पंजाबी गायक और एक्टर रोशन प्रिंस ने अपनी आगामी फिल्म चलो बुलावा आया है की रिलीज से पहले माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी।

इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी अमन कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगवाई। रोशन प्रिंस ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेक कर सुख-समृद्धि और सफलता की कामना की। वहीं बताते चलें कि रोशन प्रिंस भजन भी गाते हैं और माता चिंतपूर्णी के दरबार में उनकी गहरी आस्था है। इस दौरान अवतार गिल प्रोड्यूसर, प्रवीन और फिल्म के कलाकार भी उपस्थित रहे। फिल्म चलो बुलावा आया है 24 सितंबर को फिल्म का प्रीमियर है और 26 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। रोशन प्रिंस की इस फिल्म के लिए दर्शकों में काफी उत्साह है, और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। वहीं, रोशन प्रिंस ने पत्रकार से बातचीत करते हुए कहा कि मां के दरबार में फिल्म की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया माता रानी के आशीर्वाद से यह फिल्म देश और विदेश में चले ऐसी कामना की।

## बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री भेजी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री सतगुरु लाल दास ब्रह्मा नंद भूरीवाले गरीबदासी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिस्टर) गांव टपरियां खुर्द जिला शहीद भगत सिंह नगर (पंजाब) के गांव बंदी छोड़ श्री लाल पुरी भवानीपुर धाम पंजाब से वर्तमान गुरु गद्दी नशीन वेदान्ताचार्य श्री सतगुरु चेतना नंद जी महाराज भूरीवालों द्वारा गांव वाली चौंकी सिराज जिला मंडी में बाढ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री की दूसरी गाड़ी भेजी गई, जिसमें कुल 308 राहत किटें राशन की भेजीं गईं। जानकारी के अनुसार एक किट में आटा 5 किलो, चावल 4 किलो, चीनी 3 किलो, दाल 2 किलो, नमक, सर्फ, सरसो तेल 1 लिटर, चायपत्ती 250 ग्राम, नहाने कपड़े धोने, बर्तन धोने का साबुन एक एक पीस,जीरा 250 ग्राम, हल्दी 200 ग्राम, बिस्कुट एक पैकेट, पानी की बोतल 2 लिटर,दुधपाऊडर 1 पैकेट लाल मिर्च 100 ग्राम गरम मसाला 100 ग्राम सहित अन्य सामान भेज इससे पहले पंजाब में भी बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी गई।

## कुटलैहड़ में बाढ़ पीड़ित परिवारों के नुकसान की जल्द होगी भरपाई : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है।

लोगों की संपत्ति, घर-मकान और रोजमर्रा की आवश्यकताएं सबकुछ बाढ़ की भेंट चढ़ गया, ऐसे मुश्किल समय में क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा लगातार पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसी भी पीड़ित परिवार को असहाय और बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वस्त किया कि आपदा से प्रभावित परिवारों के नुक्सान की जल्द भरपाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन हर पीड़ित तक पहुंचकर राहत कार्य को गति दे रहे हैं। हमारा प्रयास है कि जिन परिवारों ने अपना आशियाना खोया है, उन्हें सबसे पहले सुरक्षित स्थान पर नया घर उपलब्ध कराया जाए। उनके पुनर्वास को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि वे जल्द सामान्य जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि बेघर हुए परिवारों को सात लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। यह राहत राशि प्रभावित परिवारों को जल्द उपलब्ध करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को दर्शाता है। लोगों से बातचीत के दौरान विवेक शर्मा ने कहा कि हम राजनीति करने नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों के सेवक बनकर उनकी सेवा करने आए हैं। यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देने का है। संकट की घड़ी में हम सबको मिलकर एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता उनका परिवार है और वे हर समय उनकी सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि मेरा कुटलैहड़, मेरा परिवार, इस सोच के साथ मैं हर गांव, हर बस्ती तक पहुंच रहा हूं। मेरा प्रयास है कि कोई भी परिवार खुद को अकेला या असुरक्षित महसूस न करे, जब तक एक-एक प्रभावित परिवार को राहत और सुरक्षित ठिकाना नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि राहत सामग्री व मुआवजा वितरण में किसी भी तरह की देरी न हो।

## बाढ़ प्रभावितों की मदद कर विधायक ने पेश की मिसाल: अभिषेक

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर अभिषेक शर्मा ने विधायक के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, विधायक ने बाढ़ संकट में जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहकर यह साबित किया है कि वे सच्चे जनसेवक हैं। उनकी संवेदनशीलता और तत्परता हम युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्थानीय लोगों ने भी विधायक द्वारा राहत सामग्री और आवश्यक जरूरतें उपलब्ध करवाने को सराहनीय कदम बताया है। यह कार्य न केवल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय है, बल्कि जिम्मेदार नेतृत्व का भी प्रमाण है। हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से कई परिवार प्रभावित हुए। इस कठिन समय में क्षेत्रीय विधायक ने जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर पीड़ितों तक आवश्यक सामग्री और मदद पहुंचाई।

## क्षेत्रीय अस्पताल के समीप फुट ओवरब्रिज व वर्षा शालिका का किया जाए निर्माण : तरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना**



भाजपा युवा मोर्चा से तरूण ठाकुर और उनके साथियों द्वारा जिला उपायुक्त जतिन लाल को एक मांग पत्र सौंपा गया। इसमें उन्होंने ऊना-हमीरपुर राजमार्ग पर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के समीप फुट ओवरब्रिज और वर्षा शालिका के निर्माण की मांग उठाई है। उन्होंने बताया है कि यह क्षेत्र अत्यधिक व्यस्त है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अस्पताल, बाजार और अन्य कार्यों के लिए आवागमन करते हैं।

राजमार्ग पर तीव्र गति से चलने वाले वाहनों के कारण पैदल यात्रियों के लिए सड़क पार करना जोखिमपूर्ण है। एक फुट ओवर ब्रिज की स्थापना से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। वहीं, वर्षा शालिका न होने से वर्षा ऋतु में इस स्थान पर जलभराव और छाया की कमी के कारण यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने डीसी से अनुरोध किया कि वह इस समस्या का जल्द समाधान करे, जिससे जिला वासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर युवा भाजपा नेता अरुण कौशल आदित्य शर्मा, दीपांशु ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### दशहरा उत्सव को लेकर तहसीलदार ऊना विपन कुमार ने ली बैठक

## ऊना स्कूल के मैदान में आयोजित होगा दशहरा पर्व

**अनंत ज्ञान, ऊना**



रामलीला कमेटी ऊना के सदस्यों के साथ तहसीलदार ऊना विपन कुमार।

दशहरा पर्व को सफल बनाने के लिए जिले के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाने के दृष्टिगत तहसीलदार ऊना विपन कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विपन कुमार ने बताया कि दशहरा पर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला(बाल) ऊना के मैदान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने और ट्रैफिक को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गाड़ियों को सड़क के किनारे न खड़ा होने दें। इसके अतिरिक्त आईपीएच अधिकारियों को पीने के पानी की व्यवस्था करने तथा नगर परिषद के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था देखने को कहा। बैठक में उन्होंने अग्रिशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने सभी उपकरणों को चुस्त-दुरूस्त रखें और किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें। तहसीलदार ने बताया कि स्कूल के मैदान तक आने वाली सड़क पर कोई भी दुकानदार अतिक्रमण न करें, ताकि लोगों को आने-जाने के लिए सुविधा रहे। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदरों को स्वच्छता के मद्देनजर दुकान के बाहर डस्टबिन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में रामलीला कमेटी ऊना के प्रधान अभिनाष कपिला, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस राजपूत, विभिन्न विभागों के अधिकारी और रामलीला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## खेलकूद व सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम : डॉ. पटियाल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा गठित खेलकूद एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधि परिषद में डॉ. पवन कुमार पटियाल को सत्र 2025-2026 के लिए कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित नामांकन के बाद महाविद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया है।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. पटियाल को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि, डॉ. पटियाल न केवल एक कुशल शिक्षक हैं, बल्कि खेलकूद एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी प्रशंसनीय रही है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे कॉलेज को गर्व की अनुभूति हुई है। कॉलेज के समस्त कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर डॉ. पटियाल को शुभकामनाएं दीं और उनके स्वागत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके योगदान की सराहना की। डॉ. पवन कुमार पटियाल ने इस अवसर पर सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। मैं विश्वविद्यालय की इस महत्वपूर्ण समिति में चुने जाने को एक जिम्मेदारी के रूप में देखता हूं और पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। मेरा प्रयास रहेगा कि खेलकूद एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों के क्षेत्र में स्टूडेंट्स को अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएं। यह चयन न केवल डॉ. पटियाल की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कॉलेज के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे संस्थान की साख में वृद्धि हुई है तथा यह विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देगा कि वे खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हों। विश्वविद्यालय परिषद में उनकी भूमिका से यह अपेक्षा की जा रही है कि वे खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को अधिक सशक्त, समावेशी एवं प्रगतिशील बनाएंगे, जिससे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयां मिलें।

**आयोजन** गगरेट की नंगल जरियाला और अंबोटा पंचायत में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## नुक्कड़ नाटक से सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कलामंच के सदस्य नाटक के माध्यम से लोगों को जानकारी देते हुए।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के पहले चरण के चौथे दिन आरके कलामंच, चिंतपूर्णी ने गगरेट उपमंडल की ग्राम पंचायत नंगल जरियाला और अंबोटा में जन-जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान से अवगत करवाया।

कार्यक्रम में कलाकारों ने जानकारी दी कि हिमाचल सरकार द्वारा कंपयूटर प्रशिक्षण योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, विधवा, एकल, परित्यक्ता व अल्पसंख्यकों को एक वर्ष के पीजीडीसीए और डीसीए कंपयूटर कोर्स करवाने का प्रावधान है। इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विधवा व एकल नारियों को प्रशिक्षण के दौरान 1,000 रुपए मासिक भत्ता और 1500 रुपए प्लेसमेंट संबंधी स्टाइपंड प्रदान किया जाता है। इसके अलावा योजना के तहत दिव्यांग श्रेणी में बारह सौ रुपए मासिक भत्ता और 1,800 प्लेसमेंट संबंधी स्टाइपंड देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष और परिवार की वार्षिक आमदनी 2 लाख से कम होनी चाहिए। नाटय दलों ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के साथ-साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

इसके अलावा कलाकारों ने विशेष रूप से नशा निवारण पर बल देते हुए नशे को समाज की गंभीर बुराई बताया और लोगों से नशे से दूर रहने व समाज को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक दलों के माध्यम से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस मौके पर नंगल जरियाला की प्रधान सीमा, अंबोटा के प्रधान जगजीत सिंह, पंचायत सचिव संदीप कुमार और धर्मपाल सहित पंचायतों के वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## जिला परिषद सदस्य ने ट्यूबवेल मोटर व 11 सोलर लाइट्स की भेंट



पंचायत चुरडू वार्ड नंबर-5 में जिला परिषद सदस्य ग्रामीणों को सौगात देते हुए।

**अनंत ज्ञान, बडूही**

अंब उपमंडल के तहत पंचायत चुरडू वार्ड नंबर-5 में जिला परिषद सदस्य सतीश शर्मा ने ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने पंचायत में पीने व सिंचाई के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए ट्यूबवेल की सबमर्सिबल मोटर भेंट की।

इसके साथ ही पंचायत क्षेत्र की सड़कों और गलियों को रोशन करने के लिए 11 सोलर लाइट्स भी प्रदान की। ग्राम पंचायत प्रधान विनय शर्मा ने बताया कि लंबे समय से ग्रामीणों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही थी। खासकर गर्मियों में पीने और सिंचाई के पानी की भारी किल्लत रहती थी, ऐसे में सबमर्सिबल मोटर लगने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, सोलर लाइट्स लगने से पंचायत क्षेत्र की अंधेरी गलियां अब रोशन होंगी, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों की आवाजाही में सुविधा होगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान विनय शर्मा, उपप्रधान चनन सिंह, कैलाश चंद, पम्मी मिस्त्री, शोभा देवी, सुनीता देवी, सुमन कुमारी, तनु चौधरी, वंशिका, आंचल और भजनलाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सतीश शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पंचायत में विकास की रफ्तार तेज हुई है और आने वाले दिनों में भी ऐसी योजनाओं से लोगों को लाभ मिलता रहेगा।

# न बैठक, न विधायक को सूचना, टूरिस्ट की तरह आनी का दौरा कर गई डीसी : लोकेंद्र

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने जिला उपायुक्त कुल्लू पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

विश्राम गृह आनी में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उपायुक्त हाल ही में आपदा के बाद पहली बार आनी विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर आई, लेकिन इस दौरे का उद्देश्य केवल टूरिस्ट की तरह फोटो शूट करना ज्यादा प्रतीत हुआ। इससे पूर्व उन्होंने विश्राम गृह में ही डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से साथ वार्तालाप किया। जहां विधायक ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का हनन करते हुए इस दौरे में उन्हें आमंत्रित तक नहीं किया गया, जबकि एक जनप्रतिनिधि पूरे क्षेत्र की समस्याओं और जनता की पीड़ा से सीधे जुड़ा होता है, लेकिन जिले की प्रशासनिक मुखिया आती हैं और उनके विधानसभा क्षेत्र का दौरा उन्हें सूचित किए बिना करके चली जाती हैं। विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि आपदा के चलते आनी क्षेत्र के लोग लंबे समय से सड़क अवरुद्ध होने, खेतों के नुकसान और आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में उपायुक्त का क्षेत्र का दौरा महज औपचारिकता बनकर रह गया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त नियंत्रण रखा जाए, जो जनता की आवाज सुनने के बजाय केवल दिखावे की कार्यशैली अपनाते हैं। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तालमेल आवश्यक है, लेकिन आनी क्षेत्र की परिस्थिति में यह बिलकुल नजर नहीं आ रहा। लोकेंद्र कुमार ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेता और उनकी उनके ही विधानसभा क्षेत्र में अनदेखी करता है तो वे जल्द ही उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे, जबकि विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएंगे।

# केंद्र से आपदा के लिए आए पैसे को अन्य जगह डायवर्ट कर रही सरकार : कंगना

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा है कि केंद्र सरकार आपदा से निपटने के फंड जारी कर रही है।

सांसद कंगना रनौत ने वीरवार को मनाली में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और हालातों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अभी तक आपदा से निपटने के लिए केंद्र की ओर से लगभग 10 हजार करोड़ दिए गए हैं, लेकिन राज्य सरकार केंद्र से मिल रही राहत का पैसा अन्य जगह डायवर्ट कर रही है। वीरवार को अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने सोलंग, ओल्ड मनाली, समाहन, अलेउ, बाहंग में आपदा ग्रस्त इलाकों का दौरा किया और लोगों का दुख-दर्द बांटा। उन्होंने केंद्र से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल के पास पैसा आता जा रहा है, लेकिन काम नहीं हो रहे। वह मुख्यमंत्री को इस बारे में पत्र लिखेगी। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद केंद्र ने एनएचएआई को तुरंत 200 करोड़ जारी किए, लेकिन फिर भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हालात नहीं सुधरे। प्रदेश सहित मंडी संसदीय क्षेत्र की कई सड़कें अवरुद्ध हैं और प्रदेश सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। सड़कें खोलने का काम नहीं हो रहा, जो कि सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने कहा कि केंद्र से प्रधानमंत्री हिमाचल आए 1500 करोड़ की राहत का भी ऐलान किया, लेकिन न राहुल आए, न प्रियंका गांधी आपदाग्रस्त हिमाचल प्रदेश आए, जबकि प्रियंका को यहां आना चाहिए था। यही नहीं प्रदेश के लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी यहां आने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार का रवैया उदासीन है। प्रशासन कहीं दिख नहीं रहा। जिनके घर नहीं रहे उनमें कइयों को अभी फौरी मदद भी नहीं मिली। राज्य में जनजीवन पटरी पर नहीं आना सरकार के कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।



सांसद कंगना रनौत मनाली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लेती हुईं।

## ब्यास नदी के तटीकरण का मामला गंभीर

**उन्होंने** कहा कि ब्यास नदी का तटीकरण गंभीर मामला है। बिना किसी विशेषज्ञ जांच के इस बारे में कुछ भी कहना उचित नहीं। वह यह मामला केंद्र में उठाएंगी और इसके लिए अलग से प्रोजेक्ट बनाने की मांग करंगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे।

## रेस्टोरेंट में 50 रुपए सेल, 15 लाख कर्मियों की सैलरी

**कंगना** ने कहा कि बाढ़ और बारिश से सब से ज्यादा पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ है। मनाली के हजारों लोग पर्यटन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा अपना घर और रेस्टोरेंट मनाली में है। पिछले कल रेस्टोरेंट में 50 रुपए ही सेल हुई है, जबकि 15 लाख रुपए वहां काम कार्नर वालों की सैलरी है। मुझे भी आपदा से नुकसान हुआ है मैं भी सिंगल वूमेन हूं।

# कुंशा में तीन लोगों की मौत का मामला परिजनों का कहना आकाशीय बिजली से हुई तीनों की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

श्रीखंड के रास्ते में कुंशा में एक टेंट में मृत पाए गए तीनों लोगों की मौत आकाशीय बिजली से होने का परिजनों ने अंदेशा जताया है, जबकि मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद चल सकेगा। मृतकों की पहचान बाजारू राम (57) पुत्र स्व. माडू राम, निवासी गांव बसवारी, डाकघर जाओं, तहसील व थाना निरमंड, पवन देव (31) पुत्र पदम सिंह, निवासी गांव धारा, डाकघर डिम, तहसील व थाना निरमंड, तथा दीनू राम (46) पुत्र स्व. धनी राम, निवासी गांव जुआगी, डाकघर जाओं, तहसील व थाना निरमंड के रूप में हुई है। शवों को कुनशा से परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मदद से सिविल अस्पताल निरमंड लाया गया। पुलिस ने परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में शवों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसी भी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए। परिजनों के बयान भी दर्ज किए गए, जिनमें उन्होंने मौत पर कोई संदेह न जताते हुए आकाशीय बिजली को ही कारण बताया। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपे गए और मामला बीएनएसएस की धारा 194 के तहत दर्ज किया गया।

इन तीनों की खोज में परिजनों ने भारी मशक्कत की। घटना के बारे में बताया कि एक हफ्ते बाद दीनू राम का छोटा बेटा और दामाद उनकी तलाश में भीमद्वारी पहुंचे और जोर-जोर से आवाजें लगाई, मगर कोई पता नहीं चला। इसके बाद वे पार्वती बाग तक गए, लेकिन वहां भी असफल रहे। फिर घर संपर्क कर परिवार और रिश्तेदारों को खोज में बुलाया गया। दूसरी सुबह दीनू राम का बड़ा बेटा गांववासियों संग तलाश में निकला। उन्होंने सिंह गाड से लेकर हर टेंट की तलाशी ली। आखिरकार, कुनशा के एक टेंट में तीनों मृत अवस्था में मिले। यह खबर मिलते ही पूरे परिवार और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

## न्यूज ब्रीफ

### काले झंडे दिखाए व कंगना गो बैक के लगाए नारे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रनौत को वीरवार को मनाली के पतलीकूहल में विरोध का सामना करना पड़ा। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए और कंगना गो बैक के नारे लगाए। इस दौरान कुछ देर के लिए भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच गहमा-गहमी भी देखने को मिली। यह घटना उस समय हुई जब कंगना नग्गर पुल के पास क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण करने पहुंची थी। इस कार्य के लिए पूर्व विधायक गोविंद सिंह ठाकुर के आग्रह पर 76 लाख की राशि जारी हुई है। यूथ कांग्रेस मनाली के अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने इस विरोध के पीछे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि जब हिमाचल प्रदेश में आपदा आई थी, तब सांसद कंगना रनौत अनुपस्थित थीं। उन्होंने कहा, हमारी सांसद आपदा के समय गायब थीं। आज वो तब आई हैं जब सब कुछ पटरी पर लौटने लगा है। हम सिर्फ शांतिपूर्ण विरोध करने गए थे, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमारे साथ धक्का-मुक्की की। मनीष ठाकुर ने गोविंद सिंह ठाकुर के मेहमान वाले बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, अगर वे मेहमान होतीं, तो हम उनका स्वागत करते, लेकिन वह हमारे यहां की रहने वाली हैं और खुद को मनाली की बताती हैं इसलिए हमने उनका विरोध किया, क्योंकि वे हर बार की तरह देर से पहुंची हैं। हमें सिर्फ आश्वासन नहीं, काम चाहिए।

### नगवाईं कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-।। में स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्तू बर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्बती परियोजना चरण-।। के परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ने नगवाईं कार्यालय परिसर में कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### वामतट मार्ग की हालत सुधारने में जुटा विभाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली नगर कुल्लू मार्ग के अलेउ में क्रेटवाल लगाकर पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क को दो तरफा वाहनों के लिए तैयार करने में जुटा हुआ है। बाढ़ के कारण इस जगह भारी भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन से सड़क बह गई थी, जिस कारण पैदल रास्ता भी नहीं बचा था। इस जगह सड़क दो तरफा तैयार हो जाने से वामतट मार्ग पर अलेउ में ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं रहेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग वामतट मार्ग की हालत सुधारने में जुटा हुआ है। गत 26 अगस्त को ब्यास नदी में बाढ़ आ जाने के बाद मनाली का कुल्लू से संपर्क कट गया था। पीडब्ल्यूडी विभाग ने तीन-चार दिन के भीतर सड़क अस्थायी तौर पर तैयार कर कुल्लू को वामतट होते हुए मनाली से जोड़ दिया था। हालांकि, अब कुल्लू-मनाली हाइवे से भी बीच-बीच में वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी भी वाम तट मार्ग पर वाहनों का बोझ अधिक है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने कहा कि अलेउ के पास सड़क की हालत सुधारी जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ ही दिनों में वामतट मार्ग के अलेउ में सड़क दो तरफा वाहनों के लिए बहाल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग वामतट मार्ग की हालत सुधारने में जुटा हुआ है।

### राजकीय उच्च विद्यालय जटेड़ भवन को खतरा

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला कुल्लू में मानसूनी आपदा के चलते कई शैक्षणिक संस्थानों को क्षति पहुंची है। इसी कड़ी में शिक्षा खंड आनी के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करने जिला कुल्लू के उपनिदेशक स्कूल शिक्षा (उच्चतर) देस राज तथा उपनिदेशक (गुणात्मक शिक्षा) सुनील ठाकुर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय लुहरी, निगान, कंडुगाड, भाटनीबाई तथा राजकीय उच्च विद्यालय जटेड़ का जायजा लिया। लुहरी विद्यालय में अपना विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान द्वारा विद्यालय गोद लेने की सराहना की गई। साथ ही यहां प्रतिदिन संयुक्त प्रात:कालीन सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जटेड़ विद्यालय भवन को विद्यार्थियों के लिए असुरक्षित घोषित किया गया। फिलहाल पाठशाला पंचायत परिसर में संचालित हो रही है।

# जल्द ही लाहौल-स्पीति का दौरा करेंगी सांसद कंगना : रवि ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत के मनाली दौरे के दौरान लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकु ने उनके निवास पर भेंट की।

इस मुलाकात में रवि ठाकुर ने लाहौल-स्पीति में हाल ही में आई आपदा से हुए नुकसान की जानकारी सांसद को दी और उनसे अनुरोध किया कि वे लाहौल का दौरा कर स्थिति का स्वयं जायजा लें। इस पर सांसद कंगना रनौत ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही लाहौल-स्पीति का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा कि वे लाहौल प्रशासन से लगातार रिपोर्ट ले रही हैं कि अब तक कितने राहत कार्य हो चुके हैं और लोगों तक कितनी मदद पहुंचाई गई है। सांसद ने यह भी उल्लेख किया कि कुछ माह पूर्व केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के साथ वे लाहौल-स्पीति का दौरा कर चुकी हैं, जहां उन्होंने जनजातीय जिले के लिए 250 करोड़ रुपए की विभिन्न केंद्रीय योजनाओं को जनता को समर्पित किया था। कंगना ने मंडी से मनाली की यात्रा के दौरान एनएच की खराब हालत को स्वयं देखा और कहा कि वे इस राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधार के लिए प्रयास करेंगी, जिससे लाहौल के किसानों की फसलें समय पर मंडियों तक पहुंच सकें और पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय धाविका तेंजिन डोल्मा ने रवि ठाकुर के नेतृत्व में सांसद से मुलाकात कर स्पेन में होने वाली वर्ल्ड माउंटेन ट्रेल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आर्थिक सहायता का आग्रह किया, जो कि 26 से 27 सितंबर तक स्पेन में आयोजित होगीसांसद ने उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# कटराईं में राहगीर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कटराईं में मनाली नेशनल हाईवे पर पैदल जा रहे एक स्थानीय व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। घटना बुधवार बीती रात को हुई, जब कटराईं में सड़क मार्ग पर जा रहे व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन द्वारा राहगीर को टक्कर मार दी गई। हादसे को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौका से फरार हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉ. द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी। वहीं, पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी इंदर सिंह द्वारा दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी गई है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान आशीष ठाकुर (37) पुत्र रोशन लाल ठाकुर निवासी डोभी दवाड़ा, पतलीकूहल जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों ने खुद बनाया लकड़ी का अस्थायी पुल

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी वर्ष 2023 से लेकर आज तक प्राकृतिक आपदा का दर्द झेल रही है। यहां की ग्राम पंचायत कंडीधार में तीर्थन नदी के ऊपर बाड़ीरोपा से जावल के लिए एक लोहे के पैदल पुल का निर्माण हुआ था, जो वर्ष 2023 में आई बाढ़ के कारण एक छोर से क्षतिग्रस्त हो गया था। यहां पर नदी का बहाव दो तरफ मुड़ गया, जबकि पुल का मुख्य भाग सुरक्षित रहा। इसी दौरान यहां के ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त छोर से आवागमन के लिए एक अस्थायी पुलिया का निर्माण किया था, जो इस बार 13 अगस्त को नदी में आई भारी बाढ़ के कारण बह गई। स्थानीय लोगों द्वारा अगस्त माह में ही एक बार पुन: इस स्थान से पर बिना किसी सरकारी मदद के आपसी सहयोग व श्रमदान से एक अस्थायी पुलिया का निर्माण किया था, लेकिन यह पुलिया भी कुछ दिन बाद फिर से आई बाढ़ में बह गई। लोगों द्वारा आग्रह के बावजूद प्रशासन और सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने किसी सरकारी मदद का इंतजार किए बिना मजबूरी में अपनी मेहनत और उपलब्ध साधनों से कई दिनों की मशक्कत और कड़ी मेहनत के बाद तीसरी बार लकड़ी का अस्थायी पुल तैयार किया। ग्राम पंचायत कंडीधार के सेंकड़ों ग्रामीणों को लाभाविन्त करने वाले इस पुल से प्रतिदिन छोटे-छोटे स्कूली बच्चे, पर्यटक और अन्य कई लोग गुजरते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा हमेशा खतरे में रहती है। यह पल तीर्थन नदी के उस पार कई गांवों और पर्यटन इकाइयों को जोड़ता है। लोगों का कहना है कि इस पूल के क्षतिग्रस्त छोर पर लोहे का पक्का और स्थायी पुल लगना चाहिए, ताकि किसी जानमाल के नुकसान से बचा जा सके।



कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में स्थानीय लोगों द्वारा बनाई गई अस्थाई पुलिया।

# प्रशासन तत्पर, विभागीय सामंजस्य से बहाल हो रही आधारभूत सेवाएं

**अनंत ज्ञान, आनी**



उपमंडल प्रशासन आनी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सेवाओं को बहाल करने में पूरी तत्परता से जुटा हुआ है।

विभिन्न विभागों के आपसी सामंजस्य से कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। यह बात डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आनी क्षेत्र के दौरे के दौरान कही। लगातार चौथे दिन क्षेत्र का जायजा लेते हुए डीसी ने खादवी, बुच्छैर, जाओं और जलोड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने तथा प्राथमिकता के आधार पर सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले निर्माणाधीन आनी अस्पताल का दौरा किया, जहां लगभग 65 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। अस्पताल के पीछे भूस्खलन की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे स्थिर करने और निर्माण एजेंसी बीएसएनएल सहित अन्य विभागों से तकनीकी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को सतत निगरानी रखने को कहा।

इसके बाद खादवी क्षेत्र का दौरा करते हुए डीसी ने कहा कि यदि स्थानीय लोग सहयोग दें तो तीन-चार दिन के भीतर सड़क मार्ग बहाल हो सकता है, जिससे सेब की तैयार फसल को बाहर निकालने में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने जाओं गांव का भी दौरा किया और वहां हुए नुकसान का जायजा लिया।

## बुच्छैर स्कूल के बच्चों के साथ किया संवाद

**अनंत ज्ञान,आनी।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुच्छैर के छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की पढ़ाई को लेकर रूचि जानी और कैरियर के बारे में वार्तालाप किया। उन्होंने छात्रों से उनकी भविष्य की योजनाओं और कैरियर बनाने को लेकर बातचीत की। डीसी ने छात्रों से सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका अधिकतर छात्रों ने सही जवाब दिया। डीसी ने स्कूल प्रशासन को कैरियर को लेकर छात्रों का मार्गदर्शन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने छात्रों का आईएएस अधिकारी बनने को लेकर भी मार्गदर्शन किया।

## 310 दुकानों तक राशन की सप्लाई सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आपदा के बाद जिला प्रशासन आवश्यक सेवाओं की बहाली में पूरी ताकत से जुटा हुआ है। डीसी ने बताया कि जिले की अधिकतर उचित मूल्य की दुकानों के लिए नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों से आवश्यक राशन की आपूर्ति भेजी जा रही है। वीरवार को देवगढ़ गोही पंचायत तथा बनोगी देहुरी को राशन पहुंचाया गया। कई स्थानों पर सड़कों के टूटने के कारण राशन ढुलाई के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिले में आवश्यक राशन व खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के सात गोदाम हैं, जिनसे 457 उचित मूल्य की दुकानें जुड़ी हैं। इन दुकानों के माध्यम से प्रत्येक परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दिया जाता है। कुल्लू गोदाम से 64, भुंतर से 54, पतलीकूहल से 61, बंजार से 33, धामन से 28, आनी से 37 और निरमंड से 33 दुकानों को राशन आपूर्ति की जा चुकी है। कुल मिलाकर 310 उचित मूल्य की दुकानों तक राशन पहुंचाया गया है, जो सीधे जनता तक वितरित किया जा रहा है।

# बंजार विधानसभा का लोअर बंदल गांव चढ़ा आपदा की भेंट

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार विधानसभा क्षेत्र की सरची पंचायत के लोअर बंदल गांव पर आई आपदा ने पूरे गांव को तबाह कर दिया है।

इस आपदा में करीब 30 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं, जबकि कई घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। गांव की जमीन भी धंसने से पूरी तरह नष्ट हो गई है, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने विस्थापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। गंभीर स्थिति के बावजूद जिला व स्थानीय प्रशासन अभी तक प्रभावित परिवारों तक नहीं पहुंचा है। विधायक सुरेंद्र शौरी स्वयं पैदल गुशैणी से लोअर बंदल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने सरकार व प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि आपदा के ढाई हफ्ते बाद भी प्रभावितों को कोई मदद नहीं मिली है। विधायक शौरी ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार असंवेदनशीलता की सारी हदें पार कर रही है। लोअर बंदल गांव पूरी तरह आपदा की चपेट में है। लोग बेघर हैं, उनके पास खाने तक की दिक्कत है, लेकिन न तो एसडीएम, न तहसीलदार और न ही नायब तहसीलदार यहां पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने भी साफ शब्दों में कहा कि अब तक न तो प्रशासनिक अधिकारी और न ही प्रदेश सरकार का कोई मंत्री उनके पास हाल जानने आया है। डीसी कुल्लू सिर्फ गुशैणी बाजार तक पहुंचीं, लेकिन वहां न तो प्रभावित लोग मौजूद थे और न ही पंचायत प्रतिनिधि। सरची पंचायत की प्रधान रामेश्वरी ठाकुर ने बताया कि पंचायत में सबसे ज्यादा नुकसान लोअर बंदल गांव को हुआ है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया।

**नुकसान** भू-कटाव रोकने के लिए नदी में कंक्रीट दीवारें लगाने की मांग, आठ दर्जन मकानों में आई दरारें

# तलाड़ा पंचायत के लोगों ने एनएचपीसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज तहसील की ग्राम पंचायत तलाड़ा में मानसून भारी पड़ गई है। पंचायत के कई गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है, जबकि अधिकांश घरों में दरारें आई हैं। पंचायत के लोग इसे एनएचपीसी की लापरवाही बता रहे हैं। लिहाजा पंचायत के लोगों ने वीरवार को एनएचपीसी के पावर स्टेशन कार्यालय बिहाली में प्रबंधन के विरुद्ध मोर्चा खोला।

तलाड़ा पंचायत के सैकड़ों लोगों ने एनएचपीसी के विरुद्ध नारेबाजी कर माहौल गर्म कर दिया। पंचायत प्रधान मोहर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एक दर्जन गांव में हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए मांग रखी। ग्राम पंचायत प्रधान मोहर सिंह ने सीधे तौर पर एनएचपीसी को दोषी ठहराया है। पिन पार्वती नदी से हो रहे कटाव से गांव की जमीन व घर खिसकने की कगार पर पहुंच गए हैं। वही, आधा दर्जन लोगों ने अपने घरों को खाली कर दिया है। सैंज के नायब तहसीलदार हीरालाल नलवा ने पंचायत प्रधान के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, लेकिन भूस्खलन का क्रम जारी है। पंचायत के प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के दर्जनों गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। बरसात की बारिश से चटाने खिसक रही है और खौफजदा ग्रामीणों ने तो अपने घर खाली करने शुरू कर दिए हैं। गांव के कई परिवार ऐसे भी हैं, जो घर नष्ट होने के बाद खुले आसमान के नीचे आ जाएंगे। पंचायत प्रधान ने बताया कि एनएचपीसी की लापरवाही के चलते पंचायत के आधा दर्जन गांव विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर हो गए हैं। सपांगनी में शाऊगा जंगल की पहाड़ी अभी भी धीरे-धीरे खिसक रही है, जिस कारण सैकड़ों बीघा भूमि भूस्खलन की चपेट में हैं।




तलाड़ा पंचायत के लोगों ने एनएचपीसी के खिलाफ खोला मोर्चा, पंचायत के कई गांवों पर भूस्खलन का मंडरा रहा खतरा।

ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों ने एनएचपीसी से मांग की है कि पंचायत में हो रहे भूस्खलन को रोकने के उपाय किए जाए तथा एनएचपीसी को चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के भीतर सुरक्षा के निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो प्रबंधन के विरुद्ध मोर्चा खोला जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान सुभाष ठाकुर, समिति सदस्य कमलेश, मेहर सिंह कारदार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। उधर, इस बारे जब पार्वती पावर स्टेशन के महाप्रबंधक प्रभारी सुधीर कुमार नेगी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परियोजना प्रबंधन ने वर्ष 2023 में नदी के तटीकरण को 3 करोड़ 74 लाख रुपए जिला प्रशासन को दिए हैं। फिर भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव सहायता की जाएगी।

## 21-22 सितंबर को देहुरी में मनाया जाएगा तीर्थन नदी महोत्सव

# तीर्थन नदी को बचाने के लिए स्थानीय पहल

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी की ग्राम पंचायत कलवारी देहुरी सौह में 21-22 सितंबर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर तीर्थन नदी महोत्सव आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि पुष्पा शबाब धर्मपत्नी स्व. दिलेराम शबाब पूर्व विधायक बंजार विधानसभा क्षेत्र रहेंगी। कार्यक्रम में तीर्थन पूजा, नदी चर्चा, नाटी प्रतियोगिता, महिला खेल एवं समूह गान, प्रदर्शनी व पर्यावरण डॉक्यूमेंट्री का आयोजन होगा। कुल्लू जिले की ब्यास, पार्वती और तीर्थन नदी आदि नदियां सभ्यता और संस्कृति का केंद्र रही है। तीर्थन घाटी में हंसकूंड तीर्थ नामक स्थान से निकलने वाली यह अविरल तीर्थन नदी लारजी में पार्वती और ब्यास नदी से मिलती है। इसी पवित्र तीर्थन नदी को लेकर एक विशेष तीर्थन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस नदी की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्ता को लोगों तक पहुंचाना है। तीर्थन नदी जिला कुल्लू की महत्वपूर्ण नदियों में से एक है। यह क्षेत्र धार्मिक आस्था, प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता और पर्यटन के लिए खासा महत्व रखता है। यहां के लोग मानते हैं कि देवी-देवताओं का वास भी इसी क्षेत्र में है।



देवताओं और स्थानीय समाज के सहयोग से यह नदी और इसके आसपास के जंगल व वन्यजीव आज भी संरक्षित हैं। विश्व धरोहर स्थल ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क भी इसी क्षेत्र में आता है। यही कारण है कि यहां के लोग और संस्थाएं मिलकर तीर्थन नदी और उससे जुड़ी परंपराओं को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इस महोत्सव की शुरुआत तीर्थन नदी की पवित्रता व उसकी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। आयोजकों का कहना है कि इससे युवाओं में संस्कृति और प्रकृति के प्रति श्रद्धा व जागरूकता बनी रहेगी और समय रहते संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। इस महोत्सव का आयोजन आदर्श महिला मंडल देहुरी, सहारा संस्था व वन अधिकार समिति देहुरी द्वारा किया जा रहा है। सहारा संस्था के निदेशक राजेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि शाई रोपा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में 21 सितंबर को तीर्थन घाटी व तीर्थन नदी संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित होंगी। इसमें समुदायिक नेतृत्व, पर्यटन, पर्यावरण व अकादमिक दृष्टिकोण से नदी और घाटी के संरक्षण पर विशेषज्ञों व स्थानीय प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित नेक राम, हिमालय नीति अभियान के संयोजक गगन सिंह, बहादुर सिंह, पदम सिंह, डॉ. वर्यम सिंह, डॉ. केसर, डॉ. हीरामणि कश्यप, डॉ. सूरत ठाकुर सहित कई विशेषज्ञ और संगठन शामिल होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाषण में दीपाली शर्मा ने झटका पहला स्थान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. मदनलाल मनकोटिया ने की। डॉ. राधा वर्मा ने हिंदी पखवाड़े में हुई गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में दीपाली शर्मा ने प्रथम, यशिका राठौर ने द्वितीय व दीपिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता में मन्नत ने पहला, दीपाली शर्मा ने दूसरा और अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाने में मन्नत और प्रीति पहले, दीक्षित दूसरे और वंदना तीसरे स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी में नियति ने पहला, ज्योति ने दूसरा और कनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अभिनय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का खिताब श्रवण और दीपाली शर्मा ने हासिल किया। दीपाली शर्मा और नियति ने नृत्य, भुवन और निकिता बाल्हे ने गीत तथा कुमकुम ने कबीर के दोहे की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। विद्यार्थियों ने लघु नाटिका और नाटी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को हिंदी का महत्व बताया।

### बद्दी में 210 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भाजपा जिला सोलन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 210 लोगों ने रक्तदान किया। श्री राधे गोशाला धाना में नोबल चैरिटी वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने किया। हर्ष महाजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि आज पूरे विश्व की निगाहें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ है। पूरे विश्व की निगाहें अब मोदी लर टिकी है। महाजन ने कहा कि पूरे देश में आज से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है और इस दौरान कई समाज के लिए कार्यक्रम होंगे। भाजपा के कार्यकर्ता ही समाज में सेवा की भावना से कार्य करते है कोई आपदा हो या कोरोना काल कार्यकर्ता हमेशा आगे रहे। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। गोशाला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सांसद ने रक्तदानियों को सम्मानित किया। वहीं, सांसद निधि से गोशाला के लिए निधि देने की घोषणा की।

### पांवटा साहिब में 100 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। पांवटा साहिब में भाजपा युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। चुंगी नंबर-6 स्थित रॉकवुड होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डेजी ठाकुर रहीं। कार्यक्रम में विधायक सुखराम चौधरी, पूर्व विधायक, तथा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक चौधरी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी ने बताया कि शिविर में 150 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 100 से अधिक यूनिट रक्तदान हो चुका है।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 16 अक्तूबर तक किया जा रहा है। यह अभियान खंड पच्छाद से शुरू हुआ, जिसमें 150 से अधिक आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई और मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सभी प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।आयुष विभाग की डॉ. आस्था मारवाह और कृषि विशेषज्ञ डॉ. अतुल चौधरी ने योग, खानपान और मोटे अनाज की खेती पर जागरूक किया।

# सायर उत्सव : अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली जोड़ी के नाम

## अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी के गीतों पर झूमे दर्शक, मेले के समापन पर क्षेत्र की सुख-शांति एवं खुशहाली के लिए किया हवन

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** राज्य स्तरीय सायर उत्सव की तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या हिमाचली जोड़ी के नाम से प्रसिद्ध अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी के नाम रही। यह जोड़ी न केवल प्रदेश और देश बल्कि विदेशों में भी हिमाचल और अर्की की पहचान बना चुकी है। संध्या का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उनके साथ विधायक संजय अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। हिमाचली जोड़ी ने मंच संभाल कर अपने चिर-परिचित अंदाज में कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी गीत सोणियो ओ सोणियो से की और दर्शक झूम उठे। इसके बाद बांका मुल्क हिमाचल प्रस्तुत कर उन्होंने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। तेरी गाड़ी दे नाटी लागो नाटी पर तो पूरा पंडाल तालियों और नृत्य से गूंज उठा। इसी क्रम में उन्होंने कौण चारे बकरियां, तू रानी महलां दी, नाटी सिरमौर वालिये, रेडियो बाजो सहित कई अन्य पहाड़ी व पंजाबी गीत प्रस्तुत कर अपनी छाप छोड़ी। कार्यक्रम में नाटी फेम कुलदीप शर्मा ने भी अपनी मशहूर नाटियों और गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। रोहड़ू जाणा मेरी आमिएं, शिल्पा शिमले वाली, ठेकेदारनिएं और नीलिमा जैसे गीतों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्थानीय गायक केके भारद्वाज ने जिया हो जिया कुछ बोल दो ने अपनी प्रस्तुति दी। निधि वालिया ने ढोल के साथ सूफियाना गायन प्रस्तुत कर संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

उन्होंने माहिया, जुगनी ढोल जागीरो दा तथा अन्य सूफियाना गीत सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर एसडीएम अर्की निशांत तोमर, नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप, तहसीलदार विपिन वर्मा, नप उपाध्यक्ष पदम कौशल, पार्षद कुलदीप सूद, रुचि गुप्ता, पूर्व नप अध्यक्षा सीमा शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। इससे पूर्व तीन दिवसीय सायरोत्सव के समापन पर प्रशासन व स्थानीय निवासियों द्वारा क्षेत्र की सुखशांति एवं खुशहाली के लिए पूजन हवन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक पंडित गोविंद राम शर्मा उपस्थित रहे।


अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।



## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में नमोल की टीम ने जीता खिताब

**राज्य स्तरीय** सायर उत्सव के दौरान आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में नमोल की टीम विजेता रही। खेलकूद समिति के सदस्य भीम सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि कबड्डी के फाइनल मुकाबले में नमोल की टीम ने कृष्णा एकेडमी की टीम को हराया। पारितोषिक वितरण के पश्चात भीम सिंह ने युवाओं से अपील की कि युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएं। राज्य स्तरीय मेले में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ज्यादा अंक लेकर ममलीग के नितेश शर्मा ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, खेल समिति के संयोजक संजय ठाकुर व जन सवेरा कल्याण समिति के अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर आदि भी मौजूद रहे।

## क्विज स्पर्धा में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन

**कसौली** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने वर्ल्ड वाइल्ड विजडम की ओर से आयोजित ग्लोबल विजडम चैलेंज के शहर स्तरीय चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 18 सितंबर को दुर्गा पब्लिक स्कूल सोलन में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 15 स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें से 5 टीमों को फाइनल राउंड में प्रवेश मिला। फाइनल राउंड में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया एवं उपप्रधानाचार्य पूनम ठाकुर ने बधाई दी।


क्विज प्रतियोगिता के लिए चयनित

## मिलिट्री स्कूल चायल के शताब्दी समारोह के लिए पहुंचा सेना का युद्ध टैंक

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के शताब्दी समारोह में स्थापित किए जाने वाला भारतीय सेना का टैंक वीरवार को पुणे से चायल पहुंचा। यह टैंक 11 सितंबर को पुणे से चलकर वीरवार को कंडाघाट पहुंचा। यहां से यह चायल को रवाना हुआ और चायल के प्रवेश द्वार मिहाणी पहुंचने पर होटल एसोसिएशन के प्रधान देविंद्र वर्मा और उनकी एसोसिएशन और सीनियर सेकेंडरी चायल के स्कूली बच्चों ने इसका स्वागत किया। टी–55 ने 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसका पहला बड़ा इस्तेमाल नवंबर 1971 में गरिबपुर की लड़ाई में हुआ, जहां 63 कैवेलरी की भारतीय टी-55 टैंकों ने पाकिस्तानी एम24 चैफी टैंकों को नष्ट किया। बसंतर की लड़ाई के दौरान भारतीय टी-55 टैंक निर्णायक साबित हुए और उन्होंने पाकिस्तानी एम48 टैंकों को नष्ट कर जीत सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया। 100 मिमी राइफल्ड गन ने इसे युद्धक्षेत्र में एक जबरदस्त हथियार बना दिया। यह टैंक शताब्दी समारोह के लिए चायल लाया गया है।




# विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने किया नौहराधार सीएचसी भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण

## रेणुका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर लिया नुकसान का जायजा

अनंत ज्ञान, नाहन

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सिरमौर जिले के प्रवास के दौरान नौहराधार में लगभग 6 करोड़ से बनने वाले सीएचसी भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने भवन निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि इसका विधिवत उद्घाटन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस सीएचसी के निर्माण से नौहराधार के साथ–साथ आसपास की पंचायतों के सैकड़ों लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस सीएचसी में आधारभूत सुविधाएं तथा सभी आधुनिक उपकरण भी शीघ्र ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है, जिसके तहत 200 पद चिकित्सकों तथा 400 पद नर्सिंग स्टाफ के भरे जाएंगे, जिन्हें प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में भी तैनाती दी जाएगी। इसके उपरांत विधानसभा उपाध्यक्ष चौरास गांव में शीला देवी के परिवार से मिले, जिनकी गत दिनों भूस्खलन की चपेट में मकान के आने से मृत्यु हो गई थी। उन्होंने शीला देवी के परिवार को सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**भवन निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए**

### लोगों की समस्याओं को भी सुना

**उपाध्यक्ष** ने अपने दौरे के दौरान नौहराधार, चौरास, घंडूरी, चाड़ना, सैल, हरिपुरधार में लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बडोल से कुणा सड़क को शीघ्र खोलने, दयूड़ी खडाह में पीने का पानी उपलब्ध करवाने को कहा तथा ग्राम पंचायत टिकरी डकासना के गांव धरडिया के लोगों को जमीन गिफ्ट डीड करवाने को कहा, ताकि सड़क का कार्य आरंभ करवाया जा सके। उपायुक्त ने अधिकांश समस्याओं का समाधान तत्काल मौके पर ही किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता तपेंद्र चौहान, मित्र सिंह तोमर, यशपाल चौहान, बीडीसी अध्यक्ष तेजेंद्र कमल, एसडीएम संगड़ाह सुनिल कायथ, डीएसपी मुकेश डडवाल, बीडीओ संगड़ाह पूजा नेगी भी उपस्थित रहे।

### परमार कॉलेज नाहन में 'केमिकोस-2025' का समापन

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिवांशिका ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, नाहन

डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित 'केमिकोस-2025' समारोह का सफल समापन हुआ। 12 से 17 सितंबर तक चले इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'मसालों का छिपा जीवन' था, जिसमें लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य, डॉ. देवराज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत केमिकोस समन्वयक, डॉ. सलोनी गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद, दो अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। प्रो. अमिता जोशी ने 'संरक्षक के रूप में मसालों की भूमिका' पर बात की और प्राकृतिक मसालों के उपयोग का आग्रह किया, जबकि डॉ. पूजा भारती ने मसालों में मौजूद आवश्यक तेलों के कारण होने वाले स्वाद और चिकित्सीय गुणों के बारे में बताया। दोनों व्याख्यानों ने छात्रों ने बहुत सराहना की। अतिथि व्याख्यानों के बाद एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने मसालों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। पावर प्वॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की पूजा ने बाजी मारी, जबकि बीएससी द्वितीय वर्ष की मुस्कान ने प्रथम पुरस्कार जीता। क्विज प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की पूजा ने बाजी मारी, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की शिवांशिका को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।


केमिकोस-2025' समारोह के समापन कार्यक्रम में अव्वल छात्र किए गए सम्मानित।

## अर्की में युवक के घर से 2.79 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पुलिस थाना अर्की के तहत एसआईयू सोलन की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक से चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि पंकज शर्मा निवासी चौंड़ु, चिट्टा बेचने का काम करता है और स्वयं भी इसका सेवन करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में पंकज शर्मा उर्फ पुनीत घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कमरे में बेड के गद्दे के नीचे से प्लास्टिक के लिफाफों में पैक तीन फॉयल पेपर, कुछ प्लास्टिक के टुकड़े और एक छोटे लिफाफे में 2.79 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# जेपी यूनिवर्सिटी का साउथ डकोटा माइंस यूएसए के साथ एमओयू

अनंत ज्ञान, सोलन

जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने अमेरिका की प्रतिष्ठित साउथ डकोटा माइंस यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया। इस सहयोग के तहत एक्सीलरेटेड मास्टर्स प्रोग्राम की शुरुआत की गई है, जो छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अंतराष्ट्रीय अवसर प्रदान करेगा। यह एमओयू जेयूआईटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र कुमार शर्मा और साउथ डकोटा माइंस के डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेसर एवं डायरेक्टर डॉ. राजेश सानी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को कई लाभ मिलेंगे, जिसमें पूर्ण शुल्क छूट (लगभग 18,000 अमेरिकी डॉलर तक) प्रति माह 1100 से 1200 अमेरिकी डॉलर का वजीफा। बीटेक के आठवें सेमेस्टर से ही मास्टर प्रोजेक्ट की शुरुआत का अवसर। केवल 1.5 वर्ष में मास्टर डिग्री पूर्ण करने का मौका। अब तक इस साझेदारी के तहत 35 छात्रों का चयन साउथ डकोटा माइंस में हो चुका है। वैश्विक स्तर पर शोध और उन्नत शिक्षा के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर प्रो. सुधीर स्याल, डीन (रिसर्च एंड इंटरनेशनलाइजेशन), जेयूआईटी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सीईओ मनु भास्कर गौर की गहरी रुचि और निरंतर समर्थन से संभव हो पाई है। उन्होंने कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन की भी सराहना की। कार्यक्रम के तहत चयनित तीन छात्रों में से एक छात्र कार्तिक (सोलन, हिमाचल प्रदेश) से हैं।


एमओयू के दौरान दोनों यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि।

## बारिश से नाहन में जनजीवन अस्त व्यस्त, एमसी कांप्लेक्स में भरा पानी


एमसी कांप्लेक्स में भरा बारिश का पानी।

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में मूसलाधार बारिश से शहर का जनजीवन प्रभावित हो गया है। शहर के आसपास बहने वाले नाले और खड्डें उफान पर हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल रहा। बारिश का सबसे ज्यादा असर दिल्ली गेट स्थित एमसी कांप्लेक्स में देखा गया, जहां गुरुद्वारे की नई इमारत की पार्किंग से आ रहे पानी ने सैलाब का रूप ले लिया। परिसर में एक फुट से ज्यादा पानी भर गया। अच्छी बात यह रही कि एक पहाड़ी चोटी पर बसे होने के कारण नाहन में ज्यादातर पानी ढलान की ओर बह गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। इसके बावजूद, शहर के आसपास के धार क्यारी, कोठरी, सैनवाला और तालों जैसे क्षेत्रों से बहने वाले छोटे नाले उफान पर रहे। कई जगहों पर वाहन चालकों को रुकना पड़ा। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**कैंप** रोटरी क्लब और आयुष विभाग ने मलगांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# 50 से अधिक स्टूडेंट्स का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, नाहन

**राजकीय** उच्च विद्यालय मलगांव में आयुष विभाग नाहन और रोटरी क्लब नाहन के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा जांच एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आयुष विभाग की ओर से डॉ. ममता जैन, डॉ. अंजली सपरा और सतीश कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें आयुर्वेद तथा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, दांत, नाक, कान और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांचें शामिल थीं।

आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने बच्चों को उनकी दिनचर्या के अनुसार सही खान–पान और जीवनशैली के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर के दूसरे चरण में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक संजू ने एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय समिति के सदस्यों ने भाग लिया।


मलगांव स्कूल में जांच और योग शिविर के दौरान सम्मानित बच्चे व अन्य।

### तनाव से मुक्ति और ध्यान लगाने की विधियां सिखाईं

**योग** प्रशिक्षक संजू ने तनाव से मुक्ति, एकाग्रता बढ़ाने और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभिन्न योगासन और ध्यान लगाने की विधियां सिखाईं। रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालू परमार ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रोफेसर अमय सिंह परमार और श्यामा परमार ने विद्यालय के लिए 11,000 रुपए की राशि दान की। अंत में शिविर में मौजूद सभी लोगों के लिए एक सामुदायिक भोज का भी आयोजन किया गया।

## युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे फोक मीडिया विशेष प्रचार अभियान के तहत विकास खंड पांवटा साहिब के कांडोकांसर पंचायत के गांव कोटली बागना व कोलर पंचायत में विभागीय अनुमोदित दल सरस्वती कला मंच के कलाकारों ने गीत–संगीत के माध्यम से लोगों को अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ–साथ प्रदेश सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। लोगों को बताया कि प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेटी के विवाह पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 51 हजार तथा मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए 31 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। अल्पसंख्यक समुदायों के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्गों को स्वर्ण जयंती आश्रय योजना से गृह निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की सहायता भी दी जाती है। नाटक के माध्यम से युवाओं से नशे सक दूर रहने व सिरमौर को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया।

**कांडोकांसर व कोटली में कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

# सतौन बस स्टैंड चौराहे पर बनाया जाए चौक

## चौराहे पर हर दिन बनी रहती जाम की स्थिति, लोगों को हर समय रहता हादसे का डर


लोगों ने प्रशासन से की सतौन बस स्टैंड चौराहे पर जल्द चौक का निर्माण करने की मांग।

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** गिरिपार क्षेत्र के सबसे बड़े सतौन कस्बे के सबसे व्यस्त बस स्टैंड चौराहे पर आए दिन ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था बनी रहती है। यहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं और चारों दिशाओं से आने–जाने वाले वाहनों के कारण यह चौराहा हमेशा खतरे की स्थिति में रहता है।

सतौन बस स्टैंड के व्यापारी इंद्र राणा कल्याण सिंह, चतर सिंह, बाबू राम, खतरी राम, बारु राम आदि ने बताया कि इस चौराहे पर पहले भी कई बार छोटे–बड़े हादसे हो चुके हैं। पैदल चलने वालों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सड़क पार करने में काफी कठिनाई होती है। वाहन चालकों को भी अचानक सामने से निकलने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों से टकराने का डर हमेशा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यदि यहां चौक (राउंड अबाउट) का निर्माण कर दिया जाए तो न केवल ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु होगी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक कम हो जाएगी। इससे वाहन धीमी गति से निकलेंगे और पैदल यात्री भी सुरक्षित तरीके से सड़क पार कर पाएंगे। व्यापार मंडल सतौन ने भी इस मांग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि भीड़भाड़ के समय ट्रैफिक जाम से दुकानदारी प्रभावित होती है और ग्राहक परेशान होकर खरीददारी करने से कतराते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सतौन बस स्टैंड चौराहे पर शीघ्र ही चौक का निर्माण करवाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात की सुविधा मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, जींद।** गांव ईक्कस के निकट वीरवार को कार की टक्कर से इलेक्ट्रोनिक स्कूटी सवार आईटीआई कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव ईक्कस निवासी जयभगवान (50) सरकारी आईटीआई में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के पद डयूटिरत था। वीरवार सुबह वह डयूटी कर इलेक्ट्रिक स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। गांव के सरकारी स्कूल के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें जयभगवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जयभगवान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जैक फेंट की भारत दौड़ का मोहाली पहुंचने पर स्वागत



**अनंत ज्ञान, मोहाली।** ब्रिटिश अल्ट्रा-धावक जैक फेंट, जो मस्तिष्क ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी अद्भुत साहस और दृढ़ता दिखा रहे हैं, का मोहाली में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे भारत की संपूर्ण लंबाई 4,000 किलोमीटर से अधिक दूरी को मात्र 80 दिनों में तय करने के अपने असाधारण मिशन के तहत यहां पहुंचे। उनकी यह यात्रा कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से संघर्ष कर रहे लाखों लोगों के लिए धैर्य, आशा और प्रेरणा का सशक्त प्रतीक बन गई है। कई भारतीय राज्यों को पार करने के बाद पंजाब में जैक का आगमन उनके अभियान का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। उनका मिशन पंजाब के नशा-मुक्त समाज (नशा मुक्ति) और कैंसर जागरूकता अभियानों के साथ जुड़ा है। पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-69, मोहाली, जो छात्रों में स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध है, ने जैक का स्वागत कर उनके संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित करने का संकल्प लिया।

### 36 घंटे से लापता मासूम की साइकिल ड्रेन में मिली

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** बहादुरगढ़ शहर के लाइनपार क्षेत्र के अशोक नगर से 36 घंटे पहले लापता हुए 11 वर्षीय आनंद का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर बाइपास के निकट ड्रेन में उसकी साइकिल तो मिल गई, लेकिन बच्चे का अभी तक कोई पता नहीं है। उसके डूबने की पूरी आशंका जताई जा रही है। दो दिन से स्थानीय निवासियों के अलावा लाइनपार थाना पुलिस ने एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम के साथ दिनभर सर्च अभियान चलाया। नाव की मदद से भी उसकी तलाश की जा रही है। दरअसल, बुधवार की सुबह उतरी बाइपास के पास बनाए जा रहे बॉक्स के नजदीक बच्चा साइकिल समेत ड्रेन में गिर गया था। उसकी साइकिल तो मिल गई, लेकिन ड्रेन में पानी करीब 10 फीट तक होने के कारण अभी बच्चे का सुराग नहीं लगा है। सुबह से शाम तक एसडीआरएफ ने नाहरा नाहरी मार्ग से लेकर छोटूराम नगर और रोहतक-दिल्ली रोड तक बच्चे को तलाश किया, लेकिन अभी उसका पता नहीं चला है।

### गुरुग्राम में मेट्रो की सभी परियोजनाओं को तेज करें : राव

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन व योजना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने वीरवार को गुरुग्राम के विकास की परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मेट्रो विस्तार व राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से कनेक्टिविटी के नए लिंक तथा दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी आरआरटीएस (नमो भारत कॉरिडोर) को धरातल पर जल्द साकार करने की सभी आवश्यक प्रक्रिया तेज की जाए। राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में मेट्रो के विस्तार को लेकर जारी कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

# टीबी जैसी भयंकर बीमारी का इलाज संभव : टंडन

## मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 10 निशुल्क प्रोटीन किटें बांटीं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देश में टीबी जैसी भयंकर बीमारी को जड़ से उखाड़ कर समाप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वपन को पूरा करने के लिए देश भर में टीबी मुक्त भारत अभियान युद्दस्तर पर चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में वीरवार को चंडीगढ़ में सेक्टर 37 स्थित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के मेडिकल प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक प्रिंस बंधूला द्वारा टीबी के मरीजों को निशुल्क प्रोटीन युक्त किट को वितरित करने का कार्यक्रम किया गया।





चंडीगढ़ में सेक्टर 37 स्थित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में प्रिंस बंधूला द्वारा टीबी के मरीजों को निशुल्क प्रोटीन युक्त किटें वितरित की गईं।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष रूप में भाग लिया। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मेयर रविकांत शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र पठानिया, व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व सह संयोजक संजीव ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, मंडल अध्यक्ष योगेश कुमावत, यशपाल यादव, पूजा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए प्रिन्स बंधूला ने बताया कि आज आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विकास गुप्ता ने 10 प्रोटीन युक्त किट को दान किया और संजय टंडन ने अपने करकमलों द्वारा इसको बांटा।

इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर समाज के उत्थान के लिए चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम को डिस्पेंसरी के प्रांगण में आए हुए मरीजों को आयुर्वेद के पेड़ों को भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने प्रिंस बंधूला और उनकी समस्त टीम को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि आए दिन टीबी के मरीजों की संख्या देश में बढ़ती जा रही है, जो कि एक चिंता का विषय है और इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टी बी मुक्त भारत के स्वपन को पूरा करने में सहयोग करना होगा ताकि हम उनको जन्मदिवस का ये उपहार दे सकें।

इसके लिए हम सभी को एकसाथ लग कर टीबी के मरीजों की पहचान कर उनको समझाना होगा कि टीबी का इलाज संभव है। मरीजों को इसका उपचार करवाना चाहिए और प्रोटीन युक्त डाइट लेकर इसको हराना होगा।

## स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए किए कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पोषण माह 2025 और सेवा पखवाड़ा के तहत चंडीगढ़ में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डेराबस्सी में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) गतिविधि सामुदायिक सहभागिता के साथ आयोजित की गई तथा ABHA ID पंजीकरण अभियान चलाया गया, जिससे स्वास्थ्य रिकॉर्ड मजबूत हों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित हो सके।

मालोया में लो-कॉस्ट रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और अभिभावकों को स्थानीय सामग्री से पौष्टिक, नवीन और किफायती व्यंजन बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस पहल ने घर-परिवार में स्वस्थ और टिकाऊ आहार की आदतों को बढ़ावा दिया।

बेहलाना में मोटापे पर स्वास्थ्य व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सक ने प्रतिभागियों को मोटापे के जोखिम, बचाव के उपाय और बेहतर स्वास्थ्य के लिए जीवनशैली में सुधार पर जागरूक किया। इसी क्रम में, योग को घर-घर तक पहुंचाने, मोटे अनाज (मिलेट्स) के सेवन को प्रोत्साहित करने, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, टीकाकरण, विवाह की सही आयु, फूड फोर्टिफिकेशन एवं सूक्ष्म पोषक तत्व, गर्भावस्था में आहार, प्रसवपूर्व जांच, हाथ धोने के प्रदर्शन, आयरन-फोलिक एसिड (IFA) टैबलेट वितरण तथा योग सत्र जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।



पोषण माह 2025 और सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## प्रधानमंत्री मोदी के संघर्षपूर्ण बचपन की झलक दिखाती डॉक्यूमेंट्री ने सबको किया भावुक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा आज कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ सेंट्रल मॉल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन और जीवन यात्रा पर आधारित प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का अवलोकन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उपस्थित रहे। करीब 40 मिनट की इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके बाल्यकाल के अनुभवों, परिवार की आर्थिक कठिनाइयों, और जीवन मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

फिल्म में उनके चाय बेचने से लेकर राष्ट्र के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की यात्रा को रोचक व प्रेरक दृश्यों के माध्यम से दिखाया गया। फिल्म के प्रदर्शन के बाद उपस्थित दर्शकों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक और भावनात्मक बताया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आती है कि कड़ी मेहनत, ईमानदारी और देशभक्ति के साथ कोई भी व्यक्ति बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है।

**युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक संदेश : मल्होत्रा**

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन हर भारतवासी, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस डॉक्यूमेंट्री को अपने परिवार और बच्चों के साथ अवश्य देखें, ताकि वे नरेंद्र मोदी के जीवन मूल्यों और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह फिल्म न केवल एक नेता की कहानी है, बल्कि एक साधारण भारतीय की असाधारण यात्रा का प्रमाण है, जो हर भारतीय को गर्व से भर देती है।

## लिवर ट्रांसप्लांट, नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने मेडिसिटी हॉस्पिटल और जीवन ज्योति हॉस्पिटल, सिरसा के साथ साझेदारी में अपने लिवर ट्रांसप्लांट और नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन कंसलटेंट लिवर ट्रांसप्लांट डॉ. कक्षान सिंह और एसोसिएट कंसलटेंट नेफ्रोलॉजी डॉ. महक, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली की उपस्थिति में किया गया।



डॉ. कक्षान सिंह हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह 11 से 1 बजे तक मेडिसिटी हॉस्पिटल, सिरसा में ओपीडी के लिए उपलब्ध रहेंगे, जबकि डॉ. महक हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह 11 से 2 बजे तक जीवन ज्योति हॉस्पिटल, सिरसा में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी सेवाओं के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए डॉ. कक्षान सिंह ने कहा कि समय पर निदान और प्रारंभिक प्रबंधन लिवर की बीमारी के मरीजों के लिए परिणामों में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। चेतावनी संकेतों को जल्दी पहचानना और निवारक उपायों को अपनाना जीवन रक्षा और गुणवत्ता में काफी सुधार करता है।

हमें खुशी है कि हम मैक्स अस्पताल, मोहाली की विश्वसनीय विशेषज्ञता को लिवर देखभाल और ट्रांसप्लांट सेवाओं को सिरसा के लोगों के करीब लाने में सक्षम हैं। अब सिरसा और उसके आसपास के लोगों को प्राइमरी परामर्श या फॉलो अप के लिए मेट्रो शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। डॉ. महक ने कहा कि किडनी की बीमारियां अक्सर उन्नत चरणों तक पहुंचने तक डाइअग्नोस नहीं हो पाती हैं। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा लक्ष्य किडनी से संबंधित विकारों जैसे कि पुरानी किडनी की बीमारी, किडनी की पथरी व कैंसर, या एक्यूट किडनी की चोट के लिए निवारक देखभाल, प्रारंभिक निदान, और विशेष उपचार प्रदान करना है, जो मरीजों के घरों के करीब उपलब्ध हो।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने, अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने और विभिन्न क्षेत्रों में मरीजों का वेलफेयर सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली की स्वास्थ्य देखभाल के दायरे को बढ़ाने और समुदायों को उत्कृष्टता के साथ सेवा देने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## देश-विदेश

# पाक आर्मी चीफ ने सैनिकों को आतंकियों के जनाजे में भेजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सैन्य अधिकारियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का आदेश दिया था। यह खुलासा आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है।

**जैश कमांडर बोला-जवानों ने वर्दी में दी अंतिम सलामी**

कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि जनरल हेडक्वार्टर ने शहीदों का सम्मानित करने और अंतिम सलामी देने का आदेश दिया है। कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया।

कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी। इसमें सैनिक मारे गए आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल दिखाई दिए थे। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। मसूद इलियास कश्मीरी ने अपने बयान में यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और बहावलपुर के आतंकी कैंपों के बीच के संबंधों को छिपाने की पूरी कोशिश की। यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करता रहा है कि उसके देश में कोई आतंकी कैंप नहीं चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## फिर गाजा छोड़ने को मजबूर हुए फिलस्तीनी परिवार

**एजेंसी, खान यूनिस।** नेमान अबू जराद और उनके परिवार के सदस्यों पर थकान, निराशा और गुस्सा हावी होता जा रहा है। और हो भी क्यों न, गाजा पट्टी में हिंसा के चलते उन्हें 11वीं बार अपना बसा-बसाया घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर जो होना पड़ा है। नेमान कहते हैं कि हम फिर से यातना के दौर में लौट गए हैं। हम बार-बार विस्थापित नहीं हो रहे हैं, हम घुट-घुटकर मर रहे हैं। इजराइल की बढ़ती बमबारी और जमीनी कार्रवाई शुरू करने की तैयारियों के बीच नेमान का परिवार पिछले हफ्ते अपनी कीमती वस्तुएं लेकर गाजा शहर से दक्षिण में खान यूनिस चला गया। खान यूनिस में परिवार एक बंजर भूमि पर तंबू लगाकर रहने लगा है। हालांकि, परिवार को पता नहीं है कि आने वाले दिनों में उसे खाना-पानी नसीब हो पाएगा भी या नहीं। (अनंत ज्ञान)

# सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता मिलकर देंगे हमले का जवाब

**एजेंसी, रियाद**

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।



सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक ज्वॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। समझौते के वक्त पाकिस्तानी सेना प्रमुख भी मौजूद थे।

**दावा- एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल**

**भारत बोला-पहले से ही थी जानकारी**

सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसके पहले से जानकारी थी। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में गोलीबारी, 3 पुलिस कर्मियों की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया के कोडोरस टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में स्टेट पुलिस कमिश्नर क्रिस्टोफर पेरिस के हवाले से बताया गया कि बुधवार दोपहर (अमेरिकी समयानुसार) हुई इस घटना के दौरान हमलावर भी मारा गया। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा, 'ये एक जांच की निगरानी के लिए वहां मौजूद थे।' उन्होंने जांच की प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। यह मुठभेड़ नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप इलाके में हुई। गवर्नर जोश शापिरो ने बताया कि पुलिस अधिकारी एक घरेलू मामले की जांच का जवाब दे रहे थे, तभी फायरिंग शुरू हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि दो घायल अधिकारियों की हालत गंभीर है। अस्पताल में उनका इलाज जारी है, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। शापिरो ने राज्य की ओर से संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, 'हम तीन शानदार अधिकारियों के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस काउंटी और इस देश की सेवा की।' (अनंत ज्ञान)

### केरल : सबरीमला मंदिर से पौने 7 करोड़ का सोना चोरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने सबरीमला अय्यप्पन मंदिर में स्थित द्वारपालक की मूर्तियों से गायब हुए सोने का पता लगाने के लिए विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया और करीब 4.54 किलोग्राम सोने का पता न चलने पर चिंता जताई है। बताया जा रहा है कि साल 2019 में जब मूर्तियों की प्लेटिंग दोबारा की गई थी, उसी समय से यह सोना गायब है। बताया जा रहा है कि इस सोने की कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और केवी जयकुमार की बेंच का ध्यान इस तरफ गया कि द्वारपाल की मूर्तियों की शोभा बढ़ाने वाली सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटों को जब साल 2019 में नए सिरे से सोने की प्लेटिंग के लिए निकाला गया था तो उस समय उनका वजन 42.8 किलोग्राम था, लेकिन जब इन्हें इस काम के लिए चेन्नई की एक फर्म के सामने पेश किया गया तो उनका वजन कम हो गया था और यह 38.258 किलोग्राम पर आ गया था। (अनंत ज्ञान)

### सोना 600 रुपए गिरा, चांदी 300 रुपए चढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कारोबारी मांग में कमी आने के कारण दिल्ली में वीरवार को सोने का भाव 600 रुपए घटकर 1,13,200 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 500 रुपए घटकर 1,12,800 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,13,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, बुधवार की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में भी सुधार आया और यह 300 रुपए बढ़कर 1,31,500 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,670 रुपए गिरकर 1,31,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई थी। (अनंत ज्ञान)

### लीबिया तट के पास डूबी नौका, 50 की मौत

**एजेंसी, काहिरा।** सूडान के शरणार्थियों को ले जा रही एक नाव रविवार को लीबिया के तट पर आग लगने के कारण डूब गई, जिससे कम से कम 50 लोगों मारे गए। अंतराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने यह जानकारी दी। आईओएम ने वीरवार को बताया कि नाव पूर्वी लीबिया में तोब्रुक तट से लगभग 60 किलोमीटर दूर डूब गई। यह नाव चूनान जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

# बिग बॉस-19 में भिड़े अभिषेक और आवेज, कैप्टेंसी टास्क पर गरमाया माहौल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिग बॉस-19 के हालिया एपिसोड में कई बदलाव देखने को मिले। कहीं दोस्ती बदली तो कहीं कैप्टन बनने के लिए लोगों ने नया अवतार लिया। अभिषेक और आवेज ने दोस्त को साइड रखकर फेयर टास्क खेला।

बिग बॉस-19 में कैप्टेंसी टास्क के दौरान दो अच्छे दोस्त अभिषेक बजाज और आवेज दरबार आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि हाथापाई की नौबत आ गई। रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन का थीम 'घरवालों की सरकार' है। इसी वजह से घर के अंदर दिलचस्प राजनीति और रणनीतियां देखने को मिल रही हैं। हर कोई कैप्टन बनने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। चार हफ्ते गुजर चुके हैं औरबिग बॉस के घर में अब मुकाबला पहले से ज्यादा कड़ा हो गया है। बहस, झगड़े और टास्क में आने वाले ट्विस्ट शो को और भी मजेदार बना रहे हैं।

कलर्स टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पर शो का नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें कैप्टेंसी टास्क के दौरान अभिषेक बजाज और आवेज दरबार लड़ते दिखे। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। (अनंत ज्ञान)

## हिंडनबर्ग केस में अडानी को सेबी की क्लीनचिट

**एजेंसी, मुंबई।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने वीरवार को हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए अडानी ग्रुप को क्लीन चिट दे दी है। अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी ने गौतम अडानी और उनकी कंपनियों पर शेयर बाजार में हेरफेर के आरोप लगाए थे। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडानी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे कई आरोप लगाए गए थे। इससे 25 जनवरी तक ग्रुप के शेयरों की मार्केट वैल्यू करीब 12 बिलियन डॉलर (एक लाख करोड़ रुपए) कम हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप ने एंटीफा को प्रमुख आतंकवादी संगठन किया घोषित

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार को एंटीफा को एक 'प्रमुख आतंकवादी संगठन' घोषित किया। यह घोषणा उनके करीबी सहयोगी और दक्षिणपंथी राजनीतिक कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के कुछ दिनों बाद की गई। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप ने एंटीफा को फंड करने वालों को कड़े कानूनों के तहत कार्रवाई की धमकी दी।

ट्रंप ने लिखा, 'मुझे अपने सभी अमेरिकी देशभक्तों को यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि मैं एंटीफा को एक बीमार, खतरनाक, कट्टरपंथी वामपंथी आपदा मानता हूं और इसे एक प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि एंटीफा को फंड करने वालों की हाई लेवल जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**एंटीफा ?**

एंटीफा एक असंगठित वामपंथी विचारधारा है, जो फासीवाद, नस्लवाद और दक्षिणपंथी चरमपंथ का विरोध करती है। इसका नाम 'एंटी-फासिस्ट' से बना है। एंटीफा के सदस्य अक्सर विरोध प्रदर्शन, प्रतिरोध और नागरिक अवज्ञा के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हैं। यह कोई औपचारिक संगठन नहीं है।

# सेंसेक्स 450 अंक तक उछला निफ्टी भी 25,400 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



भारतीय शेयर बाजारों में वीरवार 18 सितंबर को लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ कारोबार होता दिखा। कारोबार के दौरान सेंसेक्स करीब 450 अंक तक उछल गया। हालांकि, बाद में इसमें थोड़ी मुनाफावसूली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 320.25 अंक या 0.39 प्रतिशत बढ़कर 83,013.96 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 93.35 अंक या 0.37 प्रतिशत चढ़कर 25,423.60 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले 15 कारोबार दिन में निफ्टी 1,000 अंकों से अधिक की उड़ान भर चुका है। आज के कारोबार के दौरान सबसे अधिक तेजी आईटी और फार्मा शेयरों में देखने को मिली। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल बंगला: मनमर्जी से नहीं हो सकता आवास का आवंटन : दिल्ली उच्च न्यायालय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर वीरवार को कहा कि आवास का आवंटन पूरी तरह से अधिकारियों की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकता। 'आप' की याचिका में केंद्र को दिल्ली में केजरीवाल को आवास आवंटित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव और संपदा





निदेशालय के निदेशक को 25 सितंबर को इस मामले में ऑनलाइन तरीके से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने पूछा, ''क्या इसके लिए कोई प्रक्रिया है? मैं देखना चाहता हूं कि अतीत में इस प्रक्रिया को कैसे लागू किया गया है। प्राथमिकता को कैसे ध्यान में रखा जाता है, आवंटन का क्रम क्या है? मान लीजिए बंगलों की संख्या सीमित है, तो आप कैसे निर्णय लेंगे?''

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, ''एक पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए और यह पूरी तरह से आपकी मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकती। जब तक एक स्पष्ट नीति है। मैं जानना चाहता हूं कि प्राथमिकता का आकलन किस तरह किया जाता है। मैं इस मुद्दे से चिंतित हूं कि बंगलों के आवंटन में विवेकाधिकार का इस्तेमाल किस तरह किया जाता है।'' (अनंत ज्ञान)

# अगर 'विपक्षी' गठबंधन सत्ता में आया तो बड़े पैमाने पर होगी घुसपैठ : शाह

**एजेंसी, डेहरी-ऑन-सोन (बिहार)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे विपक्षी इंडिया गठबंधन के वोट चोरी के 'झूठे विमर्श' का जवाब दें और लोगों को सावधान करें कि यदि यह गठबंधन सत्ता में आया तो राज्य में घुसपैठ तेजी से बढ़ेगी।

पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले बिहार की राजधानी से लगभग 150 किलोमीटर दूर यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस, राजद और वामपंथी गठबंधन पर निशाना साधा। शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के आगामी चुनावों में न केवल साधारण जीत बल्कि दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य रखें। राहुल गांधी की हाल ही में समाप्त हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' का जिक्र करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 'बांग्लादेश के घुसपैठियों को रक्षा करना था।' (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### लॉस एंजिलिस में जीत सकते हैं तीरंदाजी का पहला ओलंपिक पदक, ज्योति और ऋषभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे भारतीय मिश्रित टीम तीरंदाजों ऋषभ यादव और अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम को यकीन है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदार्पण कर रही कंपाउंड मिश्रित तीरंदाजी स्पर्धा के जरिए इस खेल में वह भारत को पहला ओलंपिक पदक दिला सकते हैं। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में पहली बार कंपाउंड तीरंदाजी मिश्रित स्पर्धा को शामिल किया गया है । ज्योति और ऋषभ वर्ष 2025 में शानदार प्रदर्शन के कारण इस समय दुनिया की नंबर एक मिश्रित कंपाउंड टीम है । उन्होंने अप्रैल में अमेरिका में तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता और जुलाई में स्पेन के मैड्रिड में चौथे चरण में कुल 1431 स्कोर करके विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया । उन्होंने डेनमार्क के तंजा जेलेंथियेन और मथियास फुलेर्टन का 1429 अंकों का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023 यूरोपीय खेलों में बनाया था। ऋषभ ने ओलंपिक में पदक की संभावना के बारे में भाषा से खास बातचीत में कहा ,''इस साल मिश्रित टीम में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है । मिश्रित टीम रैंकिंग में नंबर एक होने के साथ व्यक्तिगत रैंकिंग में गुरूग्राम के 23 वर्ष के ऋषभ पांचवें नंबर और आंध्रप्रदेश की 29 वर्ष की ज्योति तीसरे नंबर पर है । सातवीं विश्व चैम्पियनशिप खेलकर नौवां पदक जीतने वाली ज्योति ने कहा ,'' मैं ऋषभ को बहुत साल से जानती हूं और 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में उसके साथ रजत पदक जीता था । हमारा आपसी तालमेल अच्छा है ।(अनंत ज्ञान)

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज टी20 टीम में पांच नए चेहरे, अकील होंगे कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने नेपाल के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। नियमित कप्तान शाई होप सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। टीम की कमान पहली बार लेफ्ट-आर्म स्पिनर अकील होसैन को सौंपी गई है। टीम में शामिल पांच नए खिलाड़ी, टॉप ऑर्डर बल्लेबाज़ अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, लेग स्पिनर ज़िशान मोटारा, लेफ्ट-आर्म तेज़ गेंदबाज़ रैमॉन सिमंड्स और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ अमीर जंगू हैं। इनके अलावा बल्लेबाज़ करीमा गोर को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अमेरिका के लिए आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के लिए अब तक पदार्पण नहीं किया है। करीमा गोर ने चल रही कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइज़ी एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स के लिए 11 मैचों में 219 रन बनाए और चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अनुभवी खिलाड़ियों में फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स भी टीम का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में वेस्टइंडीज 'ए' टीम नेपाल दौरे पर गई थी, जहां मेज़बानों ने सीरीज़ हारने के बावजूद दो मैचों में जीत दर्ज की थी। सीरीज़ का पहला टी20 मैच 27 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच 29 और 30 सितंबर को शारजाह में होंगे। वेस्टइंडीज टीम में अकील होसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्टे, नवीन बिदाईसी, जेडियाह ब्लेड्स, केसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जंगू, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, ज़िशान मोटारा, रैमॉन सिमंड्स और शमार स्प्रिंगर। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत हॉकी खिलाड़ी डेनिएल ग्रेगा

डेनिएल ग्रेगा एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 में अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम में नामित किया गया था। वह अपने पदार्पण के बाद से राष्ट्रीय टीम में लगातार उपस्थिति रही हैं, और पैन अमेरिकन गेम्स और एफआईएच प्रो लीग जैसे आयोजनों में भाग ले रही हैं।



### कैच के लिए कोच दिलीप का मंत्र, एक पल के लिए भी गेंद से नजर न हटाएं

**एजेंसी, दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है। दुनिया भर के क्रिकेट स्टेडियमों में पारंपरिक रूप से खंभों पर लगाई जाने वाली लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है। दिलीप ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''दुबई स्टेडियम में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों में से एक यह है कि रोशनी थोड़ी अलग होती है। यह आग के वृत्त (रिंग ऑफ़ फायर) की तरह होती है जो मूल रूप से गुंबद में होती है न कि खंभों पर, जैसा कि हम आमतौर पर देखते हैं। '' दिलीप ने कहा, ''इस तरह की परिस्थितियों में सबसे बड़ी चुनौती सीमा रेखा पर कैच लेने की होती है। ऐसे में आपको एक पल के लिए भी गेंद से नजर नहीं हटानी होती है। खिलाड़ी उस विशेष क्षण में किस तरह सक्रिय होते हैं और वे उस विशेष गेंद पर किस तरह प्रतिक्रिया देते हैं।''हैदराबाद का रहने वाला यह कोच उस समय से भारतीय टीम से जुड़ा हुआ है जब राहुल द्रविड़ मुख्य कोच थे। उन्होंने कहा, ''हमें जीवन भर सिखाया गया है कि हमेशा गेंद पर नज़र रखो। जैसे ही आप एक पल के लिए भी गेंद नहीं देख पाते तो आप घबरा जाते हैं। इसलिए, अभ्यास सत्रों में हम अलग-अलग तरीके से अभ्यास करने की कोशिश करते हैं।(अनंत ज्ञान)

**एशिया कप** | भारत बनाम ओमान का मुकाबला आज

# बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

**एजेंसी, दुबई**

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबूधाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी।

भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे।

अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है।



मैच रात 8:00 बजे होगा शुरू ।

पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज़ 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया। हम्माद मिर्जा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज रहे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा। टीम प्रबंधन इस मैच में वरुण और कुलदीप में से किसी एक को विश्राम देकर हर्षित राणा को भी मौका दे सकता है।

इस मैच में सूर्यकुमार अपने बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। भारत के लिए एकमात्र अनजान पहलू शेख़ जायेद स्टेडियम का विकेट होगा, जहां वह इस टूर्नामेंट का अपना एकमात्र मैच खेलेगा। दरअसल भारतीय टीम अभ्यास के लिए भी अबु धाबी नहीं जा रही है क्योंकि वहां पहुंचने में बस से दो घंटे लगते हैं। ओमान के लिए यह बड़ा मैच होगा और उसके खिलाड़ी इसमें अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। (अनंत ज्ञान)

#### संभावित टीमें

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**ओमान :** जतिंद्र सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

## श्रीलंकाई गेंदबाजों ने तोड़ी अफगानिस्तान की कमर



**एजेंसी, अबू धाबी**

एशिया कप का 11वां मैच श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी जो सके लिए फायदेमंद साबित नहीं हुई। श्रीलंका के गेंदबाज शुरू से अफगानिस्तान पर हावी रहे। खासकर नुवान थुषारा की धारदार और घातक गेंदबाजी को अफगानिस्तान के बल्लेबाज समझ नहीं पाए और एक के बार एक उसके तीन टॉप खिलाड़ी जल्द ही पैवेलियन लौट गए। बड़ी बात यह रही कि उन तीनों खिलाड़ियों को नुवान थुषारा ने ही आउट किया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 14 रन बनाए उन्हें थुषारा ने परेरा के हाथों कैच करवाया। सेदिकुल्लाह अटल 18, करीम जनत एक रन बनाकर आउट हुए। समाचार लिखे जाने तक अफगानिस्तान की टीम ने 10 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 64 रन बना लिए थे। (अनंत ज्ञान)

## पीएसजी की **बड़ी जीत**, लिवरपूल और बायर्न भी जीते

**एजेंसी, लंदन**

गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, ''ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे।''



लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की।

बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए। (अनंत ज्ञान)

## सिंधू और सात्विक-चिराग चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, शेनझेन ( चीन )**

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा।



खिलाड़ी ने कहा, ''मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद ज़रूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। मैंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।''

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरुआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

## यूएई टीम में हम सभी एक परिवार हैं: कप्तान मुहम्मद वसीम

**एजेंसी, दुबई**

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं। सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय जबकि दूसरी तरफ मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं।

भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था जिससे विवाद पैदा हो गया था लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''नहीं, हम उस (भारत-पाक तनाव) बारे में बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम साथ में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम यहां एक परिवार की तरह हैं। यहां कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं है। हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं। हम एक परिवार की तरह खेलते हैं और एक परिवार की तरह रहते है।'' मौजूदा टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के रिश्तो में खटास तब बढ़ गई जब रविवार को मैच में टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया।

इसके बाद मैच समाप्त होने पर भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाए। इससे पाकिस्तान तिलमिला गया था और उसने टूर्नामेंट से हटने तक की धमकी दे डाली थी। पाकिस्तान की टीम बुधवार को यूएई के खिलाफ मैच खेलने के लिए देर से स्टेडियम पहुंची थी। पाकिस्तान के कारण हुई देरी के बाद वसीम की टीम वॉकओवर की अपील कर सकती थी, क्योंकि मेजबान टीम निर्धारित समय से दो घंटे पहले स्टेडियम में पहुंच गई थी। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप जीतना अफगानिस्तान के लिए होगी राहत की बात : गुलबदीन

**एजेंसी, दुबई ।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी गुलबदीन नायब ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम हाल में आए भूकंप से हुई तबाही से जूझ रहे देश में खुशी लाने के लिए एशिया कप जीतना चाहती है। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नर्गल जिले में 31 अगस्त को आए भूकंप में 2000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

नायब ने कहा, ''अफगानिस्तान में भूकंप से जो हालात बने। जिसमें कई लोगों की जान चली गई। उसे याद करके काफी दुख होता है। यह बहुत मुश्किल दौर है। वहां सुविधाओं का अभाव है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन फिर भी, अगर हम यह टूर्नामेंट जीत गए तो यह हमारे लिए, हमारे लोगों के लिए बहुत खुशी का मौका होगा। हम उन्हें कुछ खुशी दे सकते हैं।''

अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात में काफी क्रिकेट खेली है और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है। नायब ने कहा, ''यहां काफी गर्मी है लेकिन हमने यहां काफी क्रिकेट खेली है और हम इन परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानते हैं इसलिए हमें किसी तरह की परेशानी नहीं है। यूएई हमारे लिए दूसरे घर जैसा है। '' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि टी-20 क्रिकेट में कोई भी टीम प्रबल दावेदार होने का दावा नहीं कर सकती, क्योंकि यह सबसे छोटा प्रारूप अप्रत्याशित है।

उन्होंने कहा, '' टी-20 क्रिकेट में कोई भी टीम प्रबल दावेदार नहीं होती। यह दिन और आप कैसे खेलते हैं, इस पर निर्भर करता है। अगर दिन आपके पक्ष में है, तो आप किसी भी टीम को हरा सकते हैं।''(अनंत ज्ञान)

## 40सेमी से मेडल चूके सचिन यादव

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप

### 86.27 मीटर के साथ चौथे नंबर पर यादव

**एजेंसी, टोक्यो**

40 सेंटीमीटर से मेडल चूके भारत के सचिन यादव चौथे नंबर पर रहे, नीरज चोपड़ा भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत सके टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए।(अनंत ज्ञान)



### नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर



**डिफेंडिंग** चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे।

### त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट ने जीता गोल्ड

**त्रिनिदाद** एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**एशिया कप** | सुपर-4 की दो टीमें फाइनल में, ओमान और यूएई बाहर

# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

**एजेंसी, दुबई**

एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसके साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच था। (अनंत ज्ञान)



### ग्रुप-ए से ओमान और यूएई बाहर

**भारत** और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और यूएई टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूएई 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितंबर को भारत के खिलाफ होगा। ग्रुप-बी में रोमांचक हुई स्थिति ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है।

### भारत-पाकिस्तान मैच फिर एक बार क्यों?

**पाकिस्तान** ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है। टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल ने सुपर-4 स्टेज का शेड्यूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ए1 और ए2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेड्यूल के मुताबिक, ए1 और ए2 के बीच 21 सितंबर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

### इंडिया ने आसानी से जीत लिया था ग्रुप स्टेज का मैच

**भारत** और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन आईसीसी ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी।

## मंधाना के साथ स्वाभाविक समझ है प्रयास करने की जरूरत नहीं : प्रतीका

**एजेंसी, मुल्लांपुर ( चंडीगढ़ )**

शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं।

दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है।

प्रतीका ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में मंधाना के साथ शतकीय साझेदारी की और दूसरे मैच में भी इस स्टार क्रिकेटर के साथ पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े थे। भारत ने यह मैच

**स्मृति अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में एक**

रिकॉर्ड 102 रन से जीता। भारतीय टीम में जगह बनाने के बाद से छह अर्धशतक और एक शतक जड़ने वाली इस 25 वर्षीय क्रिकेटर ने जियो हॉटस्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि यह (समझ) काफी आसान और स्वाभाविक है। हमें पारी के बीच में ज्यादा बात नहीं करनी पड़ती। वह वही करती है जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ है और मैं वही करती हूं जिसमें मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। हमारे बीच एक समझ है जो स्वाभाविक लगती है, बनावटी नही।''

उन्होंने कहा,''मैदान के बाहर भी, वह (मंधाना) अंतर्मुखी हैं और मैं भी, इसलिए हमें एक दूसरे को समझने के लिए अतिरिक्त प्रयास नहीं करने पड़ते हैं। हम पहले से ही एक दूसरे को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। (अनंत ज्ञान)